CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 02-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 3 Page: NBTMAHFP User: cci Time: 01-01-2026 23:43 Color:

नई दिल्ली > शुक्रवार, 2 जनवरी 2026 > पौष 12 शक संवत 1947 पौष शुक्ल चतुर्दशी, विक्रम संवत 2082

WATCH GOD WATCHDOG

वर्ष 80, संख्या 2 > 18* > मूल्य ₹5.00 या ₹10.00* द टाइम्स ऑफ इंडिया सहित
*वार्षिक खरीद पर ही लागू

www.nbt.in


# NBT नवभारत टाइम्स

एनबीटी में विज्ञापन देने के लिए 18001205474 पर कॉल करें। नवभारत टाइम्स का अंक प्राप्त करने के लिए 18001200004 पर कॉल करें या subscribe.timesofindia.com पर जाएं।



ओलिंपिक्स में डबल डिजिट बनेगा हकीकत: पीटी उषा
p13

PM ने तिरुवनंतपुरम के नए- मेयर को बधाई दी
p11



वनडे फॉर्मेट के भविष्य को लेकर आर. अश्विन ने जताई चिंता पेज 13



करीब 100 दिन से प्रदर्शन, तेजपुर यूनिवर्सिटी के VC लीव पर भेजे गए पेज 9



TMC स्थापना दिवस पर ममता बोली, दुष्ट ताकतों के आगे नहीं झुकेंगे पेज 11

# पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन का न्यू ईयर गिफ्ट

## गुवाहाटी से कोलकाता तक चलेगी

- फर्स्ट AC का किराया करीब 3600, सेकंड AC का 3000 और थर्ड AC का 2300 रुपये होगा
- 16 कोच की होगी ट्रेन, 823 यात्रियों के बैठने की क्षमता
- अगले 6 महीनों में ऐसी 8 और स्लीपर वंदे भारत ट्रेनें शुरू होगी

File


15 अक्टूबर, 2025 को दिल्ली में 'इंटरनैशनल रेलवे इक्विपमेंट एग्जिबिशन' के दौरान, वंदे भारत स्लीपर के फर्स्ट AC कोच का डिजाइन पेश किया गया था।

Maneesh.Aggarwal
@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली:** देश की पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन इसी महीने गुवाहाटी से कोलकाता के बीच दौड़ेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जल्द ही इसे हरी झंडी दिखाएंगे। रेल मंत्रालय के अनुसार, 17-18 जनवरी से इसका कमर्शल रन शुरू हो सकता है। हालांकि, तारीख की आधिकारिक घोषणा बाकी है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि इस सेमी हाई स्पीड ट्रेन का सफल ट्रायल 30 दिसंबर को कोटा से नागदा के बीच 180 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से किया गया था। ट्रेन की औसत रफ्तार 120-130 किमी प्रति घंटा होगी और यह मौजूदा ट्रेनों के मुकाबले करीब तीन घंटे कम समय लेगी। यह ट्रेन शाम को चलेगी और सुबह पहुंचेगी। किराया आम यात्रियों को ध्यान में रखकर तय किया गया है।

ट्रेन में आरामदायक बर्थ, झटकों से मुक्त सफर, ऑटोमैटिक दरवाजे और दिव्यांगों के लिए आसान सुविधा होगी। खाने में कोलकाता से चलने पर बंगाली और गुवाहाटी से चलने पर असमिया व्यंजन मिलेंगे। 16 कोच की पूरी AC ट्रेन में 823 यात्रियों की क्षमता है। पेज 11


### 'बुलेट ट्रेन अगले साल'



रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने गुरुवार को कहा कि 15 अगस्त 2027 को देश को पहली बुलेट ट्रेन मिल जाएगी। प्रोजेक्ट पूरा करने के लिए सरकार गंभीरता से काम कर रही है। वैष्णव ने मजाकिया लहजे में कहा कि आप अभी से बुलेट ट्रेन की टिकट खरीद लीजिए, अगले साल बुलेट ट्रेन भी आ जाएगी।

नया साल, नया टैक्स

# 1 फरवरी से सिगरेट-पान मसाला हो जाएंगे महंगे, 40% GST लगेगा

AI Image


■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**1 फरवरी** से सिगरेट सहित तंबाकू उत्पाद महंगे हो जाएंगे। इनपर 28% के बजाय 40% GST लगेगा। इसके साथ इन पर एक एक्साइज ड्यूटी भी लगेगी। हालांकि अब तक इन पर लग रहा कंपनसेशन सेस खत्म हो जाएगा। फाइनैंस मिनिस्ट्री की ओर से जारी नोटिफिकेशन के मुताबिक, पान मसाला पर भी कंपनसेशन सेस खत्म कर 1 फरवरी से 40% GST और एक हेल्थ एंड नैशनल सिक्योरिटी सेस लगाया जाएगा। बीड़ी पर 18% GST के ऊपर हेल्थ एंड नैशनल सिक्योरिटी सेस लगेगा। लंबाई और फिल्टर के आधार पर प्रति 1000 सिगरेट पर 2050 रुपये से 8500 रुपये तक एक्साइज ड्यूटी लगेगी। गुटखा पर 91%, च्यूइंग टोबैको पर 82% और जर्दा पर 82% एक्साइज ड्यूटी लगेगी।

सिगरेट और पान पर एक एक्साइज ड्यूटी भी लगेगी

### दिसंबर में 6.1% बढ़ गया GST कलेक्शन

**दिसंबर में** GST कलेक्शन सालभर पहले के इसी महीने के मुकाबले 6.1% बढ़कर 1 लाख 74 हजार 550 करोड़ रुपये रहा। 22 सितंबर से घटाई गई GST दरों का असर नवंबर के बाद गुरुवार को जारी किए गए दिसंबर के आंकड़ों में भी दिखा। देश में खरीद-बिक्री से GST कलेक्शन 1.2% ही बढ़ा और 1 लाख 22 हजार 574 करोड़ रुपये रहा। GST दरें घटाए जाने के बाद के पहले महीने अक्टूबर की तस्वीर नवंबर के आंकड़ों में दिखी थी और तब ग्रॉस GST कलेक्शन 1,70,276 करोड़ रुपये रहा। दिसंबर में इंपोर्टेड गुड्स से कलेक्शन 19.7% बढ़कर 51977 करोड़ रुपये रहा।

### कमर्शल LPG सिलिंडर 111 रु. महंगा

1 जनवरी से 19 किलोग्राम वाले कमर्शल एलपीजी सिलिंडर की कीमतों में बढ़ोतरी कर दी है। घरेलू रसोई गैस सिलिंडर (14.2 किलो) की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। तेल विपणन कंपनियों ने नए साल के मौके पर कमर्शल एलपीजी सिलिंडर की कीमतों में 111 रुपए की बढ़ोतरी की है।

### विमान ईंधन की कीमत में कटौती

एविएशन टर्बाइन फ्यूल (एटीएफ) या विमान ईंधन की कीमत में 7.3% की कटौती की गई है। सार्वजनिक क्षेत्र के ईंधन खुदरा विक्रेताओं के मुताबिक दिल्ली में एटीएफ की कीमत 92,323.02 रुपये प्रति किलोलीटर हो गई। कीमतों में तीन महीने लगातार बढ़ोतरी के बाद यह कटौती गई।

NBT प्रगतिशील इंडियन ऑफ द ईयर 2025

### कौन बना प्रगतिशील इंडियन ऑफ द ईयर, कल होगा ऐलान

NBT प्रगतिशील इंडियन ऑफ द ईयर चुनने के लिए हमारे हजारों रीडर्स ने अपना वोट दिया है। कौन है लोगों की पहली पसंद, इसका ऐलान नवभारत टाइम्स के कल के अंक में होगा।

# स्विट्ज़रलैंड में नए साल का जश्न बना मातम, आग में 40 ज़िंदा जले

## 115 लोग बुरी तरह घायल, खिड़कियां तोड़कर बाहर निकले

Social Media / AFP


**खौफनाक हादसा** बताया प्रत्यक्षदर्शियों ने। पुलिस बोली-पीड़ितों की पहचान कर परिवारों को सूचित कर रहे है, वहीं एम्स्टर्डम में चर्च का शिखर अचानक जला।

■ एपी/आईएएनएस, क्रांस मोंटाना (स्विट्ज़रलैंड)

**स्विट्ज़रलैंड के** एक बार में नए साल के जश्न के दौरान गुरुवार तड़के भयंकर आग लग गई। स्थानीय मीडिया के मुताबिक कि 40 लोग आग में जिंदा जल गए। करीब 115 लोग घायल बताए जा रहे हैं, जिनमें अधिकतर की हालत गंभीर है। हादसा क्रांस मोंटाना के महंगे अल्पाइन स्की रिजॉर्ट शहर के एक बार में हुआ। बार का नाम 'ले कॉन्स्टेलेशन' (Le Constellation) है। आग कैसे लगी जांच जारी है। कहा ये भी जा रहा है कि एक धमाका हुआ था। वहीं, अटॉर्नी जनरल ने कहा- किसी भी समय किसी भी तरह के हमले का कोई सवाल नहीं है। अभी एक्सपर्ट मामले की जांच रहे हैं।

चश्मदीदों ने बताया, पार्टी में बारमेड के हाथ में बोतल में लगी मोमबत्ती से लकड़ी की छत में आग भड़की। आग कुछ सेकंड में फैली और छत गिरने लगी। लोग भागने लगे, लेकिन तंग सीढ़ियों, संकरे दरवाजे के कारण भगदड़ जैसी स्थिति बन गई। कई लोग खिड़कियां तोड़कर बाहर निकले। मौके पर हेलिकॉप्टर, एंबुलेंस भेजी गई। पेज 14

### 'मरने वालों में पर्यटक'

पुलिस प्रवक्ता ने कहा, 'माना जा रहा है कि मरने वालों में ज्यादातर पर्यटक हैं, जो छुट्टियों के सीजन में क्रांस-मोंटाना आए थे। यह एक इंटरनैशनल लेवल पर मशहूर स्की रिजॉर्ट है जहां बहुत सारे पर्यटक आते हैं। जांच के बाद ही मरने वालों का पता चलेगा।

### टेबल से शीशा तोड़ा तो बचे

पेरिस के 16 साल एक लड़के ने बताया कि एक टेबल का इस्तेमाल करके शीशा तोड़कर खिड़की को उसके फ्रेम से बाहर धकेल कर आग से किसी तरह बचा। उसके एक दोस्त की मौत हो गई, जबकि दो या तीन लोग लापता है।

### चर्च का शिखर जलकर गिरा

एम्स्टर्डम (Amsterdam) में न्यू ईयर की रात ऐतिहासिक वोंडेलकर्क चर्च में भीषण आग लगने से उसका शिखर आंशिक रूप से ढह गया। आग आधी रात के बाद लगी और इसे बड़ा हादसा घोषित किया गया। कारण स्पष्ट नहीं है।

## फटाफट खबरें

### पुंछ में गोला-बारूद से भरा बैग जब्त

File


जम्मू कश्मीर के पुंछ में भारत-पाकिस्तान बॉर्डर के पास गुरुवार को सेना ने एक संदिग्ध खेप बरामद की। आशंका है कि इसे ड्रोन से गिराया गया था। सेना को एक बैग मिला जिसमें दर्जनों कारतूस थे। साथ ही एक टिफिन बरामद हुआ। संदेह है कि वह एक आईईडी हो सकता है। पेज 9

### लोकपाल: कारों का विवादित टेंडर रद्द

भ्रष्टाचार-रोधी संस्था लोकपाल ने 7 लग्जरी BMW कारों की खरीद में जारी विवादित टेंडर को रद्द कर दिया है। करीब 5 करोड़ की खरीद का प्रस्ताव अक्टूबर 2025 में जारी हुआ था। विपक्ष, भ्रष्टाचार विरोधी समूहों ने इसकी आलोचना की थी।

## हैपी मॉर्निंग

**मेहमान:** और बताओ बेटा आगे का क्या प्लान है?
**मोनू:** बस आपके जाते ही ये बिस्कुट खाऊंगा.. वैसे भी नमकीन, मेवा तो आपने छोड़ा नहीं है

## अर्थसार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 85,188.60 (-32) |
| निफ्टी | 26,146.55 (+16.95) |
| रुपया/यूएस डॉलर | 89.96 (+0.08) |
| रुपया/यूरो | 105.65 (+0.16) |

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडर्ड (99.5 शुद्धता) प्रति 10 ग्राम | |
| दिल्ली | ₹1,38,340 (+640) |
| चांदी .999 टंच प्रति किलो | |
| दिल्ली | ₹2,37,400 (-1,600) |

## मौसम

अधिकतम तापमान 17.3°
10.6° न्यूनतम तापमान
सूर्यास्त गुरुवार 5:37 | सूर्योदय शनिवार 7:15
हल्के बादल रहेंगे, सुबह के वक्त ज्यादातर जगहों पर कोहरा रहेगा।

### 125 वर्षों में 8वां सबसे गर्म साल रहा 2025

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** भारत मौसम विज्ञान विभाग (IMD) के अनुसार, साल 2025 पिछले 125 वर्षों में आठवां सबसे गर्म साल रहा। इस दौरान, देश का औसत तापमान सामान्य से 0.28 डिग्री सेल्सियस अधिक दर्ज किया गया। अब तक का सबसे गर्म साल 2024 रहा है। इसके बाद 2016, 2009, 2010 और 2017 सबसे गर्म वर्षों में शामिल हैं। अब तक के 15 सबसे गर्म वर्षों में से 10 साल 2011 से 2025 के बीच रहे हैं। 2025 में औसत तापमान 25.37 डिग्री रहा और इस साल दिन के मुकाबले रातें ज्यादा गर्म रहीं।

औसत तापमान 25.37 डिग्री, रातें ज्यादा गर्म रहीं

वहीं, जनवरी में देश के ज्यादातर हिस्सों में ठंड अधिक रहने की संभावना है। पेज 14

### बांग्लादेश में एक और हिंदू पर जानलेवा हमला

File


■ पीटीआई, ढाका

**बांग्लादेश के** शरियतपुर जिले में नए साल से पहले एक हिंदू व्यापारी पर बर्बर हमला किया गया। भीड़ में आए हमलावरों ने पहले उनकी पिटाई की, फिर पेट्रोल डालकर आग के हवाले कर दिया। इस घटना में खोकन चंद्र दास (50) गंभीर रूप से घायल हो गए। उनकी हालत नाजुक बनी हुई है। दास दुकान बंद कर ऑटो-रिक्शा से घर लौट रहे थे, तभी बदमाशों ने रास्ता रोककर उन पर हमला किया।

रिपोर्ट के मुताबिक, जान बचाने के लिए दास सड़क किनारे बने एक तालाब में कूद गए। उनकी चीख सुन स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे, जिसके बाद हमलावर फरार हो गए। घायल अवस्था में उन्हें पहले शरियतपुर सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के बाद गंभीर हालत को देखते हुए ढाका रेफर किया गया।

#### पत्नी ने सुनाया दर्द...

**दास की** पत्नी ने कहा कि उन्हें समझ नहीं आ रहा कि पति को क्यों निशाना बनाया गया। उनकी किसी से कोई दुश्मनी नहीं थी और हमला जान से मारने की नीयत से किया गया। पुलिस ने बताया कि मामले में रब्बी और सोहाग नाम के दो लोगों को आरोपी बनाया गया है। अन्य की पहचान की कोशिशें जारी हैं।

### इंदौर में दूषित पानी से 13 लोगों की मौत का दावा

■ **भाषा, इंदौर:** इंदौर में दूषित पानी पीने पर तबीयत बिगड़ने से मौतों की संख्या पर विरोधाभास गुरुवार को भी जारी रहा। स्थानीय नागरिकों ने बीते 8 दिनों में 13 लोगों की मौत का दावा किया है, जबकि प्रशासन ने डायरिया से सिर्फ चार लोगों की मौत की पुष्टि की है। भागीरथपुरा केंद्रीय मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के विधानसभा क्षेत्र इंदौर-1 में आता है। मौतों के आंकड़ों पर विजयवर्गीय ने कहा, प्रशासन ने 4 मौतों की जानकारी दी है, जबकि भागीरथपुरा में अलग आंकड़ों की सूचना है।

आंकड़ों पर विरोधाभास, प्रशासन ने की 4 मौतों की पुष्टि।



सवाल पूछा तो भड़के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय पेज 9

### मेयर बने ममदानी, कुरान पर हाथ रखकर ली शपथ

Agency


- न्यू यॉर्क सिटी के 112वें मेयर होंगे जोहरान ममदानी, नए साल पर एक प्राइवेट सेरेमनी में शपथ ली।
- नवंबर 2025 के चुनावों में न्यू यॉर्क के पहले मुस्लिम मेयर के तौर पर जीत हासिल की थी। पेज 14

### BS-6 टू वीलर्स को एक और साल की मिली छूट

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** कमिशन फॉर एयर क्वालिटी मैनेजमेंट (CAQM) ने डिलिवरी सर्विस प्रोवाइडर्स और ई-कॉमर्स कंपनियों को बड़ी राहत दी है। अब ये कंपनियां BS-6 पेट्रोल और डीजल टू-व्हीलर का इस्तेमाल 31 दिसंबर 2026 तक कर सकेंगी। पहले आदेश के अनुसार, 1 जनवरी 2026 से पेट्रोल-डीजल वाहनों पर पूरी रोक लगनी थी। सीएक्यूएम ने बताया कि क्लीन मोबिलिटी को बढ़ावा देने के लिए यह छूट दी गई है, ताकि कंपनियां अपनी गाड़ियों को इलेक्ट्रिक या सीएनजी में बदल सकें। सीएक्यूएम के अनुसार, डिलिवरी सेक्टर के वाहन ज्यादा दूरी तय करते हैं, जिससे प्रदूषण बढ़ता है। इसलिए रेग्युलेट करना जरूरी है।

31 दिसंबर तक इस्तेमाल कर सकेंगी ई-कॉमर्स कंपनियां

जुर्माना भी पड़ा | दिल्ली में कई जगह रही जाम की दिक्कत, ट्रैफिक नियम तोड़ने वालों के काटे गए चालान

# 2026 के स्वागत में पार्क, क्लब और इंडिया गेट जैसी जगह रहीं हाउसफुल, मंदिर भी गुलज़ार

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**दिल्ली-एनसीआर** ने नए साल का स्वागत पूरे जोश, मस्ती और धमाल के साथ किया। क्लब से लेकर पार्क, मॉल में भीड़ उमड़ी। मंदिर और गुरुद्वारे भी गुलजार रहे। माथा टेकने के बाद कनॉट प्लेस, इंडिया गेट जैसी जगहों पर लोग घूमने पहुंचे। इस वजह से कई जगह ट्रैफिक जाम हुआ। वहीं पुलिस ने शराब पीकर ड्राइविंग करने के आरोप में 31 दिसंबर को दिल्ली में 857, फरीदाबाद में 200 और गुड़गांव में 102 चालान काटे। पेज 2

PTI


मंदिरों में पूजा अर्चना के बाद लोग घूमने निकले, कई जगह ट्रैफिक जाम रहा।

### पार्टी के दौरान NCR में हादसे, दो की जान गई

**नोएडा में** देर रात पार्टी कर निकले युवकों की ब्रेजा कार सेक्टर-51 में गाड़ियों में टक्कर मारते हुए डिवाइडर से जा टकराई। कार सवार युवक की मौत हो गई और दूसरे की हालत नाजुक है। ग्रेनो वेस्ट में आम्रपाली गोल्फ होम्स किंग्सवुड सोसायटी में पार्टी में एक युवक की 15वीं मंजिल से गिरकर मौत हो गई। युवक के दोस्त फ्लैट पर पार्टी करने आए थे।

### FASTag के लिए अब KYV प्रक्रिया जरूरी नहीं

■ **पीटीआई, नई दिल्ली:** राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (NHAI) ने आम लोगों को बड़ी राहत देते हुए नई कार, जीप और वैन के FASTag के लिए जरूरी Know Your Vehicle (KYV) प्रक्रिया खत्म करने का फैसला किया है। FASTag जारी होने के बाद KYV के नाम पर लोगों को परेशानी होती थी। अब सिर्फ उन्हीं मामलों में KYV की जाएगी, जहां कोई शिकायत मिले, जैसे गलत FASTag लगना, ढीला होना या दुरुपयोग की शिकायत।

1 फरवरी 2026 से लागू होगा नया नियम

# बिना डॉक्टर की पर्ची नहीं मिलेगा कफ सिरप!

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**बच्चों की** मौत के मामलों के बाद केंद्र सरकार अब कफ सिरप की बिक्री पर सख्त नियम लाने जा रही है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने इसके लिए नए नियमों का ड्राफ्ट जारी किया है। इसके अनुसार, अब कफ सिरप समेत किसी भी तरह का सिरप बिना डॉक्टर की पर्ची (प्रिस्क्रिप्शन) के नहीं बेचा जा सकेगा। स्वास्थ्य मंत्रालय ने ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट, 1940 के तहत ड्रग्स (संशोधन) नियम, 2025 का ड्राफ्ट जारी किया है। इसमें ड्रग्स रूल्स, 1945 की शेड्यूल-k से 'सिरप' शब्द हटाने का प्रस्ताव है। पेज 11

File


#### चेतावनी के बाद कदम

यह कदम WHO की चेतावनी और देश में सामने आए गंभीर मामलों के बाद उठाया गया है। फिलहाल ड्राफ्ट पर 30 दिनों तक लोगों से सुझाव मांगे गए हैं।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 02-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH06 User: cci Time: 01-01-2026 21:05 Color:

नवभारत टाइम्स • विचार

नवभारत टाइम्स । नई दिल्ली । शुक्रवार, 2 जनवरी 2026

दुर्घटनाएं अपने आप नहीं होती, वे कारणों से होती हैं।

*– एच. डब्ल्यू. हेनरिक, अमेरिकी औद्योगिक सुरक्षा एक्सपर्ट*

# मानकों की अनदेखी

नए साल का जश्न आमतौर पर उम्मीद, उल्लास और नई शुरुआत का प्रतीक होता है। लेकिन, स्विट्जरलैंड के क्रांस मोंटाना के एक प्रसिद्ध स्की रिजॉर्ट में हुए हादसे ने जश्न को त्रासदी में बदल दिया है। भीषण आग ने सैकड़ों परिवारों को वर्ष के पहले दिन ही ऐसी पीड़ा दी, जिसे वे कभी भुला नहीं पाएंगे।

**अधूरी जानकारी ।** ये लाइनें लिखे जाने तक इस हादसे को लेकर बहुत कुछ संशय में था। नहीं पता कि आग कैसे लगी, कितने लोग मारे गए, मौके पर कितने मौजूद थे और मरने वालों की पहचान क्या है। जांच अधिकारियों के बयानों से लगता है कि इसमें अभी लंबा समय लगेगा। शुरुआत में इसे आतंकी वारदात भी माना जा रहा था, लेकिन अधिकारियों ने इससे इनकार किया है। फिर भी इतना बड़ा हादसा कई सवाल छोड़ जाता है।



स्विट्जरलैंड में हादसा

**सख्त मानक ।** यह घटना बताती है कि भीड़भाड़ वाले टूरिस्ट स्पॉट्स पर सुरक्षा मानकों के कड़ाई से पालन की कितनी सख्त जरूरत है। पिछले महीने गोवा के एक नाइट क्लब में लगी आग में कई लोगों की मौत हो गई थी। वहां लोगों को बाहर निकलने का रास्ता ही नहीं मिला और ऐसा ही कुछ क्रांस मोंटाना में भी सामने आ रहा है। आग इतनी तेजी से फैली कि बचाव का मौका नहीं मिल पाया।

**गलती की गुंजाइश नहीं ।** जांच आगे बढ़ने पर कई और बातें पता चलेंगी, लेकिन यह घटना बताती है कि पर्यटन स्थलों पर छोटी-सी चूक भी कितनी भारी पड़ सकती है। बताया जा रहा है कि बार की क्षमता 300 थी और हादसे के समय वह फुल था। मौके पर अगर पर्याप्त सुरक्षा उपाय होते, भीड़ को नियंत्रित किया जाता और क्षमता के अनुसार लोगों की ही एंट्री होती, तो शायद इतना नुकसान होने से रोका जा सकता था।

**सुरक्षा सबसे ऊपर ।** क्रांस मोंटाना हो या दुनिया का कोई और शहर - ये हादसे सभी के लिए सबक हैं। पर्यटन उद्योग में अक्सर मौकों को भुनाने की होड़ लगी रहती है। क्रिसमस से लेकर न्यू ईयर तक - कमाई का एक बढ़िया सीजन है। लेकिन, इसके साथ ही पर्यटकों की सुरक्षा के लिए भी निवेश किए जाने की जरूरत है।

**जागरूकता जरूरी ।** जांच और उसके बाद एक्शन, यह तो होना ही है, पर इससे भी ज्यादा जरूरी है कमियों का उजागर होना और उनसे सीखना। सही सीख लेकर ही उम्मीद कर सकते हैं कि फिर ऐसी दर्दनाक खबर से वास्ता नहीं पड़ेगा।

## तिराहा

# कोसिए, ख़ुश रहिए!

'ये मुए विदेशी भी! कह रहे हैं कि गाली देने से मन को शांति मिलती है,' सुधर्मा गालियों के असर पर रिसर्च की खबर पढ़ भुनभुना रही थी। सुखनंदन ने धीरे से कहा, 'कोसने, गाली देने से सुख की परंपरा तो शाश्वत है। लोकतंत्र का यह अनिवार्य गहना है!'



प्रेम शंकर मिश्र

'इसका लोकतंत्र से क्या लेना-देना?', सुधर्मा ने आंखें तरेरीं। 'तुमने नारद मोह नहीं सुना? विश्वमोहिनी के लिए वर की तलाश शुरू हुई। पिता ने महर्षि नारद से अनुरोध किया। विश्वमोहिनी को देख नारद स्वयं ही मोह गए। भगवान के पास पहुंचे, गुहार लगाई कि मुझे इतना आकर्षक बना दें कि मोहिनी मुझे ही चुने। भगवान ने उन्हें शरीर सौष्ठव तो दिया, लेकिन मुंह बंदर का बना दिया। नाराज नारद ने उन्हें श्राप दे दिया।'

'अब देखो! जनता के लिए साफ पानी, हवा जैसी बुनियादी चीजें भी विश्वमोहिनी जैसी असंभव हो गई हैं। रेल, सड़क, प्लेन से भी गंतव्य तक पहुंचना मंगल यात्रा-सा दुष्कर है। ऐसे में जनता कभी व्यवस्था को तो कभी एक-दूसरे को कोस, गाली देकर आक्रोश शांत कर लेती है। विष्णु जी क्षमाशील थे। उन्होंने नारद की इच्छा का भी मान रखा, उन्हें क्षमा भी कर दिया। आज तो नारदजी को पैरवी के लिए वकील तक नहीं मिलता, नरक में अलग धकेले जाते', सुखनंदन ने हंसते हुए कहा।

'गालियां केवल मन को ही शांत नहीं करतीं, कानून-व्यवस्था को भी बनाए रखती हैं। रक्त का उबाल इनसे ही शांत हो जाता है, शारीरिक हिंसा की आवश्यकता न्यून ही पड़ती है, जबकि इससे उपजने वाला दर्द, अपमान लाठी की चोट सरीखा ही होता है। चूंकि 'मौखिकी हिंसा हिंसा न भवति', इसलिए अब इसके लिए प्लैटफॉर्म भी बना दिए गए हैं। तब रोम का एरीना था, जिसमें एक्चुअल ग्लैडिएटर लड़ खून बहाते थे, अब 'क्रोम' का एरीना है जिसमें वर्चुअल ग्लैडिएटर गाली दे खून जलाते हैं।'

'पर व्यवस्था पर गालियां कैसे बेअसर हैं?' सुधर्मा ने बात काट दी। 'व्यवस्था भगवान बुद्ध के दर्शन की अनुगामी है, जब अपेक्षा, भड़ास, शिकायतें, गालियां स्वीकार ही नहीं करनी तो असर कैसे करेंगी?' जवाब आया।

## एकदा

संकलन : ललित गर्ग

# ईश्वर की अनुभूति

संत नामदेव ने एक बार अपने शिष्यों को ईश्वर की अनुभूति का अत्यंत सरल, लेकिन गहन पाठ पढ़ाया। एक शिष्य ने जिज्ञासावश पूछा, 'यदि ईश्वर सभी जगह हैं, तो वह हमें दिखाई क्यों नहीं देते और उन्हें अनुभव करने का उपाय क्या है?' संत नामदेव ने इसका उत्तर शब्दों में देने के बजाय एक छोटे-से प्रयोग से समझाना उचित समझा। उन्होंने एक लोटा पानी मंगवाया और उसमें थोड़ा-सा नमक घुलवाया। नमक पूरी तरह घुल गया, लेकिन दिखाई नहीं दिया। संत ने शिष्यों से पूछा, 'क्या अब नमक दिख रहा है?' सभी ने कहा, 'नहीं, पर स्वाद से स्पष्ट है कि नमक मौजूद है।' इसके बाद उन्होंने उस पानी को उबालने को कहा। जब पानी वाष्प बनकर उड़ गया, तो लोटे के तल में नमक स्पष्ट दिखाई देने लगा। तब संत नामदेव ने समझाया कि जैसे नमक पानी में घुलकर अदृश्य रहता है, वैसे ही ईश्वर होते हुए भी नहीं दिखते हैं। जैसे नमक को प्रकट करने के लिए पानी को तपाना पड़ा, वैसे ही ईश्वर को महसूस करने के लिए संयम, तप, साधना और सत्कर्म से गुजरना होता है। इससे संत नामदेव ने शिष्यों को यह बोध कराया कि ईश्वर बाहर खोजने की वस्तु नहीं, बल्कि भीतर अनुभव करने की चीज है।

Subrata Dhar



रक्षा क्षेत्र को लेकर प्राइवेट सेक्टर ने जो वादा किया है, उसके प्रति वह जवाबदेह बने

# जो वादा किया है, निभाना पड़ेगा

आतंकवाद को बढ़ावा देने के लिए पाकिस्तान को पिछले पांच दशकों में सबसे करारा जवाब इस बार ऑपरेशन सिंदूर से मिला। इसके साथ ही भारत ने स्पष्ट कर दिया है कि अगर उसकी जमीन पर कोई आतंकी हमला होता है, तो जवाब कैसे दिया जाएगा। ऑपरेशन सिंदूर से मिले सबक 2026 में राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े फैसलों की दिशा तय करने वाले हैं।



मनु पब्बी

**सोची-समझी साजिश ।** 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले से पूरी दुनिया सन्न रह गई। इस नरसंहार के पीछे की मंशा लगभग तुरंत ही साफ हो गई थी। पीड़ित परिवारों से बातचीत के दौरान आतंकियों ने जो कहा, वह सीधे सरकार के लिए संदेश था। इससे यही संकेत मिला कि पहलगाम हमला एक सोची-समझी साजिश थी, ताकि भारत को सैन्य प्रतिक्रिया के लिए उकसाया जा सके।

**मुनीर को फायदा ।** हालांकि इस हमले के पीछे जो बड़ा खेल था, उससे पर्दा उठने में थोड़ा वक्त लगा। आज की परिस्थितियां देखें तो पता चलता है कि पहलगाम आतंकी हमले और उस पर भारत के जवाब, इन दोनों से ही सबसे ज्यादा फायदा पाकिस्तानी सेना को मिला। उसके प्रमुख असीम मुनीर ने सरकार पर दबाव डालकर प्रमोशन ले लिया और फील्ड मार्शल बन गए। अब वही पाकिस्तान के वास्तविक शासक हैं। यह स्थिति दो साल पहले की तस्वीर से बिल्कुल उलट है, जब जनता की नजरों में पाकिस्तानी सेना की साख बिल्कुल निचले स्तर पर थी। तब इमरान खान की गिरफ्तारी के विरोध में लोग सेना के खिलाफ सड़कों पर उतर आए थे।

Adobestock



**डिफेंस में आए बदलाव**
- भारतीय रक्षा कंपनियों ने रियल टाइम में सहयोग किया
- देश को स्वदेशी हथियारों के तेजी-से उत्पादन की जरूरत
- इंडस्ट्री से जवाबदेही चाहती है सरकार, देसी पर जोर

**स्ट्राइक की ताकत ।** इस पूरे घटनाक्रम में भारत के लिए सबसे बड़ा सबक यही है कि पाकिस्तानी सेना को जब लगता है कि वह देश के भीतर कमजोर पड़ रही है, तो अहमियत बढ़ाने के लिए वह दांव पर कुछ भी लगा सकती है - यहां तक कि युद्ध भी कर सकती है। इससे भी बड़ा सबक है कि पाकिस्तान की परमाणु हमले की गीदड़भभकी का जवाब देते हुए भारत सीधे वहां के सैन्य शक्ति केंद्रों को निशाना बना सकता है। भारी नुकसान के बाद भी पाकिस्तानी सेना जीत का ही दावा करेगी। उसका पूरा ध्यान होगा देश के भीतर नैरेटिव बनाने पर।

नए साल की आशा

**पाकिस्तान की गलतफहमी ।** भारत के पास अब ऐसी क्षमता है कि पाकिस्तान की जमीन पर कहीं भी मौजूद आतंकी ढांचे पर प्रभावी और बार-बार स्ट्राइक कर सके। 1998 में परमाणु क्षमता हासिल करने के बाद पड़ोसी देश को लगता था कि वह सुरक्षित हो चुका है, लेकिन उसकी यह गलतफहमी दूर हो चुकी है। ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान के कई आतंकी ढांचे ध्वस्त हुए, पर इससे भी बड़ा हासिल वे सबक हैं, जिनके आधार पर भविष्य के लिए तैयारी शुरू हो चुकी है। भारत की पारंपरिक सैन्य क्षमता इतनी है कि वह पड़ोसी को कुछ ही दिनों में दबाव में ला सके।

**इलेक्ट्रॉनिक वॉरफेयर ।** इस अभियान ने ब्रह्मोस, स्कैल्प और S-400 की अहमियत साबित की। आने वाले समय में ऐसे और हथियार देखने को मिलेंगे। स्वदेशी पर जोर है। वहीं, तमाम ड्रोन जैमिंग और स्पूफिंग की वजह से लक्ष्य तक नहीं पहुंच पाए। इस मामले में पाकिस्तान की हालत और खराब रही। इससे साफ हुआ कि मौजूदा ड्रोन तकनीक कमजोर है और देश की इलेक्ट्रॉनिक वॉरफेयर क्षमता तेजी से मजबूत हो रही है। इस ऑपरेशन की एक खास बात यह रही कि भारतीय रक्षा कंपनियां भी अभियान से जुड़ी थीं। कई स्वदेशी कंपनियों ने रियल टाइम में मोर्चे से ही सेना की मदद की। यह बदलाव रक्षा मंत्रालय के चार साल के प्रयासों का नतीजा है, जिसमें साथ मिलकर हथियारों के विकास और साथ मिलकर लड़ाई के मॉडल को अपनाया गया है।

**नतीजों पर नजर ।** उद्योग जगत के स्तर पर सीख यह रही कि देश को स्वदेशी हथियारों के तेजी-से उत्पादन की जरूरत है। पहलगाम हमले के एक हफ्ते बाद नई दिल्ली में एक बैठक हुई थी, जिसमें भारतीय रक्षा उद्योग की क्षमता को आंका गया। वहां जो निष्कर्ष निकला, उसे रणनीति का हिस्सा बनाया जा रहा है। 2025 में नीतियों में बदलाव, सुधार, सेना-उद्योग के बीच तालमेल हुआ, तो 2026 में नतीजों पर नजर होगी। देखना होगा कि उद्योग जगत अपने वादों पर कितना खरा उतरता है।

**समय की पाबंदी ।** सरकार चाहती है कि इंडस्ट्री जो वादा कर रही है, उसके प्रति जवाबदेह बने। देरी या गलती को कामकाज का हिस्सा मानकर छोड़ा नहीं जाएगा। आने वाले कुछ महीनों में सरकार कठोर उदाहरण पेश कर यह संदेश दे सकती है कि भारत के रक्षा उद्योग को अब ठीक से और समय पर काम करना होगा। नाकाम रहने वालों को साइडलाइन किया जा सकता है।

# मां बनने से क्यों हिचक रही हैं आजकल महिलाएं

टेक्नॉलजी कंपनी Zoho के फाउंडर श्रीधर वेंबू ने कुछ समय पहले महिलाओं को सही समय पर मां बनने की सलाह दी थी। उनका मानना है कि युवाओं को 20 साल में शादी करके 22 साल तक पैरंट बन जाना चाहिए। उनका ये सुझाव इसलिए चर्चा में रहा क्योंकि आजकल महिलाओं की फर्टिलिटी को लेकर चिंताएं जताई जा रही हैं। हाल यह है कि कोई भी इस पर ज्ञान देता रहता है। लेकिन, यह भी जानना जरूरी है कि महिलाएं मां बनने से परहेज क्यों कर रही हैं।



रश्मि बंसल

**परफेक्ट पैरंट की चाह ।** महिलाओं के मां नहीं बनने के कई कारण गिनाए जाते हैं। कोई कहता है कि वे अपने करियर पर ध्यान दे रही हैं। किसी को लगता है कि यंग कपल बच्चों की जिम्मेदारी नहीं लेना चाहते। मगर, असल समस्या परफेक्ट पैरंट बनने की है। आज के मां-बाप सिर्फ दफ्तर में ही नहीं, बच्चों की परवरिश में भी परफेक्ट बनना चाहते हैं। मैं कुछ ऐसे लोगों को जानती हूं, जो मेहमानों को डोर-बेल बजाने से मना करते हैं। वे कहते हैं कि इससे उनका बच्चा डिस्टर्ब हो जाएगा।

**सबकुछ मां पर ।** हमारी दादी-नानी ने बगैर शिकायत क्रिकेट टीम जितने बच्चे पाले। लेकिन तब बच्चों की देखभाल के लिए घर में कई लोग होते थे। अब पैरंट्स में खासकर मां पर बच्चों की परवरिश का ज्यादा ही दबाव रहता है। अगर वह कामकाजी है तो दफ्तर के साथ उसे घर भी देखना पड़ता है। भले ही उसका एक ही बच्चा हो और घर में मदद करने वाले लोग भी हों, फिर भी वह अपनी मां के मुकाबले दस गुना ज्यादा तनाव में रहती है।

## कॉमन रूम

AI Image



**मां बनने की सही उम्र ।** महिलाओं को अधिकतम 30 साल की उम्र तक बच्चा पैदा कर लेना चाहिए। इससे थोड़े समय परेशानी हो सकती है, लेकिन आगे की जिंदगी के लिए यह सही होगा। 30 के बाद अगर आप मां बनती हैं तो आपके पास संसाधन तो अधिक होंगे, मगर 50 साल की उम्र में भी आपको पैरंट-टीचर मीटिंग में जाना पड़ेगा।

**परवरिश की परेशानियां ।** पहले बच्चे आस-पड़ोस में खेलने के लिए चले जाते थे। आज अच्छे पड़ोसियों की भी कमी है। शायद अच्छे पड़ोसी हों भी, पर हमारे पास उन्हें जानने की फुर्सत नहीं है। IIM से पढ़े एक कपल का तो साफ कहना है कि वे बच्चे नहीं पाल पाएंगे। उनका सीधा मतलब था कि शहर के महंगे स्कूल और सबसे महंगे कॉलेज में एडमिशन कराना उनके वश का नहीं है। भाई, बच्चे को ये सब नहीं बस प्यार चाहिए। उन्हें बस ऐसी परवरिश मिले, जिससे बड़े होकर वे कूल, कॉन्फिडेंट और जागरूक बन सकें।

*(लेखिका उद्यमिता और समाज से जुड़े विषयों पर लिखती हैं)*



THE SPEAKING TREE

और पढ़ने के लिए देखें www.speakingtree.nbt.in

# संकल्प ऐसा हो, जो मन को नई ऊंचाई की उड़ान दे सके

आनन्दमूर्ति गुरुमां

नए साल पर लोग संकल्प लेते हैं कि अमुक-अमुक काम करेंगे। लेकिन मैंने यह भी देखा है कि जो संकल्प साल के शुरू में लोग लेते हैं, उसे जनवरी महीना खत्म होने से पहले ही तोड़ भी देते हैं। मन एक बिगड़े हुए घोड़े की तरह है। जब तक हम इसको लगाम नहीं लगाते, तब तक यह पता नहीं क्या उलटे-सीधे काम करता रहता है। असल में संकल्प इसीलिए करना चाहिए।

नए साल की शुरुआत में लोग बहुत प्रकार के संकल्प करते हैं, जैसे- वजन कम करेंगे, मीठा नहीं खाएंगे, झूठ नहीं बोलेंगे। ऐसे संकल्प करना भी अच्छी बात है, क्योंकि उससे भी आपके मन की शक्ति बढ़ जाती है। बहुत लोग संकल्प तो करते हैं, पर उसे पूरा नहीं कर पाते, क्योंकि मन बेईमान हो जाता है। जैसे पानी के लिए नीचे गिरना आसान और सहज होता है, वैसा ही होता है मन के साथ। पानी को ऊपर उठाना हो तो मोटरपंप की जरूरत पड़ती है। वैसे ही मन को ऊंचा उठाने के लिए संकल्प लेने की जरूरत है।

AI Image



मैं आपको कुछ संकल्प करने को कहूंगी तो उसे आप आसानी से तोड़ सकते हैं। लेकिन जब आप खुद संकल्प करेंगे तो उसे खुशी से कर लेंगे। इसलिए यह विचार अवश्य करना चाहिए कि हम अपने जीवन की नैया को किस दिशा में ले जाना चाहते हैं। उपनिषद में कहा है कि वास्तव में समय नहीं बीतता, हम बीत जाते हैं। 2025 नहीं बीता, हम बीत गए हैं।

इस नए वर्ष में कुछ नए गुण, नई सोच, नई विधा, नया चिंतन और कुछ अच्छे कर्म अपने जीवन में ले आएं। विचार ऐसे उत्तम होने चाहिए कि हमारे हाथ से कभी कुछ गलत हो ही नहीं। हमारी जीभ कुछ गलत बोले ही नहीं, हमारी आंखें कुछ गलत देखें ही नहीं, कान कुछ गलत सुनें ही नहीं।

याद रखना जो कुछ आप अपने अंदर डालोगे, वही आपसे बाहर आएगा। वही देखें और सुनें, जिससे मन में प्रेम, करुणा, दया इत्यादि भावनाएं निर्मित हों। वही सुनें जिससे साधना, ज्ञान, भक्ति बढ़े। क्रोध, लोभ, कामना, दुविधा बढ़े - ऐसी चीजों से अपनी इंद्रियों को बचाएं।

## कांटे की बात

इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित पानी पीने से 1400 से 1500 लोग प्रभावित हुए थे, जिनमें से 198 अस्पताल में भर्ती हैं। सरकारी आंकड़ा चार लोगों की मौत का है, लेकिन यहां घूमने के दौरान 8-9 लोगों की मौत की जानकारी मिली।



कैलाश विजयवर्गीय, मध्य प्रदेश सरकार में मंत्री

## सप्ताह की शख्सियत

# अर्जुन का कुछ अलग ही है स्टाइल

*दोहा में हुई वर्ल्ड ब्लिट्ज चेस चैंपियनशिप में अर्जुन एरिगैसी ने कांस्य पदक जीतकर विश्वनाथन आनंद की बराबरी कर ली। वारंगल में 2003 में जन्मे अर्जुन ने 14 साल में ही ग्रैंडमास्टर का खिताब अपने नाम कर लिया था।*

### 12 में इंटरनैशनल मास्टर

**शतरंज की** चालों से अर्जुन 4 साल की उम्र में परिचित हो गए थे। शुरू में उनके लिए भी यह खेल ही था। लेकिन, उनके मां-पापा को लगा कि उनकी याददाश्त और सोचने की क्षमता असाधारण है। वारंगल में ज्यादा सुविधाएं नहीं थीं। बड़े टूर्नामेंट खेलने के लिए विदेश जाना भी आसान नहीं था। कम उम्र में ही हार, दबाव से जूझने वाले अर्जुन ने 8 साल की उम्र से घरेलू चैंपियनशिप में छाप छोड़नी शुरू की। 12 साल में वह इंटरनैशनल मास्टर बन गए।



### हार से मिली सीख

**आत्मविश्वास से** लबरेज और आक्रामक खेलने के लिए प्रसिद्ध अर्जुन ने जब अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों से मुकाबला किया, तो उन्हें लगातार हार मिली। उनकी शैली पर सवाल उठने लगे। लोग कहने लगे कि वह ज्यादा आगे नहीं जा पाएंगे। लगने लगा कि टैलंट के बाद भी टिक पाना मुश्किल है। इससे हताश हुए बगैर उन्होंने कमजोरियों पर काम किया। शैली बदलने के बजाय उसे और निखारा। फिर दिग्गज खिलाड़ियों को हराने लगे।

## जनता जंक्शन

इरफान




# BJP की नाक का सवाल होगा पश्चिम बंगाल

पूनम पाण्डे


इस साल BJP ने दिल्ली विधानसभा चुनाव जीता जो इसलिए भी अहम रहा क्योंकि यह जीत 27 साल बाद मिली थी। इस साल बिहार में फिर से नीतीश कुमार के नेतृत्व में NDA की सरकार बन गई और इस बार पहले से भी ज्यादा सीटों के साथ। BJP सबसे ज्यादा सीटें जीतकर राज्य में सबसे बड़ी पार्टी भी बनी। चुनावी जीत के लिहाज से साल 2025 BJP के लिए काफी अच्छा रहा। अब नया साल सामने है। सवाल है कि BJP और NDA के सामने इस साल में क्या है और क्या ये साल अलग तरह की चुनौतियां लेकर आएगा।

विशुद्ध राजनीति कसौटी

## मिशन साउथ कैसा रहेगा

इस साल तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, केरल, असम और पुडुचेरी में चुनाव होने हैं। ये चुनावी साल BJP के लिए ज्यादा अहम इसलिए है क्योंकि वह तमिलनाडु और केरल में अपनी जड़ें जमाने की काफी वक्त से कोशिश कर रही है। उत्तर भारत में तो पार्टी अपने पीक पर पहुंच चुकी है, लेकिन दक्षिण भारत क्रैक करना उसके लिए चुनौती है। हालांकि BJP ने केरल में अपनी मौजूदगी दर्ज करना शुरू कर दिया है, पर अब भी मिशन साउथ की सफलता के लिए उसे लंबी राह तय करनी है।

पश्चिम बंगाल से उसे पिछले चुनाव में भी बहुत उम्मीद थी, लेकिन वह पूरी नहीं हुई। इस बार उसके लिए यह नाक का भी सवाल है और साख का भी। यहां खुद गृह मंत्री अमित शाह ने कमान संभाली है। बांग्लादेश की उथलपुथल और घुसपैठियों के मुद्दे के बीच देखना होगा कि BJP पश्चिम बंगाल में कितना असर दिखाती है। असम में BJP की सरकार है और यहां उसके सामने सत्ता बचाने की चुनौती है। पश्चिम बंगाल की तरह ही यहां भी बांग्लादेश के हालात और घुसपैठिए ये दोनों ही बड़ा मुद्दा हैं। इस साल BJP को एक और फ्रंट पर काम करना होगा। वह है सहयोगियों को एकजुट रखना।



केंद्र में पीएम मोदी के नेतृत्व में NDA सरकार है और BJP के पास इस बार अपना बहुमत नहीं है। जाहिर है, ऐसे में उसकी आगे की राह उतनी आसान नहीं रहेगी। इन मुश्किलों के संकेत अभी से मिलने लगे हैं। मिसाल के तौर पर NDA में शामिल बिहार के ही कुछ छोटे दल राज्यसभा सीट की मांग को लेकर नाराजगी दिखा रहे हैं। हालांकि ये प्रेशर टैक्टिस ज्यादा है लेकिन फिर भी गठबंधन के साथियों को छिटकने न देना और NDA की एकजुटता बरकरार रखना BJP के लिए एक ऐसी चुनौती है जो बनी रहेगी।

BJP ने इस साल के आखिर में 45 साल के नितिन नवीन को अपना राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाकर जनरेशनल शिफ्ट के संकेत तो दे ही दिए। अब नए साल में एक बड़ी चुनौती नई टीम बनाने की होगी। देखने वाली बात यह होगी कि क्या पुराने और बुजुर्ग नेता नितिन की टीम का हिस्सा बनेंगे या संगठन में नए और युवाओं को ज्यादा जगह दी जाएगी।

## नए मुद्दों की तलाश

BJP विपक्ष से कहती रही कि मोदी नहीं तो कौन? इस सवाल का जवाब BJP को भी तलाशना है। भले ही अभी नहीं लेकिन आने वाले वक्त के लिए उसे इसका जवाब ढूंढकर रखना होगा। इस मसले पर पार्टी में कोई मनमुटाव या गुटबाजी ना हो यह सुनिश्चित करना भी आसान नहीं होगा। BJP ने विपक्ष में रहते हुए जिन मुद्दों पर लोगों को एकजुट करने और समर्थन जुटाने का काम किया उनमें ज्यादा मुद्दे अब रहे नहीं। उसे ऐसे नए मुद्दे तलाशने होंगे जिन पर वह लोगों को अपनी ओर गोलबंद कर सके। खासकर ऐसे मुद्दे जो Gen Z को भी टच करें।

## रीडर्स मेल

www.edit.nbt.in

### ट्रंप से उम्मीद नहीं

1 जनवरी को प्रकाशित लेख 'नए साल में खत्म हो जाएगा ट्रंपवाद' 2025 में अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप की दूसरी पारी के पहले वर्ष का संतुलित आकलन करता है। ऊंचे टैरिफ लगाने और वैश्विक मंदी की आशंकाओं के बावजूद अमेरिका और भारत में तेज आर्थिक वृद्धि दर्ज हुई, क्योंकि वास्तविक टैरिफ अपेक्षा से कम रहे और AI निवेश ने विकास को गति दी। हालांकि AI बूम रोजगार सृजन में कमजोर साबित हुआ, जिससे बेरोजगारी बढ़ी। 2026 में स्लोडाउन, महंगाई और चुनावी दबाव से ट्रंपवाद को झटका लग सकता है। भारत पर असर पड़ेगा, पर मजबूत मैक्रो स्थिति और STEM प्रतिभा उम्मीद जगाती है।

**बृजेश मिश्र, ईमेल से**

nbtedit@timesofindia.com पर अपनी राय नाम-पते के साथ मेल करें।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 02-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMA9 User: cci Time: 01-01-2026 23:57 Color:



## फटाफट खबरें

### लोकसभा से साजिश के तहत हटा: बृजभूषण

■ भाषा, गोंडा : यूपी के कैसरगंज से पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने बुधवार को आरोप लगाया कि उन्हें लोकसभा से जनता ने नहीं, बल्कि एक साजिश के तहत हटाया गया। एक न्यूज चैनल के 'पॉडकास्ट' में बीजेपी नेता ने कहा कि उनका कार्यकाल बीच में ही समाप्त कर दिया गया, लेकिन लौटूंगा। उन्होंने कहा, 'कहां से चुनाव लड़ूंगा, इसका फैसला जनता करेगी। मेरी कोशिश रहेगी कि बीजेपी के टिकट पर ही चुनाव लड़ूं। यदि पार्टी टिकट नहीं देती है तो निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ूंगा। यदि जिंदा रहा तो चुनाव जरूर लड़ूंगा।'

### सीटों पर शिवसेना से बातचीत जारी: पवार

■ भाषा, पुणे : महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने गुरुवार को कहा कि उनकी राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी पुणे और पिंपरी-चिंचवड नगर निकाय चुनावों के लिए एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना के साथ सीट बंटवारे को लेकर बातचीत कर रही है। कोरेगांव भीमा युद्ध की 208वीं वर्षगांठ पर पुणे के पास 'जय स्तंभ' पर श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद पवार ने कहा कि सीट को लेकर शिवसेना से संपर्क में है।


अजित पवार

### कश्मीर: बर्फबारी से सड़कें बंद की गईं



बर्फ की चादर से ढका गुलमर्ग


■ पीटीआई, जम्मू : कश्मीर को जम्मू क्षेत्र से जोड़ने वाली मुगल रोड और सिंथन टॉप रोड बर्फबारी के कारण गाड़ियों की आवाजाही के लिए बंद कर दी गई है। हालांकि, जम्मू-श्रीनगर नेशनल हाइवे गाड़ियों के लिए खुला रहा। खराब मौसम को देखते हुए यात्रियों को दिन के समय ही इस हाइवे से यात्रा करने की सलाह दी गई है। ट्रैफिक पुलिस की अडवाइजरी में कहा गया है, 'मुगल रोड और सिंथन रोड पर बर्फ जमने के कारण उन्हें बंद किया गया है। लोगों से इन पर यात्रा न करने की अपील की जाती है।'

# भारत की पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन में सस्ते सफर का लुत्फ जल्द

3 मिनट में पढ़ें

## 2300 से 3600 रुपये तक लगेगा AC कोच का किराया


File



**रेलमंत्री का ऐलान:** 17-18 जनवरी तक ट्रैक पर आ सकती है यह ट्रेन।

Maneesh.Aggarwal
@timesofindia.com

■ नई दिल्ली : देश की पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन इसी महीने से गुवाहाटी से कोलकाता के बीच दौड़ेगी, यह दावा रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने किया है। इस सुविधा को दोनों राज्यों में इसी साल होने वाले विधानसभा चुनाव से भी जोड़कर देखा जा रहा है।

**वंदे भारत स्लीपर कब से दौड़ेगी, जल्द बताएंगे रेलमंत्री :** रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने नए साल के पहले दिन इसका ऐलान करते हुए कहा कि सेमी हाई स्पीड वंदे भारत स्लीपर ट्रेन का 30 दिसंबर को कोटा डिवीजन में कोटा से नागदा के बीच 180 किलोमीटर प्रति घंटे की अधिकतम रफ्तार से ट्रायल हुआ, जो पूरी तरह से कामयाब रहा। इसे सीआरएस की मंजूरी भी मिल गई है। अब इसी महीने जनवरी से यह यात्रियों को सेवाएं देना शुरू कर देगी। तारीखों की घोषणा जल्द ही की जाएगी।

**दुनिया के बेस्ट ट्रेनों में शामिल होने का दावा :** रेल मंत्री वैष्णव ने कहा कि भारत की इस पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन में यात्रा करने का अनुभव दुनिया की बेस्ट से बेस्ट ट्रेनों से बेहतर ही रहेगा। यह ट्रेन एक्सप्रेस क्वालिटी की डिजाइन की गई है। इसे बहुत लंबी दूरी के लिए नहीं, बल्कि 1000 से 1500 किलोमीटर लंबी दूरी के लिए डिजाइन किया गया है।

**वंदे भारत स्लीपर चलाएगा अन्य ट्रेनों की तुलना में 3 घंटे का समय :** यह इन शहरों के बीच चलने वाली अन्य ट्रेनों के मुकाबले करीब तीन घंटे की बचत करेगी। हालांकि, इसका ट्रायल 180 किलोमीटर प्रति घंटे की इसकी अधिकतम रफ्तार पर कामयाब रहा है। लेकिन यह दौड़ेगी औसत स्पीड 120 से 130 किलोमीटर प्रति घंटे के बीच ही।

**इसका किराया आम लोगों को ध्यान में रखते हुए तय किया गया है।** -रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव



इसमें फर्स्ट एसी के लिए तकरीबन 3600 रुपये, सेकंड एसी के लिए 3000 रुपये और थर्ड एसी का किराया करीब 2300 रुपये रखा गया है। यह किराया इस दूरी के लिए एयरलाइंस के छह से आठ हजार रुपये के फेयर से काफी कम है। यह दोर शाम चलेगी और सुबह मंजिल पर पहुंचेगी।

**1000 से 1500** किमी दूरी के लिए डिजाइन किया गया इस ट्रेन को।

**16 कोच** की है यह ट्रेन, जो कि । पूरी तरह से वातानुकूलित है।

**30 दिसंबर** को कोटा डिवीजन में किया गया था वंदे भारत स्लीपर ट्रेन का ट्रायल।

**823 यात्रियों** के बैठने की क्षमता है कुल इस स्लीपर ट्रेन में।

**180 किमी** प्रति घंटा थी कोटा से नागदा के बीच ट्रायल के दौरान ट्रेन की स्पीड।

**11 कोच** होंगे थर्ड एसी के, जिसमें 611 यात्री सफर कर सकेंगे।

**8 और स्लीपर** वंदे भारत ट्रेनें अगले छह महीने में आ जाएंगी।

**4 कोच** II एसी के होंगे, 188 यात्रियों के लिए। 1 कोच फर्स्ट एसी का होगा, 24 सीटें होंगी।

### मुसाफिरों को परोसे जाएंगे बंगाल और असम के स्वादिष्ट व्यंजन

इस ट्रेन की कई विशेषताओं में से एक इसमें सफर के दौरान मिलने वाला फूड भी होगा। असम और पश्चिम बंगाल के बेस्ट फूड वालों को इसकी जिम्मेदारी दी जा रही है। जो ट्रेन कोलकाता से चलेगी, उसमें यात्रियों को बंगाली फूड सर्व किया जाएगा, जबकि जो ट्रेन गुवाहाटी से चलेगी उसमें असमिया खाना परोसा जाएगा।

### ट्रेन में साफ-सफाई और दिव्यांगों का रखा गया है खास खयाल

एसी कोच में 99.99% तक बैक्टीरिया को खत्म करने वाला सिस्टम होगा। तमाम डोर ऑटोमैटिक हैं। दिव्यांग की व्हील चेयर भी मेट्रो की तरह इसके कोच तक आसानी से आ सकेगी। यात्रियों को दिए जाने वाले कंबल और चादर भी नए स्टैंडर्ड वाली होंगी। इसी तरह की 8 और स्लीपर ट्रेन अगले छह महीने में आ जाएंगी जो की इस साल के अंत तक बढ़कर 12 हो जाएंगी।

**मोबाइल फोन चार्ज करने से लेकर तमाम इंतजाम होंगे**

रेलमंत्री ने बताया कि ट्रेन में सफर करना शानदार अनुभव रहेगा। बर्थ को बच्चे, बूढ़े, महिलाओं, पतले-मोटे, छोटे और लंबे सभी तरह के यात्रियों को ध्यान में रखते हुए डिजाइन किया गया है। बर्थ बेहद आरामदायक होगी। सफर के दौरान लोगों को झटके भी नहीं लगेंगे। ऊपर की बर्थ पर चढ़ने के लिए जो सीढ़ियां बनाई गई हैं। यह पूरी तरह से पैसेंजर फ्रेंडली है। मोबाइल फोन चार्ज करने से लेकर पानी की बोतल रखने और अन्य सामान के लिए इसमें पर्याप्त इंतजाम किए गए हैं।

## रेलमंत्री का दावा

### देश की पहली बुलेट ट्रेन अगले साल ट्रैक पर


AI Image

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने गुरुवार को देश की पहली बुलेट ट्रेन को लेकर भी घोषणा की। उन्होंने कहा कि पहले चरण में बुलेट ट्रेन गुजरात के सूरत से बिलिमोरा के बीच 50 किमी वाले ट्रैक पर अगले साल दौड़ना शुरू कर देगी। हालांकि, पहले चरण में सूरत से वापी के बीच 100 किलोमीटर दूरी तक संचालन की बात कही गई थी। लेकिन, गुरुवार को रेल मंत्री ने पहले चरण में इसके सूरत से बिलिमोरा के बीच चलने का ऐलान किया।

**मुंबई से अहमदाबाद** के बीच 508 किमी दूरी के बीच चल रहे देश के इस पहले बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट में कुल 12 स्टेशन होंगे। पूरी दूरी के बीच बुलेट ट्रेन 2029 तक दौड़ना शुरू कर सकती है। 320 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से बुलेट ट्रेन मुंबई से अहमदाबाद के बीच चार स्टेशनों पर रुकते हुए 508 किमी की दूरी 1:58 घंटे में और सभी 12 स्टेशनों पर रुकती है तो यह सफर 2:17 घंटे में पूरा करेगी।


**पहले चरण में ट्रेन सूरत से बिलिमोरा के बीच चलेगी।**

**हाथियों का रखा जाएगा ध्यान :** रेलमंत्री वैष्णव ने बताया कि इस नए सिक्योरिटी सिस्टम में हाथियों को डबल सिक्योरिटी कवर दिया जाएगा। इसमें पहला सिक्योरिटी कवर मौजूदा ऑप्टिकल फाइबर केबल वाला कुछ ट्रैक पर दिया ही जा रहा है। दूसरा सिस्टम एआई कैमरे वाला लाया जा रहा है, जो ऑप्टिकल फाइबर वाले सिस्टम से भी कहीं बेहतर होगा। यह रात में भी अच्छे से काम करेगा। यह कैमरे इंजनों में एकदम आगे ऊपर की तरफ लगाए जाएंगे। अभी असम समेत देशभर में रेलवे ट्रैकों पर उन कॉरिडोर की पहचान की गई है। जहां-जहां हाथी अधिक मिलते हैं। इसमें करीब तीन हजार किमी कॉरिडोर की पहचान की गई है। इसमें से अभी तक अलग-अलग राज्यों में पहचान कर 1375 किमी रेलवे ट्रैक पर हाथियों को ट्रेनों की चपेट में आने से बचाने के लिए ऑप्टिकल फाइबर केबल बिछा दिए गए हैं।

## लोकपाल ने की कार्रवाई

# 7 BMW कारों की खरीद के लिए विवादित टेंडर रद्द

■ भाषा, नई दिल्ली


AI Image

**भ्रष्टाचार-रोधी** संस्था लोकपाल ने सात लग्जरी बीएमडब्ल्यू कारों की खरीद के लिए जारी की गई अपनी विवादास्पद टेंडर को रद्द कर दिया है। इस टेंडर को जारी होने के लगभग दो महीने बाद ही रद्द कर दिया गया। अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

यह कदम इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि विपक्षी दलों और भ्रष्टाचार विरोधी कार्यकर्ताओं ने लोकपाल द्वारा उच्च श्रेणी के वाहनों की खरीद के फैसले की कड़ी आलोचना की थी। अधिकारियों ने बताया कि खरीद प्रस्ताव को रद्द करने का निर्णय लोकपाल की पूर्ण पीठ के एक प्रस्ताव के बाद लिया गया और इसके बाद लोकपाल द्वारा 16 दिसंबर, 2025 को एक शुद्धिपत्र जारी किया गया था। लोकपाल ने 16 अक्टूबर, 2025 को लगभग पांच करोड़ रुपये में सात बीएमडब्ल्यू 3 सीरीज 330ली कारों की आपूर्ति के लिए प्रतिष्ठित एजेंसियों से निविदाएं आमंत्रित करने के वास्ते प्रस्ताव के लिए अनुरोध जारी किया था।

**टेंडर जारी होने के 2 महीने बाद ही हुई कार्रवाई।**

इस खरीद का उद्देश्य संस्था के प्रत्येक वर्तमान सदस्य, जिनमें अध्यक्ष न्यायमूर्ति ए.एम. खानविलकर (सेवानिवृत्त) और छह अन्य सदस्य शामिल हैं, के लिए एक वाहन उपलब्ध कराना है। लोकपाल के स्वीकृत पदों की संख्या आठ है। निविदा में लिखा गया था, 'भारत के लोकपाल सात बीएमडब्ल्यू 3 सीरीज 330एलआई कारों की आपूर्ति के लिए प्रतिष्ठित एजेंसियों से खुली निविदाएं आमंत्रित करते हैं।'

इसमें 'लंबे व्हीलबेस' और सफेद रंग के 'एम स्पोर्ट' मॉडल की खरीद का उल्लेख था। नयी दिल्ली में प्रस्तावित कारों की कीमत लगभग पांच करोड़ रुपये होने का अनुमान लगाया गया था।

लोकपाल के इस फैसले की विपक्षी दलों ने कड़ी आलोचना की थी।

## एयर इंडिया ने की कार्रवाई

# वैंकूवर-दिल्ली फ्लाइट से पहले पायलट ग्राउंडेड

■ पीटीआई, मुंबई : एयर इंडिया ने गुरुवार को बताया कि कंपनी के एक पायलट को ड्यूटी से हटा दिया गया (ग्राउंडेड) है। यह कार्रवाई 23 दिसंबर को वैंकूवर-दिल्ली फ्लाइट ऑपरेट करने से ठीक पहले की गई। कनाडाई अधिकारियों ने ड्यूटी के लिए पायलट की फिटनेस पर सवाल उठाए थे। एयर इंडिया के मुताबिक, वैंकूवर से दिल्ली जाने वाली फ्लाइट के रवाना होने से ठीक पहले उस पायलट को विमान से उतार दिया गया। बयान के मुताबिक, '23 दिसंबर 2025 को वैंकूवर से दिल्ली जाने वाली फ्लाइट AI186 में अंतिम समय पर देरी हुई, क्योंकि कॉकपिट क्रू के एक सदस्य को उड़ान से पहले हटा दिया गया।'

**पायलट की फिटनेस पर सवाल उठे थे।**

### उड़ान के दौरान इंफेक्शन का दावा, जांच शुरू


File

■ पीटीआई, नई दिल्ली : एक पैसेंजर ने दावा किया कि अकासा एयर की फ्लाइट में सफर करने के बाद उन्हें फंगल इंफेक्शन हो गया। वहीं एयरलाइन ने कहा है कि वह मामले की जांच कर रही है। लिंक्डइन पर एक पोस्ट में जाह्नवी त्रिपाठी ने बताया कि उन्होंने 26 दिसंबर को बेंगलुरु से अहमदाबाद के लिए अकासा एयर की फ्लाइट ली थी। सीटें गंदी थीं। इस दौरान इंफेक्शन हो गया।

## TMC के स्थापना दिवस पर दावा

# ममता बनर्जी ने कहा- दुष्ट ताकतों के आगे नहीं झुकेंगे

■ भाषा, कोलकाता

**तृणमूल कांग्रेस** (टीएमसी) के स्थापना दिवस पर बधाई देते हुए पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गुरुवार को कहा कि उनकी पार्टी जनता के लिए अपनी लड़ाई जारी रखेगी और दुष्ट ताकतों के सामने नहीं झुकेगी।

बनर्जी ने कहा कि पार्टी की इस ऐतिहासिक यात्रा का मूल मार्गदर्शक सिद्धांत मातृभूमि का सम्मान, बंगाल का विकास और लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा करना रहा है। ममता बनर्जी ने कहा कि 'मां, माटी, मानुष' की सेवा के लक्ष्य के साथ पार्टी का सफर एक जनवरी, 1998 को शुरू हुआ था।

उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं की निष्ठा और त्याग की सराहना करते हुए सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'आज भी हमारी पार्टी का हर कार्यकर्ता और समर्थक इस लक्ष्य के प्रति अडिग और प्रतिबद्ध है।'

बनर्जी ने कहा कि पार्टी को अनगिनत लोगों के स्नेह, प्रेम और दुआओं का आशीर्वाद मिला है। उन्होंने जोर देकर कहा कि जनता का यही समर्थन पार्टी की शक्ति है और टीएमसी देश के हर व्यक्ति के अधिकार की लड़ाई के लिए पूरी तरह संकल्पित रहेगी। उन्होंने कहा, 'हम किसी भी दुर्भावनापूर्ण शक्ति के आगे नहीं झुकेंगे और तमाम विरोधों को दरकिनार करते हुए, आम लोगों के लिए हमारा संघर्ष जीवन भर जारी रहेगा।'

**'मां, माटी, मानुष' की सेवा के लक्ष्य के साथ पार्टी का सफर 1998 में शुरू हुआ था। जनता के लिए लड़ाई जारी रहेगी।** -ममता बनर्जी, CM



### TMC सरकार का रिपोर्ट कार्ड पेश करेंगे अभिषेक

तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी सरकार के 2011 से लेकर पिछले 14 वर्षों के शासनकाल में किए गए कार्यों का 'रिपोर्ट कार्ड' पेश करने के लिए शुक्रवार से सड़कों पर उतरेंगे। पश्चिम बंगाल में कुछ ही महीनों में विधानसभा चुनाव प्रस्तावित है। तृणमूल कांग्रेस ने गुरुवार को 'एक्स' पर बनर्जी द्वारा गढ़ा गया नारा 'जोतोई कोरो हमला, आबार जितबे बांग्ला' (आप जितना भी हमला करें, बंगाल फिर से विजयी होकर उभरेगा) लिखा।

# तिरुवनंतपुरम के मेयर को PM का खत

## बधाई देकर कहा- यह ऐतिहासिक जीत

■ भाषा, तिरुवनंतपुरम

**प्रधानमंत्री नरेंद्र** मोदी ने तिरुवनंतपुरम के महापौर वी.वी. राजेश को पत्र लिखकर केरल की राजधानी में पहली बार सत्ता में आने पर उन्हें और बीजेपी के नेताओं को बधाई दी है। साथ ही इस जीत को ऐतिहासिक बताया।

राजेश को 30 दिसंबर को संबोधित पत्र में प्रधानमंत्री ने कहा कि महापौर और उप महापौर जी.एस. आशा नाथ के शपथ ग्रहण के साथ तिरुवनंतपुरम में इतिहास रचा गया है। केरल की राजधानी ने देश को कई नेता, समाज सुधारक, कलाकार, संगीतकार, कवि, सांस्कृतिक हस्तियां, संत और महापुरुष दिए हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि जब ऐसा शहर हमारी पार्टी को आशीर्वाद देता है तो यह अत्यंत गर्व करने वाला अनुभव है। विकसित तिरुवनंतपुरम बनाने का हमारा दृष्टिकोण समाज के सभी वर्गों में लोगों के साथ गूंजा है। मोदी ने कहा, मैं इस स्नेह के लिए आभार व्यक्त करता हूं।


केरल की राजधानी में पहली बार सत्ता में आई पार्टी तो बताया गर्व का क्षण।

### वाइब्रेंट गुजरात कॉन्फ्रेंस की शुरुआत करेंगे मोदी

पीएम मोदी 11 जनवरी को राजकोट में कच्छ और सौराष्ट्र क्षेत्र के लिए आयोजित वाइब्रेंट गुजरात रीजनल कॉन्फ्रेंस (VGRC) की शुरुआत करेंगे। गुजरात के कृषि मंत्री और सरकार के प्रवक्ता जितु वाघाणी ने बताया कि यह दो दिनों का सम्मेलन 11 और 12 जनवरी को राजकोट स्थित मारवाड़ी यूनिवर्सिटी कैंपस में आयोजित किया जाएगा। यह सम्मेलन कच्छ और सौराष्ट्र क्षेत्र पर केंद्रित होगा। उन्होंने कहा कि सम्मेलन का उद्देश्य इस क्षेत्र में उभरते आर्थिक, औद्योगिक और सांस्कृतिक अवसरों को सामने लाना और उन्हें बढ़ावा देना है। इसके लिए 6,000 से अधिक लोग रजिस्ट्रेशन करा चुके हैं।

# श्रीराम के दर पर गुजरा नव वर्ष



■ अयोध्या में राम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा की वर्षगांठ के एक दिन बाद नव वर्ष पर गुरुवार को श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़।

■ राम जन्मभूमि और हनुमानगढ़ी मंदिरों में VIP दर्शन बंद करने पड़े। स्थानीय लोगों से यात्रा टालने का अनुरोध किया गया।

# बंगाल में EC ने तैनात किए 3300 माइक्रो ऑब्जर्वर

Maneesh.Aggarwal
@timesofindia.com

■ नई दिल्ली : पश्चिम बंगाल में वोटर लिस्ट की चल रही SIR प्रक्रिया में कहीं कोई गड़बड़ी ना हो इसके लिए चुनाव आयोग ने 3300 से अधिक माइक्रो ऑब्जर्वर तैनात किए हैं। ये केंद्र सरकार के अधीन हैं। इन सभी को राज्य के 294 इलेक्टोरल रजिस्ट्रेशन ऑफिसर (ERO) और तीन हजार से अधिक असिस्टेंट इलेक्टोरल रजिस्ट्रेशन ऑफिसर (AERO) द्वारा SIR प्रक्रिया के तहत किए जा रहे कार्यों और वोटरों की अपील पर गहरी निगरानी रखने के लिए तैनात किया गया है। राज्य से चुनाव आयोग को कुछ ऐसे इनपुट भी मिले थे, जिनमें कुछ बीएलओ को बाहरी और फर्जी वोटरों के नाम वोटर लिस्ट से ना काटने का दबाव भी डाला गया। ऐसे में आयोग ने इस तरह की विसंगतियों को देखते हुए प्रत्येक ERO और AERO के ऊपर एक-एक माइक्रो ऑब्जर्वर बैठा दिया।

**सूत्रों के मुताबिक, EC ने यह माइक्रो ऑब्जर्वर बंगाल के CEO के मांगे जाने पर मुहैया कराए गए हैं।**

# बिना पर्ची कफ सिरप नहीं, सरकार ने जारी किया ड्राफ्ट नियम

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**बच्चों की** मौतों से जुड़े दूषित कफ सिरप मामलों के बाद केंद्र सरकार अब सिरप की बिक्री पर सख्त नियम लाने जा रही है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने कफ सिरप की ओवर-द-काउंटर बिक्री रोकने के लिए नए नियमों का ड्राफ्ट जारी किया है। प्रस्ताव के मुताबिक अब कफ सिरप समेत सभी तरह के सिरप डॉक्टर की पर्ची के बिना नहीं बिक सकेंगे।

स्वास्थ्य मंत्रालय ने ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट, 1940 के तहत ड्रग्स (संशोधन) नियम, 2025 का मसौदा जारी किया है। इसमें ड्रग्स रूल्स, 1945 की शेड्यूल-K से सिरप शब्द हटाने का प्रस्ताव है। अभी तक शेड्यूल-K में शामिल दवाएं सीमित शर्तों के साथ बिना पर्चे बेची जा सकती थी, लेकिन बदलाव के बाद सिरप प्रिस्क्रिप्शन-ओनली दवाओं की श्रेणी में आ जाएंगे।


AI Image

यह कदम विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) की चेतावनी और देश में सामने आए गंभीर मामलों के बाद उठाया गया है। अक्टूबर 2025 में WHO ने तमिलनाडु की एक दवा कंपनी द्वारा बनाए गए Coldrif कफ सिरप को लेकर अलर्ट जारी किया था। जांच में सिरप के दूषित पाए जाने और उससे गंभीर साइड इफेक्ट्स सामने आने की बात कही गई थी। रिपोर्ट के अनुसार मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा और बैतूल जिलों में इस सिरप के पीने के बाद कई बच्चों की मौत हुई थी।

सरकार का कहना है कि नए नियमों का मकसद दवाओं के दुरुपयोग को रोकना और खासतौर पर बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है।

### एक्सपर्ट कहते हैं, कफ सिरप को लोग हल्के में लेते हैं

दिल्ली के वरिष्ठ पीडियाट्रिशियन डॉक्टर धीरेन गुप्ता के मुताबिक कफ सिरप को आमतौर पर लोग हल्की और सुरक्षित दवा समझकर बिना सलाह के ले लेते हैं, जबकि इनमें मौजूद कई दवाएं जैसे एंटीहिस्टामिन, सिडेटिव या ओपिओइड आदि बच्चों, बुजुर्गों और पहले से बीमार मरीजों में गंभीर नुकसान कर सकती हैं। प्रिस्क्रिप्शन अनिवार्य करने से गलत इस्तेमाल, ओवरडोज और नशे की प्रवृत्ति पर लगाम लगेगी। मरीजों को सही बीमारी के लिए सही दवा, सही मात्रा में मिल सकेगी, जो समाज और स्वास्थ्य-व्यवस्था दोनों के लिए फायदेमंद है।

**प्रगति...** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने 'स्किल द नेशन चैलेंज' की शुरुआत की

# भारत की अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा AI: राष्ट्रपति

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**राष्ट्रपति द्रौपदी** मुर्मु ने 'स्किल द नेशन चैलेंज' का शुभारंभ करते हुए कहा कि विभिन्न क्षेत्रों में आर्टिफिशल इंटेलिजेंस (AI) का महत्व और उपयोग तेजी से बढ़ रहा है। सभी के लिए AI के बारे में जानना और समझना जरूरी हो गया है।

उन्होंने कहा कि एआई भारत की अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने में एक महत्वपूर्ण भूमिका के रूप में उभर रहा है और आने वाले दशकों में इसका देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी), रोजगार और उत्पादकता में महत्वपूर्ण योगदान होगा। सामाजिक, आर्थिक और तकनीकी बाधाओं को कम करने के लिए एआई का उपयोग किया जाना चाहिए। उन्होंने इस अवसर पर वर्चुअली ओडिशा के रायरंगपुर में स्थित इग्नू रीजनल सेंटर और स्किल सेंटर का उद्घाटन भी किया।

राष्ट्रपति मुर्मु ने AI को सकारात्मक बदलाव लाने का एक 'बड़ा अवसर' बताते हुए कहा कि यह सुनिश्चित करना आवश्यक है कि इसके लाभ समाज के सभी वर्गों विशेष रूप से वंचितों तक पहुंचें।


PTI
**मुर्मु बोलीं**- AI के बारे में जानना सभी के लिए जरूरी हो गया है।

# WinZO केस में ₹192 करोड़ के डिपॉजिट फ्रीज

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : ED ने गुरुवार को बताया कि उसने रियल मनी ऑनलाइन गेमिंग ऐप विंजो (WinZO) की अकाउंटिंग फर्म के परिसरों में बुधवार को मारे गए छापे में 192 करोड़ के बैंक डिपॉजिट, म्यूचुअल फंड और FD को फ्रीज कर दिया।

ED ने कहा कि उसके बेंगलुरु जोनल ऑफिस ने प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट 2002 के तहत मेसर्स ZO गेम्स प्राइवेट लिमिटेड के परिसर पर छापा मारा, जो WinZO गेम्स के पूर्ण स्वामित्व वाली सहयोगी कंपनी है। इससे पहले नवंबर में ED ने WinZO के संस्थापकों सौम्या सिंह राठौर और पवन नंदा को अरेस्ट किया था।

सौम्या को कुछ दिनों पहले बेंगलुरु की एक कोर्ट ने जमानत पर छोड़ने का आदेश दिया था। नंदा का बेल एप्लिकेशन खारिज हो गया। नवंबर में ED ने इस मामले में छापे मारकर 505 करोड़ रुपये के बॉन्ड, एफडी और म्यूचुअल फंड फ्रीज किए थे। ED ने आरोप लगाया था कि विंजो ने अपने कस्टमर्स को यह नहीं बताया था कि वे दूसरे इंसानों के साथ रियल मनी गेम्स नहीं खेल रहे।

**ED ने WinZO की अकाउंटिंग फर्म के परिसरों में छापे मारे।**

# ED का छापा, ₹10 करोड़ की संपत्ति ज़ब्त

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**एन्फोर्समेंट डायरेक्टरेट** ने साउथ दिल्ली के वेस्टएंड ग्रीन एरिया में एक फार्महाउस पर छापा मारकर 1.22 करोड़ रुपये कैश और 8.80 करोड़ रुपये के सोने और हीरे के गहने जब्त किए। अधिकारियों ने गुरुवार को बताया कि छापा हरियाणा के कथित अपराधी और फिलहाल UAE में मौजूद इंदरजीत सिंह यादव से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में मारा गया। उन्होंने बताया कि जिस फार्म हाउस पर छापा मारा गया, वह सुनील गुप्ता का है। इससे पहले बुधवार को ED ने यादव से जुड़े मामले में ही साउथ दिल्ली के सर्वप्रिय विहार इलाके में अमन कुमार के घर पर छापा मारा था। इसमें 5.12 करोड़ रुपये कैश और 8.80 करोड़ रुपये की गोल्ड और डायमंड ज्वैलरी के अलावा 35 करोड़ रुपये की संपत्तियों के दस्तावेज जब्त किए गए थे।


PTI
कैश और सोने-हीरे के गहने मिले।

ED यह एक्शन हरियाणा और यूपी पुलिस की ओर से यादव और उसके साथियों पर दर्ज 15 से ज्यादा एफआईआर से जुड़ी जांच के तहत ले रहा है। यादव पर अवैध वसूली, प्राइवेट फाइनैंसरों के लोन सेटलमेंट में जोर-जबरदस्ती करने, धमकाने और ऐसी गतिविधियों से कमीशन लेने के आरोप हैं। अधिकारियों ने बताया कि सुनील गुप्ता ने पहले यादव के साथी अमन कुमार को लोन दिया था और ED के जांच शुरू करने के बाद अमन ने गुप्ता को पैसा ट्रांसफर कर अपराध की रकम ठिकाने लगाने की कोशिश की थी।

**ED ने दिल्ली के वेस्टएंड ग्रीन एरिया में की कार्रवाई।**

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 02-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH08 User: rajesh.mishra Time: 01-01-2026 22:28 Color:



**जीवन में अपना उद्देश्य पहचानें**
स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी के शोध के अनुसार, जो लोग अपने जीवन में उद्देश्य महसूस करते हैं, वे न सिर्फ ज़्यादा खुश रहते हैं, बल्कि तनाव, अकेलेपन और डिप्रेशन से भी दूर रहते हैं।

## विचार


मनुष्य की सच्ची खुशी बाहरी सुख-सुविधाओं में नहीं, बल्कि उसके दृष्टिकोण में छिपी होती है। परिस्थितियां सबके जीवन में आती हैं, पर जो व्यक्ति उन्हें स्वीकार कर आगे बढ़ता है, वही संतुलित रहता है। जब हम अनावश्यक इच्छाओं को कम करते हैं और वर्तमान क्षण को समझना सीखते हैं, तब मन हल्का होता है। शांति और संतोष से उपजी खुशी ही स्थायी होती है।
— स्वामी विवेकानंद

## ज़रा हंस लें

**सोनू:** यार, आजकल तू बहुत चुप रहने लगा है।
**मोनू:** भाई, मोबाइल रिचार्ज खत्म हो गया है

## कविता

### हर पल नया साल रहे


AI Image

जो कल नव था हुआ अब अतीत।
आना और जाना तो जग की रीति।
नववर्ष, नव प्रभात, नभ भी नवगीत।
अभिनंदन, वन्दन, हो जग सुरभित।
हर नववर्ष सभी को हर्ष मिले।
और अम्बर सा उत्कर्ष मिले।
सुन्दर तन चहे मिले न मिले।
पर मन को मन का स्पर्श मिले।
जीवन मिलत एक बार, एक ही जनम।
हर ख्वाब न पूरे हों हरदम।
कुछ ख्वाहिशें भी अधूरी जो रह जाएं।
तो जीने का मजा भी तब आए।
हर दिन, हर पल नया साल रहे।

— अजय कुमार त्रिपाठी, NBT रीडर

पॉजिटिव सोच के साथ आपने भी कोई कविता लिखी है, तो हमें ईमेल nbtreader@timesofindia.com पर भेजें। जिसे मिल सकता है अगले अंक में छपने का मौका।



# सदियों पुराने सन्नाटे का शाही अंत

100 साल बाद बांधवगढ़ में हाथियों की फिर से वापसी।

# बाघों के आंगन में गजराज की 'ताजपोशी'





■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** करीब 100 साल बाद बांधवगढ़ में हाथियों की ग्रैंड एंट्री से पूरे मध्य प्रदेश में उत्साह है। जिस इलाके में 1925 के आसपास हाथी दिखना बंद हो गए थे, वहीं आज फिर से उनकी चिंघाड़ गूंज रही है। जंगल में दिखते उनके गहरे पैरों के निशान और हथियों की आवाजें इस बात का सबूत है कि यह हाथियों के परिवार अब स्थाई रूप से बस चुके हैं। बाघों के साथ अब हाथियों की ऐतिहासिक वापसी ने यहां पर्यटन को कई गुना बढ़ा दिया है।

**97** जंगली हाथियों का मध्य प्रदेश के जंगल में स्थाई बसेरा।
**40** हाथियों के बड़े झुंड का 2018 में यहां हुआ था आगमन।
**50** हाथी फिलहाल अकेले बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में मौजूद।
**200 KM** लंबे इलाके में हाथियों की सुरक्षा के कड़े इंतजाम।

# IIT-D के सुपर सीनियर्स ने दिया 70 करोड़ का 'तोहफा'

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नॉलजी (IIT) दिल्ली के साल 2000 बैच के स्टूडेंट्स ने मिलकर 70 करोड़ रुपये से ज्यादा की रकम अपने इंस्टिट्यूट को देने का फैसला लिया है। यह अब तक किसी एक ही अंडरग्रेजुएट बैच की ओर से दी गई रकम है। आईआईटी दिल्ली परिसर में आयोजित सिल्वर जुबली रीयूनियन के दौरान यह घोषणा 2000 बैच के स्टूडेंट्स ने की। इस रीयूनियन में देश और विदेश से आए साल 2000 के पूर्व स्टूडेंट्स शामिल हुए। आईआईटी प्रशासन की ओर से बताया गया कि इस अल्मनाई ग्रुप की ओर से दी जाने वाली राशि का बड़ा हिस्सा आईआईटी दिल्ली के एंडोमेंट फंड में जाएगा। इस राशि की मदद से इंस्टिट्यूट को काफी फायदा होगा और लॉन्गटर्म के लिए उसे फाइनेंशल सपोर्ट मिलेगा। इस राशि की मदद से अकैडमिक प्रोग्राम्स को मजबूत किया जाएगा। रिसर्च और इनोवेशन को बढ़ावा दिया जाएगा। साथ ही, स्टूडेंट्स को स्कॉलरशिप देने और फैकल्टी को बेहतर करने में मदद मिलेगी।


2000 बैच की ओर से बैच फाउंडेशन लीड और आईआईटी दिल्ली के पूर्व स्टूडेंट रोहित दुबे ने कहा, आईआईटी दिल्ली ने हमें बदलती दुनिया में लगातार सीखते रहना सिखाया। अब समय है कि हम इसे आगे बढ़ाएं और अगली पीढ़ी के साइंटिस्ट, आंत्रप्रेन्योर्स और टेक्निकल एक्सपर्ट्स को तैयार करने में योगदान दें। यह केवल फंड की बात नहीं है, बल्कि एक साथ आगे आने की भावना का प्रतीक है। हमारा उद्देश्य है कि आने वाले दशकों तक इंस्टिट्यूट का प्रभाव बना रहे।



# लापता लोगों को घर पहुंचाने के मिशन में जुटे शिवाभाऊ

*पिछले 15 साल से कर रहे लापता लोगों की मदद, सोशल मीडिया को बनाया जरिया*

Gitesh.Shelke@timesofindia.com


Pics: Mandar Deshpande

■ **पुणे:** वारजे इलाके से एक सुबह भारत वाघमारे का बेटा कृष्णा अचानक लापता हो गया। बेटे की चिंता में डूबे वाघमारे ने पहले सिंहगड रोड थाने में गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई। इसके बाद वे मणिकबाग, सिंहगड रोड पर एक वड़ा-पाव की दुकान पर बैठे शिवाभाऊ पासलकर से मिलने पहुंचे। ये वही शख्स हैं, जो पिछले 15 साल से लापता लोगों को ढूंढकर उनके परिवार से मिलाने का काम कर रहे हैं।

भारत वाघमारे ने बताया कि उनका बेटा पैसों के दबाव में घर छोड़कर चला गया। उसने अपने पीछे एक नोट भी लिखकर छोड़ा था। शिवाभाऊ ने पूरी बात ध्यान से सुनी, बेटे की जानकारी ली और उसकी फोटो अपने सोशल मीडिया और पूरे महाराष्ट्र के ग्रुपों में शेयर कर दी। कुछ ही दिन बाद कोल्हापुर से मैसेज मिला कि कृष्णा को वहां देखा गया है। इसी दौरान एक और शख्स वहां आया और बताया कि उसकी दादी सहकारनगर से लापता हो गई हैं। उनका कहना है कि लोग सोशल मीडिया का गलत इस्तेमाल करते हैं लेकिन वे इसका इस्तेमाल सिर्फ लोगों की मदद के लिए करते हैं।

51 साल के शिवाभाऊ पासलकर अब तक 800 से ज्यादा लापता लोगों को उनके परिवार से मिला चुके हैं।

मैं सोशल मीडिया का इस्तेमाल एक सही मकसद के लिए करता हूं।- शिवाभाऊ पासलकर



# सड़कों से सुराग और अखबार से पहचान: 700 गुमशुदा लोगों को परिवार से मिलाया

Alim.Shaikh@timesofindia.com

■ **पुणे के** पिंपरी इलाके में रहने वाले मोहम्मद हुसैन और उनकी टीम अब तक 700 से ज्यादा ऐसे लोगों को उनके परिवार से मिला चुकी है, जो या तो गुम हो गए थे या मानसिक और शारीरिक हालत खराब होने के कारण सड़कों पर भटक रहे थे।

बिहार के गया जिले के रहने वाले 30 साल के हसीब अली दो साल पहले अचानक लापता हो गए थे। करीब चार साल बाद एक नैशनल अखबार में छपी उनकी तस्वीर को देखकर परिवार ने उन्हें पहचान लिया। यह फोटो पुणे की एक एनजीओ की ओर से प्रकाशित की गई थी। ऐसा ही एक मामला कर्नाटक के रायचूर जिले का है। 20 साल की शारदा मां से झगड़े के बाद घर छोड़कर ट्रेन से पुणे आ गई थी। शारदा के पिता सिद्धप्पा, ने बेटी की तलाश के लिए गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। करीब दो महीने बाद सवाली शेल्टर होम से फोन आया कि उनकी बेटी सुरक्षित है। सिद्धप्पा ने कहा कि अगर मोहम्मद हुसैन और उनकी टीम न होती, तो शायद बेटी वापस नहीं मिलती।

मोहम्मद हुसैन 'रियल मैन रियल पीपल' नाम से एक संगठन चलाते हैं।


लापता या सड़क पर भटक रहे लोगों को घर पहुंचाती है मो. हुसैन की टीम

# THE ECONOMIC TIMES

## फटाफट खबरें

### VIL पर 638 करोड़ का जुर्माना

■ **पीटीआई, नई दिल्ली :** मुश्किलों से जूझ रही टेलिकॉम कंपनी वोडाफोन आइडिया (VIL) ने गुरुवार को बताया कि अहमदाबाद के जीएसटी ऑफिस ने उस पर करीब 638 करोड़ रुपये का जुर्माना ठोक दिया है। हालांकि, कंपनी इस फैसले से सहमत नहीं है और इसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की तैयारी कर रही है।

### बैंक भी मैनेज कर सकेंगे NPS फंड

■ **पीटीआई, नई दिल्ली :** पेंशन रेगुलेटर PFRDA ने गुरुवार को एक बड़ा फैसला लिया है। अब देश के बैंकों को भी अपना खुद का पेंशन फंड बनाने की मंजूरी दे दी गई है, ताकि वे नैशनल पेंशन सिस्टम (NPS) के पैसों को मैनेज कर सकें। रेगुलेटर ने साफ किया है कि इसके लिए नेटवर्थ, मार्केट कैप और RBI के नियमों के आधार पर योग्यता तय की जाएगी।

### बीमा कंपनियों में कमिशन पर चिंता

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई :** भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने बीमा सेक्टर को लेकर एक चिंता जाहिर की है। आरबीआई का कहना है कि बीमा कंपनियां अपनी कार्यक्षमता बढ़ाने के बजाय एजेंटों को मोटा कमीशन देने और महंगी मार्केटिंग की रणनीति अपनाकर कमाई बढ़ाने में लगी हैं। अपनी ताजा रिपोर्ट में आरबीआई ने सलाह दी है कि कंपनियों को बिचौलियों के बजाय ग्राहकों के फायदे पर जोर देना चाहिए।

### सोना चमका, चांदी पड़ी फीकी

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई:** राजधानी दिल्ली में सोने की कीमत 640 रुपये बढ़कर 1,38,340 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गई। चांदी का भाव 1,600 रुपये टूटकर 2,37,400 रुपये प्रति किलो पर आ गया। वहीं, IBJA के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का भाव 266 रुपये बढ़कर 1,33,461 रुपये हो गया है। एक किलो चांदी की कीमत 1,170 रुपये कम होकर 2,29,250 रुपये पर आ गई है।

# सिगरेट, पान-मसाले पर 40% GST

*1 फरवरी से एक्साइज ड्यूटी और हेल्थ एंड नैशनल सिक्योरिटी सेस भी लगेगा*

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली :** पहली फरवरी से सिगरेट सहित तंबाकू उत्पादों पर 28% के बजाय 40% GST लगेगा। इसके साथ इन पर एक एक्साइज ड्यूटी भी लगेगी। हालांकि अब तक इन पर लग रहा कंपनसेशन सेस खत्म हो जाएगा। फाइनैंस मिनिस्ट्री की ओर से जारी नोटिफिकेशन के मुताबिक, पान मसाला पर भी कंपनसेशन सेस खत्म कर पहली फरवरी से 40% GST और एक हेल्थ एंड नैशनल सिक्योरिटी सेस लगाया जाएगा। बीड़ी पर 18% GST के ऊपर हेल्थ एंड नैशनल सिक्योरिटी सेस लगेगा।

सिगरेट पर उसकी लंबाई और फिल्टर के आधार पर प्रति 1000 सिगरेट पर 2050 रुपये से 8500 रुपये तक एक्साइज ड्यूटी लगेगी। गुटखा पर 91%, च्यूइंग टोबैको पर 82% और जर्दा पर 82% एक्साइज ड्यूटी लगेगी। च्यूइंग टोबैको, फिल्टर खैनी, जर्दा, सुगंधित तंबाकू और गुटखा सहित तंबाकू उत्पादों के लिए अधिकतम खुदरा मूल्य आधारित मूल्यांकन प्रणाली शुरू की गई है। इसमें पैकेट पर घोषित रिटेल सेल प्राइस के आधार पर GST तय होगा। पान मसाला बनाने वाली इकाइयों पर उनकी उत्पादन क्षमता के आधार पर हेल्थ सेस लगाया जाएगा। वित्त मंत्रालय ने च्यूइंग टोबैको, जर्दा सेंटेड टोबैको और गुटखा पैकिंग मशीन (कैपिसिटी डिटरमिनेशन एंड कलेक्शन ऑफ ड्यूटी) रूल्स 2026 को भी नोटिफाई किया है।

पिछले साल 3 सितंबर को GST काउंसिल ने तमाम चीजों के लिए केवल 5% और 18% के दो रेट स्लैब रखने के साथ सिगरेट, पान-मसाला जैसे सिन गुड्स पर 40% के स्पेशल रेट से टैक्स लगाना तय किया था। तब वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा था कि 40% रेट अभी लागू नहीं होगा और 28% जीएसटी के साथ कंपनसेशन सेस की व्यवस्था लागू रहेगी। उन्होंने कहा था कि 1 जुलाई 2017 को जीएसटी लागू होने से राज्यों को रेवेन्यू लॉस की भरपाई के लिए केंद्र ने जो लोन लिया था, उसका रीपेमेंट हो जाने पर कंपनसेशन सेस की व्यवस्था खत्म होगी और तबसे इन उत्पादों पर 40% का स्पेशल रेट लागू होगा।

बताया गया है कि पान -मसाला मैन्युफैक्चरिंग यूनिट्स पर लगने वाले हेल्थ सेस का भी कुछ हिस्सा स्वास्थ्य जागरूकता से जुड़ी गतिविधियों के लिए राज्यों से साझा किया जा सकता है।


AI Image

### हेल्थ सेस लगाने का मकसद?

GST कानून के तहत 40% से ज्यादा रेट नहीं रखा जा सकता, लिहाजा केवल इतना GST लगाने से सिगरेट, पान-मसाला वगैरह पर कुल टैक्स काफी कम हो जाता, जो अभी 28% GST और कंपनसेशन सेस मिलाकर 88% तक है। कंपनसेशन सेस खत्म होने के बाद के इंतजाम के इरादे से पिछले महीने संसद ने सेंट्रल एक्साइज (अमेंडमेंट) बिल 2025 और हेल्थ सिक्योरिटी से नैशनल सिक्योरिटी सेस बिल 2025 पास किए थे। वित्त मंत्री ने कहा था कि हेल्थ सेस लगाने का उद्देश्य स्वास्थ्य और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए विशेष रूप से संसाधन की व्यवस्था करना है।

### नोटिफिकेशन जारी

- **नया टैक्स ढांचा:** 1 फरवरी से कंपनसेशन सेस की जगह अडिशनल एक्साइज ड्यूटी और हेल्थ सेस लागू होगा।
- **MRP आधारित टैक्स:** तंबाकू और गुटखा पर पैकेट की कीमत (MRP) के हिसाब से टैक्स की वैल्यू तय होगी।
- **ज्यादा GST:** तंबाकू और पान मसाला पर अब 40% जीएसटी लगेगा, जिसके ऊपर नए टैक्स जुड़ेंगे। बीड़ी पर 18% जीएसटी होगा।
- **राज्यों को हिस्सा:** एक्साइज ड्यूटी से मिला राजस्व राज्यों में बांटा जाएगा। फिलहाल नियम यह है कि केंद्रीय करों का 41% हिस्सा राज्यों में बांटा जाता है।

## तंबाकू कंपनियों के शेयरों में गिरावट


AI Image

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई :** नया साल सिगरेट और तंबाकू बनाने वाली कंपनियों के लिए भारी गिरावट लेकर आया है। 1 फरवरी से तंबाकू उत्पादों पर अतिरिक्त एक्साइज ड्यूटी और पान मसाला पर हेल्थ सेस लगाने के ऐलान की वजह से गुरुवार को इन कंपनियों के शेयरों में जबरदस्त गिरावट देखी गई। Godfrey Phillips India 17.09 फीसदी गिरकर 2,289.65 रुपये पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान तो यह 19.24 फीसदी तक गिर गया था। ITC के शेयर भी 9.69 फीसदी गिरकर 363.95 रुपये पर बंद हुए। कंपनी का शेयर अपने 52 हफ्तों के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गया।

वहीं, साल 2026 के पहले कारोबारी दिन शेयर बाजार की शुरुआत फीकी रही। Sensex करीब 32 अंक की मामूली गिरावट के साथ 85,188.60 पर बंद हुआ। Nifty 16.95 अंक की हल्की बढ़त के साथ 26,146.55 के स्तर पर बंद हुआ।

# दिसंबर महीने में 6.1% बढ़ा GST कलेक्शन

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली :** दिसंबर में GST कलेक्शन सालभर पहले के इसी महीने के मुकाबले 6.1% बढ़कर 1 लाख 74 हजार 550 करोड़ रुपये रहा। 22 सितंबर से घटाई गई GST दरों का असर नवंबर के बाद गुरुवार को जारी किए गए दिसंबर के आंकड़ों में भी दिखा। देश में खरीद-बिक्री से GST कलेक्शन 1.2% ही बढ़ा और 1 लाख 22 हजार 574 करोड़ रुपये रहा।

GST दरें घटाए जाने के बाद के पहले महीने अक्टूबर की तस्वीर नवंबर के आंकड़ों में दिखी थी और तब ग्रॉस GST कलेक्शन 1,70,276 करोड़ रुपये रहा। दिसंबर में इंपोर्टेड गुड्स से कलेक्शन 19.7% बढ़कर 51977 करोड़ रुपये रहा। वहीं, टोटल रिफंड्स 30.9% बढ़कर 28980 करोड़ रुपये होने का असर नेट GST कलेक्शन पर दिखा। यह सालभर पहले से 2.2% ही बढ़ा और 1,45,570 करोड़ रुपये रहा। वहीं, डोमेस्टिक ट्रांजैक्शंस से नेट कलेक्शन 5.1% घटकर 1,04,151 करोड़ रहा।

टैक्स कनेक्ट एडवाइजरी सर्विसेज के पार्टनर विवेक जालान ने कहा, 'GST 2.0 से पैकेजिंग, फार्मा सहित कई सेक्टरों में या तो इनवर्टेड ड्यूटी स्ट्रक्चर की स्थिति बनी है या बढ़ गई है। ऐसे करदाताओं ने नवंबर में इनवर्टेड ड्यूटी रिफंड्स के लिए आवेदन किया था, जो उन्हें दिसंबर में मिला। इसका असर नेट GST कलेक्शंस में दिखा है।'

दिल्ली, बिहार, और तमिलनाडु सहित 17 राज्यों में GST कलेक्शन सालभर पहले से कम रहा। यूपी में जस की तस स्थिति रही। महाराष्ट्र, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश और हरियाणा जैसे औद्योगिक राज्यों में भी सिंगल डिजिट ग्रोथ दिखी। जालान ने कहा, 'कंजम्पशन पर सरकारी खर्च का असर आने वाले महीनों में दिखेगा और अगले वित्त वर्ष में बड़ा उछाल आना चाहिए।'



- कुल (Gross) GST कलेक्शन: 1,74,550 करोड़ रुपये (6.1% की बढ़त)।
- पिछले साल नवंबर महीने में ग्रॉस GST कलेक्शन 1,70,276 करोड़ रुपये रहा।

### हड़ताल बेअसर, जोमैटो ने 75 लाख ऑर्डर डिलिवर किए

■ **पीटीआई, नई दिल्ली :** नए साल की पूर्व संध्या पर देशवासियों ने जमकर जश्न मनाया और इसका सीधा असर फूड डिलिवरी ऐप्स पर दिखा। जोमैटो और ब्लिंकिट के मालिक दीपिंदर गोयल ने सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म 'X' पर बताया कि उनके प्लैटफॉर्म्स ने रेकॉर्ड रफ्तार से डिलिवरी की। उन्होंने कहा, हड़ताल की खबरों के बावजूद हमारे ऑपरेशन्स पर कोई असर नहीं पड़ा। स्थानीय पुलिस की मदद से कुछ उपद्रवियों को काबू में रखा गया, जिससे 4.5 लाख से ज्यादा डिलिवरी पार्टनर्स ने 63 लाख से ज्यादा ग्राहकों को 75 लाख से ज्यादा ऑर्डर पहुंचाए। यह अब तक का सबसे बड़ा रेकॉर्ड है। स्विगी और मैजिकपिन के मुताबिक, भारतीयों ने न्यू ईयर के जश्न में बिरयानी, पिज्जा, बटर चिकन और गाजर के हलवे का जमकर लुत्फ उठाया।

# स्पोर्टी भी, प्रैक्टिकल भी, कितना दमदार है ये स्कूटर?

**ऑटो रिव्यू**
खालिद अमीन

**TVS NTorq 150**
एक्स शोरूम कीमत : 1.09 से 1.18 लाख रुपये

ट्रडिशनली लोग एक स्कूटर से बस यह चाहते थे कि उनका रोजमर्रा का काम हो जाए और घर में सभी लोग उसे आसानी से चला सकें। लेकिन अब पब्लिक को अब स्कूटर से भी वो सब चाहिए जो कभी स्पोर्ट्स बाइक्स में ही मिलता था यानी पावर और स्टाइल का पैकेज। यही वजह है कि कंपनियां भी महंगे और स्पोर्टी स्कूटरों पर दांव लगा रही हैं। 150cc के सेगमेंट में TVS ने Ntorq 150 के साथ एक दांव खेला है। हमने इसे कुछ दिन चलाकर परखा कि इसमें कितना है दम।

Ntorq 150 दिखने में एकदम फ्रेश और अग्रेसिव है। इसकी सबसे बड़ी पहचान है आगे की तरफ चार एलईडी प्रोजेक्टर वाला हेडलैंप, कर्वी DRLs, शार्प बॉडी लाइन। रिव्यू यूनिट का कलर ऑप्शन काफी फ्लैशी था, जो इसे भीड़ में अलग पहचान देता है। क्वालिटी के मामले में TVS ने हमेशा की तरह अच्छा काम किया है। पेंट फिनिश, स्विचगियर और पैनल फिटमेंट प्रीमियम फील देते हैं, हालांकि हैंडलबार एरिया में हल्की-फुल्की प्लास्टिक की आवाज कुछ यूनिट्स में महसूस हो सकती है।

इस स्कूटर पर बैठते ही Ntorq 125 वाली फील आती है, लेकिन ज्यादा स्पेस के साथ। राइडिंग पोजिशन न्यूट्रल और खुली हुई है। लंबी हाइट वाले राइडर भी यहां खुद को आरामदायक पाएंगे और छोटे कद के लोगों के लिए सीट हाइट काफी फ्रेंडली है। सीट लंबी और चौड़ी है, जिस पर दो फुल-साइज एडल्ट आराम से बैठ सकते हैं।

150cc एयर-कूल्ड इंजन काफी स्मूद है। कई लोग लिक्विड-कूलिंग की उम्मीद कर रहे थे। एयर-कूल्ड इंजन अच्छा परफॉर्म करता है, लेकिन लॉन्ग हाइवे राइड्स में लिक्विड-कूलिंग ज्यादा भरोसा देती। 13.2hp की पावर और 14.2Nm का टॉर्क इसे सेगमेंट का एक दमदार खिलाड़ी बनाता है। स्टार्ट से ही स्कूटर फुर्तीला लगता है और 80 kmph तक पहुंचना बेहद आसान है। हाइवे पर भी यह बिना थके क्रूज कर सकता है। इसमें दो राइडिंग मोड मिलते हैं। स्ट्रीट मोड सॉफ्ट और सिटी फ्रेंडली है, जबकि रेस मोड में पूरी ताकत और iGO इलेक्ट्रिक बूस्ट मिलता है, जो एक्सेलेरेशन को और मजेदार बना देता है।

Ntorq 150 का सस्पेंशन स्पोर्टी और कम्फर्ट के बीच बेहतरीन बैलेंस बनाता है। यह खराब सड़कों को भी अच्छे से संभाल लेता है, जो इस कैटेगरी के स्कूटर में कम ही देखने को मिलता है। कॉर्नरिंग में यह कॉन्फिडेंट है, हालांकि हार्डकोर स्पोर्टी स्कूटर जितना शार्प नहीं। यह स्कूटर कम्फर्ट को प्राथमिकता देता है, इसलिए बहुत ज्यादा एग्रेसिव राइडिंग चाहने वालों को यह Aprilia या Aerox जितना शार्प नहीं लगेगा। लेकिन बदले में जो कम्फर्ट मिलता है, वह इसे रोजमर्रा के इस्तेमाल के लिए ज्यादा बेहतर बनाता है।




टॉप वेरिएंट में 5-इंच TFT डिस्प्ले मिलता है, जिसमें नेविगेशन, कॉल-मैसेज अलर्ट, म्यूजिक कंट्रोल, Alexa सपोर्ट और कई कनेक्टेड फीचर्स हैं। बेस वेरिएंट में भी डिजिटल-एनालॉग डिस्प्ले दिया गया है। सेफ्टी के लिए सिंगल-चैनल ABS, ट्रैक्शन कंट्रोल और मजबूत ब्रेक्स मिलते हैं। रियर ब्रेक थोड़ा जल्दी लॉक हो सकता है, लेकिन यह इस सेगमेंट में आम बात है।

TVS Ntorq 150 उन लोगों के लिए बना है जो स्कूटर में बाइक जैसा मजा चाहते हैं, लेकिन कम्फर्ट और फीचर्स भी उतने ही जरूरी मानते हैं। यह स्टाइलिश है, तेज है, टेक्नोलॉजी भी है और रोजाना की राइड में भी थकाता नहीं। हालांकि माइलेज के मामले में थोड़ा समझौता करना पड़ेगा, खासतौर पर 110 सीसी सेगमेंट के मुकाबले।

### GST 2.0 से गाड़ियों की बिक्री को रफ्तार

■ **पीटीआई, नई दिल्ली :** साल 2025 पैसेंजर वीइकल्स (PV) की कुल बिक्री 45.5 लाख यूनिट्स के जादुई आंकड़े को पार कर गई। पिछले साल के मुकाबले इसमें करीब 6 फीसदी की बढ़त देखी गई। जानकारों का कहना है कि साल की शुरुआत भले ही धीमी रही, लेकिन साल के आखिरी महीनों में GST 2.0 के आने से कारों की बिक्री को जबरदस्त रफ्तार मिली। इससे पहले साल 2024 में सबसे ज्यादा 43.05 लाख गाड़ियां बिकी थीं। महिंद्रा एंड महिंद्रा और टाटा मोटर्स ने बिक्री के मामले में Hyundai को पीछे छोड़ दिया। Hyundai जो लंबे समय से दूसरे नंबर की कंपनी बनी हुई थी, अब खिसक कर चौथे पायदान पर आ गई है।



सीरीज में तीन की जगह पांच वनडे क्यों नहीं हो सकते? क्योंकि ये दोनों महान खिलाड़ी (विराट और रोहित) सिर्फ एक ही फॉर्मेट खेलते हैं। यह कहना गलत नहीं होगा कि वनडे में रुचि लौटी है, तो उसकी वजह ये दो ही हैं। - इरफान पठान, पूर्व क्रिकेटर, भारत



**903**

रन बनाए थे 7 विकेट के नुकसान पर इंग्लैंड ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 1938 में हुए ओवल टेस्ट में। यह एशेज में हाईएस्ट टोटल का रेकॉर्ड है

# ओलिंपिक्स में डबल डिजिट मेडल का लक्ष्य बनेगा हकीकत: पीटी उषा

**IOA प्रेजिडेंट ने एनबीटी के साथ एक्सक्लूसिव इंटरव्यू में कहा- हमें अपनी क्षमता और वास्तविक प्रदर्शन के बीच का अंतर दूर करना होगा**

Rahul.Kumar2@timesofindia.com

NBT इंटरव्यू

■ नई दिल्ली: देश की पूर्व स्प्रिंटर और भारतीय ओलिंपिक संघ (IOA) की मौजूदा अध्यक्ष पीटी उषा का मानना है कि भारत ने ओलिंपिक्स के लिहाज से शानदार प्रगति की है, लेकिन दुनिया के सबसे बड़े खेल आयोजन में देश के प्रदर्शन और क्षमता में अब भी बड़ा गैप है। उनका कहना है कि ओलिंपिक्स में भारत के उम्मीद के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर पाने की वजह देश में प्रतिभाओं की कमी नहीं, बल्कि असली चुनौती अक्सर शुरुआती स्टेज में प्लेयर्स को सही सिस्टम और स्ट्रक्चर नहीं मिल पाता है। नवभारत टाइम्स के साथ एक विशेष इंटरव्यू में उषा ने बताया कि कैसे भविष्य में भारत ओलिंपिक्स जैसी वर्ल्ड क्लास प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन कर मेडल सूची में ऊपर जा सकता है।

**मुश्किल नहीं 'डबल डिजिट' मेडल:** देश में अनगिनत ऐथलीट्स के साथ-साथ लाखों युवाओं की रोल मॉडल रहीं पीटी उषा का कहना है कि भारतीय ऐथलीटों ने वर्ल्ड लेवल पर जोरदार तरीके से अपनी क्षमता दिखाई है। भारत के पास ओलिंपिक गेम्स में लगातार दोहरे अंक में मेडल हासिल करने की पूरी क्षमता है, लेकिन उस लेवल तक पहुंचने के लिए हमें एक सुनियोजित और दीर्घकालिक अप्रोच के साथ काम करना होगा। सर्वप्रथम, ग्रासरूट स्तर से खेल प्रतिभाओं की परख या पहचान की प्रक्रिया को धारदार बनाना होगा। दूसरा, इसके लिए ऐसे हाई परफॉर्मेंस सेंटर्स का विस्तार करना होगा जिसमें ऐथलीट्स को प्रशिक्षण और तैयारी के लिए स्पोर्ट्स साइंस, न्यूट्रिशन, एनालिटिक्स और स्पोर्ट्स मेडिसिन जैसी एकीकृत सुविधाएं मुहैया कराई जाएं। हमें खिलाड़ियों को लगातार इंटरनैशनल लेवल पर भी एक्सपोजर देना होगा जिससे कि वे दुनिया के बेस्ट ऐथलीट्स के साथ मुकाबला करें। वहीं, आखिरी में इससे जुड़े सभी हितधारकों को तालमेल और सहयोग से काम करना होगा जिनमें खेल महासंघ, प्राइवेट पार्टनर्स और सरकार शामिल हैं। टारगेट इन्वेस्टमेंट और ऐथलीटों को फोकस में रखकर अगर नीतियां बनाई जाती हैं, तो ओलिंपिक्स में डबल डिजिट मेडल्स देश की केवल आकांक्षा भर नहीं रहेगी, बल्कि यह एक हासिल करने योग्य लक्ष्य बन जाएगा।

**रिसोर्स का बेहतर इस्तेमाल जरूरी:** भारत द्वारा खेलों में विगत वर्षों में निवेश बढ़ाए जाने के बावजूद आखिर वह ओलिंपिक्स जैसी प्रतियोगिताओं में क्यों पिछड़ रहा है? इस पर उषा का कहना था कि हमने अपने इन्फ्रास्ट्रक्चर और फंडिंग को जरूर बेहतर किया है, लेकिन हमें यह भी सुनिश्चित करना होगा कि उसका फायदा ऐथलीटों के निखरे हुए प्रदर्शन के रूप में सामने आए और इसके लिए जवाबदेह 'स्पोर्ट्स इकोसिस्टम' तैयार करने की जरूरत है।

**'खेलो इंडिया' से बदल रही है तस्वीर**

उषा का मानना है कि देश में युवा खेल प्रतिभाओं को पहचानने और तराशने के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा कुछ साल पहले शुरू किए गए 'खेलो इंडिया गेम्स' ने युवा ऐथलीट्स के बीच खेलों को लेकर जबर्दस्त उत्साह पैदा किया है। यह युवा ऐथलीट्स को एक नैशनल प्लैटफॉर्म मुहैया कराने और प्रफेशनल लेवल पर प्रतिस्पर्धा का अनुभव कराने का काम कर रहा है। उनके मुताबिक इस स्कीम ने बॉक्सिंग, आर्चरी, ऐथलेटिक्स से लेकर कई खेलों विधाओं में देश को कई उभरते हुए चैंपियन देने का काम किया है। यही नहीं, इस कार्यक्रम के जरिए भारत में एक सांस्कृतिक तब्दीली भी आती दिख रही है और भारतीय परिवार अब खेलों को करियर का एक गंभीर विकल्प मानने लगे हैं। 'खेलो इंडिया' एक टूर्नामेंट भर नहीं है, बल्कि एक ऐसा आंदोलन है जो भारतीय खेलों के भविष्य को आकार देने का काम कर रहा है।

**7** मेडल जीते थे भारत ने 2020 के तोक्यो ओलिंपिक्स में, जो दुनिया की इस प्रमुखतम खेल प्रतियोगिता में अब तक का उसका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है

**10** कुल गोल्ड मेडल भारत आज तक ओलिंपिक गेम्स में जीत सका है जिसमें से आठ हॉकी में ही हैं। दो व्यक्तिगत गोल्ड विजेता ऐथलीट अभिनव बिंद्रा (शूटिंग, 2008) और नीरज चोपड़ा (जैवलिन, 2020) रहे हैं



पूर्व ऐथलीट और IOA की मौजूदा अध्यक्ष पीटी उषा

**IOA का फोकस लंबी अवधि के ब्लूप्रिंट पर**

उषा के मुताबिक, IOA एक लंबी अवधि के ब्लूप्रिंट पर फोकस कर रहा है जिसमें ग्रासरूट लेवल कोचिंग, प्रतिभाओं को पहचानने की प्रक्रिया का विस्तार, ट्रेनिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर का विकास और खिलाड़ियों को व्यक्तिगत साइंटिफिक सपोर्ट पर ध्यान दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि मेरा लक्ष्य यह है कि भारत ग्लोबल ऐथलेटिक्स प्रतियोगिताओं में ना केवल शिरकत करे, बल्कि बड़े इवेंट्स में लगातार पोडियम पर भी पहुंचे।

**MEGA स्पोर्ट्स QUIZ**

**आज के सवालों पर पांच लकी विजेताओं की छपेंगी तस्वीरें**

1. इंडियन ओलिंपिक असोसिएशन [IOA] का वर्तमान में अध्यक्ष कौन है?
A) अभिनव बिंद्रा B) गगन नारंग C) पीटी उषा D) साइना नेहवाल

2. ऑस्ट्रेलिया ने टी20 वर्ल्ड कप 2026 के लिए किसे कप्तान चुना है?
A) पैट कमिंस B) जोश हेजलवुड C) मार्कस स्टोइनिस D) मिचेल मार्श

3. ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा कितने साल के हैं?
A) 39 B) 31 C) 41 D) 44

**कल के जवाब**
1. A) अमन सहरावत
2. C) अर्जुन एरिगैसी

**लकी विनर्स**
1. रश्मी नाज, लखनऊ, यूपी
2. बिजय कुमारी, शालीमार बाग, दिल्ली
3. सरोज जैन, उरण, महाराष्ट्र

आप अपने जवाब हमें **9319282367** पर अपने नाम, तस्वीर और शहर/गांव के नाम के साथ वट्सऐप करें। इस Mega स्पोर्ट्स Quiz के 'पांच लकी विनर्स' के नाम, पता और तस्वीर हम कल के अंक में छापेंगे।

इस पेज पर छपी खबरों में ही इन सवालों का जवाब है।

न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए होना है टीम ऐलान

# वनडे वर्ल्ड कप कोर टीम में पंत बचा पाएंगे अपनी जगह!

■ NBT स्पोर्ट्स/पीटीआई, नई दिल्ली: नए साल में टीम इंडिया को अपना पहला मुकाबला न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे फॉर्मेट में खेलना है। तीन मैचों की यह सीरीज 11 जनवरी से शुरू होगी, जिसके लिए टीम का चयन कुछ दिनों में हो जाएगा। सिलेक्शन कमिटी के लिए चयन आसान नहीं होगा क्योंकि बहुत हद तक इस चयन से अगले साल होने वाले वनडे वर्ल्ड कप की कोर टीम तय हो जाएगी। सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या इस कोर टीम में ऋषभ पंत अपनी जगह बरकरार रख पाएंगे? सवाल यह भी है कि क्या डोमेस्टिक सर्किट में शानदार प्रदर्शन कर रहे ईशान किशन, देवदत्त पडिक्कल और सरफराज खान जैसे प्लेयर्स को उनका इनाम मिलेगा या नहीं।

पंत इन दिनों विजय हजारे ट्रॉफी खेल रहे हैं और चार मैचों में सिर्फ एक ही अर्धशतक जमा सके हैं। इस प्रदर्शन के आधार पर शायद वह टीम इंडिया में अपनी जगह बरकरार ना रख पाएं, लेकिन एक पहलू यह भी है कि उन्होंने पिछले 18 महीने में एक भी वनडे इंटरनैशनल नहीं खेला है, जबकि वह लगातार टीम के साथ बने हुए थे।

**ऋतुराज को मिला नया मौका:** पंत ने 2025 में एक भी वनडे नहीं खेला हालांकि वह चैंपियंस ट्रॉफी टीम और साउथ अफ्रीका के खिलाफ पिछले महीने वनडे टीम का हिस्सा थे। साउथ अफ्रीका के खिलाफ पिछली वनडे सीरीज में सलामी बल्लेबाज ऋतुराज गायकवाड़ को चौथे नंबर पर आजमाया गया और तीनों मैचों में पंत बाहर रहे।

**कई ने पेश की दावेदारी:** पंत ने 2018 में डेब्यू के बाद से सिर्फ 31 वनडे खेले हैं। उन्होंने 30 जून 2019 से 14 जनवरी 2020 के बीच में 11 वनडे खेले। फिर कोविड के बाद उन्होंने 2021 से 2022 तक 15 वनडे खेले और एक शतक, दो बार 75 से अधिक रन और एक 85 रन की पारी खेली। इसके बाद वह कार दुर्घटना का शिकार हो गए। फिर 2024 में वापसी के बाद से उन्होंने कोलंबो में एकमात्र वनडे खेला। के चार मैचों में वह एक ही में 70 रन बना सके। वहीं ईशान किशन ने झारखंड के लिए कर्नाटक के खिलाफ पहले ही मैच में 14 छक्के लगाए। टीम इंडिया के दूसरे विकेटकीपर ध्रुव जुरेल ने भी यूपी के लिए शतक जमाया।



वनडे टीम चयन

**सरफराज के सपोर्ट में आए वेंगसरकर**

मुंबई: पूर्व भारतीय क्रिकेटर दिलीप वेंगसरकर ने घरेलू क्रिकेट में लगातार शानदार प्रदर्शन के बावजूद सरफराज खान को बार-बार नजरअंदाज किए जाने पर चयनकर्ताओं की खुलकर आलोचना की है। वेंगसरकर ने सरफराज को भारत की टीम में नजरअंदाज किए जाने पर हैरानी जताते हुए टाइम्स ऑफ इंडिया से कहा, 'आप जानते हैं, मेरे लिए यह वाकई हैरान करने वाली बात है कि जब सरफराज ने इतना लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है, तो उसे किसी भी फॉर्मेट में क्यों नहीं चुना जा रहा। घरेलू इंग्लैंड सीरीज के बाद से उसे आगे कोई मौका नहीं मिला। बेशक वह ऑस्ट्रेलिया दौरे पर था, लेकिन उसे बिल्कुल भी खेलने का अवसर नहीं दिया गया। यह बात मुझे सच में हैरान करती है, क्योंकि वह खेल के हर फॉर्मेट में खेलने लायक खिलाड़ी है। ऐसी प्रतिभा को नजरअंदाज और उपेक्षित किया गया है। यह वाकई शर्मनाक है।' मुंबई के बल्लेबाज सरफराज ने मौजूदा विजय हजारे ट्रॉफी में तीन पारियों में 220 रन बनाए हैं। जिसमें गोवा के खिलाफ 75 गेंदों में खेली गई शानदार 157 रन की पारी शामिल है।



NBT Lens
खबरों के अंदर की बात

**केएल ही पहले विकेटकीपर**

पंद्रह सदस्यीय टीम में तीन विकेटकीपर तो नहीं हो सकते और बल्लेबाज विकेटकीपर के तौर पर पहली पसंद केएल राहुल ही हैं। अब देखना यह होगा कि क्या ऋषभ पंत या ध्रुव जुरेल की जगह ईशान टीम में आते हैं या नहीं। देवदत्त पडिक्कल के नाम पर भी विचार होगा जिन्होंने 37 मैचों में 92 से अधिक के औसत से रन बनाए हैं। लेकिन कप्तान शुभमन गिल की वापसी और दूसरे छोर पर रोहित शर्मा की मौजूदगी के अलावा पिछले वनडे में शतक जमाने वाले यशस्वी जायसवाल के रहते हुए पडिक्कल को जगह मिलना मुश्किल लग रहा है। गेंदबाजी में टी20 वर्ल्ड कप को देखते हुए जसप्रीत बुमरा और हरफनमौला हार्दिक पंड्या को वनडे से आराम दिया जाना तय है। हर्षित राणा और अर्शदीप सिंह पर विचार किया जा सकता है। मोहम्मद शमी की वापसी की भी अटकलें हैं जबकि स्पिन में रविंद्र जाडेजा, वॉशिंगटन सुंदर और कुलदीप यादव का खेलना तय है।

# रोहित-विराट के संन्यास के बाद वनडे क्रिकेट का क्या भविष्य होगा: अश्विन

■ एजेंसियां, चेन्नै: भारत के पूर्व दिग्गज ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने 2027 वर्ल्ड कप के बाद वनडे क्रिकेट के भविष्य को लेकर गंभीर चिंता जताई है। अश्विन का मानना है कि विराट कोहली और रोहित शर्मा जैसे बड़े सितारों के संन्यास के बाद 50 ओवर का प्रारूप अपनी प्रासंगिकता खो सकता है।

एक्सपर्ट की राय

अपने यूट्यूब चैनल पर अश्विन ने कहा, '2027 वर्ल्ड कप के बाद वनडे क्रिकेट का क्या होगा, इसे लेकर मैं थोड़ा चिंतित हूं। मुझे लगता है टेस्ट क्रिकेट के लिए अब भी जगह है, लेकिन वनडे क्रिकेट के लिए सच में जगह नहीं बची है।' अश्विन ने कहा, 'देखिए, रोहित और विराट जब विजय हजारे ट्रॉफी खेलने आए तो लोगों ने इसे देखना शुरू किया। हमें पता है कि खेल हमेशा खिलाड़ियों से बड़ा होता है, लेकिन कई बार खेल को प्रासंगिक बनाए रखने के लिए बड़े प्लेयर्स की वापसी की जरूरत होती है। विजय हजारे एक घरेलू टूर्नामेंट है जिसे ज्यादा लोग नहीं देखते। लेकिन विराट-रोहित की वजह से लोग इसे देखने पहुंचे। फिर सवाल यह है कि जब वे वनडे खेलना बंद कर देंगे, तब क्या होगा?'



भारत के पूर्व ऑफ स्पिनर अश्विन


**हर चार साल में हो सिर्फ एक वर्ल्ड कप**

उन्होंने ICC से भी कैलेंडर पर पुनर्विचार की अपील की और कहा कि बहुत ज्यादा द्विपक्षीय सीरीज, कई प्रारूप और बार-बार वर्ल्ड कप क्रिकेट को बोझिल बना रहे हैं। अश्विन का मानना है कि अगर वनडे क्रिकेट को बचाना है तो चार साल में सिर्फ एक वर्ल्ड कप कराया जाए। उन्होंने कहा, 'हर साल राजस्व के लिए कोई ICC टूर्नामेंट कराया जाता है। फीफा को देखिए। वहां अलग लीग होती है और वर्ल्ड कप चार साल में एक बार होता है। इसलिए वर्ल्ड कप का अपना अलग महत्व है।'

# ऑस्ट्रेलिया ने जताया स्पिन अटैक पर भरोसा

■ एजेंसियां, मेलबर्न: भारत और श्रीलंका में होने वाले आगामी टी20 वर्ल्ड कप को देखते हुए ऑस्ट्रेलियाई चयनकर्ताओं ने उपमहाद्वीप की परिस्थितियों के मुताबिक टीम संतुलन तैयार किया है। गुरुवार को घोषित 15 सदस्यीय टीम में मैथ्यू कुनहेमैन, एडम जांपा, कूपर कॉनोली और ग्लेन मैक्सवेल के रूप में स्पिन विकल्पों को तरजीह दी गई है। वहीं, बाएं हाथ के अनुभवी तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क के टी20I से संन्यास के बाद किसी नए बाएं हाथ के पेसर को शामिल नहीं किया गया। उनकी जगह दाएं हाथ के तेज गेंदबाज जेवियर बार्टलेट को मौका मिला है। पैट कमिंस की पीठ की चोट पर नजर बनी हुई है। इस महीने के अंत में होने वाले स्कैन के बाद ही उनकी उपलब्धता स्पष्ट होगी। वहीं, जोश हेजलवुड और टिम डेविड हैमस्ट्रिंग चोट से उबरकर वापसी की राह पर हैं।

टी20 वर्ल्ड कप अपडेट



ऑस्ट्रेलियन टी20I कैप्टन मार्श

**टीम:** मिचेल मार्श (कप्तान), जेवियर बार्टलेट, कूपर कॉनोली, पैट कमिंस, टिम डेविड, कैमरन ग्रीन, नाथन एलिस, जोश हेजलवुड, ट्रेविस हेड, जोश इंग्लिस, मैथ्यू कुनहेमैन, ग्लेन मैक्सवेल, मैथ्यू शॉर्ट, मार्कस स्टोइनिस, एडम जांपा

**30** मैच जीते हैं ऑस्ट्रेलिया ने टी20I वर्ल्ड कप के इतिहास में। ऑस्ट्रेलिया टूर्नामेंट की (मैच जीतने के मामले में) संयुक्त तीसरी सफल टीम है

## रितिका डोपिंग के बाद TOPS से हुईं बाहर

■ एजेंसियां, नई दिल्ली: डोपिंग में विफल रहने के बाद पहलवान रितिका हुड्डा को खेल मंत्रालय की टारगेट ओलिंपिक पोडियम योजना (TOPS) से बाहर कर दिया गया है। वहीं, कंपाउंड तीरंदाज परनीत कौर और अभिषेक वर्मा को टॉप्स के कोर समूह में शामिल किया गया है, जबकि डेकाथलीट तेजस्विन शंकर को डिवेलपमेंटल सूची में जगह मिली है। डिवेलपमेंटल सूची में अनिमेष कुजूर और 4x400 मीटर रिले टीम को भी जोड़ा गया है। पैरिस ओलिंपिक्स 2024 चक्र के बाद TOPS सूची को 179 से घटाकर 94 किया गया था और हालिया प्रदर्शन के आधार पर इसमें बदलाव किए गए हैं। एशियन चैंपियनशिप मेडल विजेता रितिका पिछले साल चयन ट्रायल के दौरान डोप टेस्ट में नाकाम रही थीं। कोर समूह में अब 118 खिलाड़ी हैं। जैवलिन स्टार नीरज चोपड़ा भी लिस्ट में शामिल हैं।



रेसलर रितिका

## फटाफट खबरें

**फिडे पर मुकदमा**

■ नई दिल्ली: पूर्व वर्ल्ड चेस चैंपियन व्लादिमीर क्रामनिक ने स्विट्जरलैंड की अदालत में फिडे के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि अपुष्ट धोखाधड़ी मामलों में जांच और सार्वजनिक टिप्पणियों से उनकी छवि को नुकसान पहुंचा। क्रामनिक ने कहा कि लगातार हमलों के कारण उन्हें कानूनी रास्ता अपनाना पड़ा। फिडे सीईओ ने उनके आरोपों को "शर्मनाक" बताया था।

**मिलेगा नया S&C कोच**

■ नई दिल्ली: भारतीय महिला क्रिकेट टीम को नया स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग कोच मिलने वाला है। विमिंस प्रीमियर लीग 2026 की समाप्ति के बाद निकोलस ली महिला टीम के नए S&C कोच बनेंगे। इस रोल के लिए ऑस्ट्रेलिया के नाथन कीली से भी बातचीत चल रही थी, लेकिन निकोलस ली ने बाजी मारी।

**फुटबॉल टीम निलंबित**

■ रबात: अफ्रीका कप ऑफ नेशंस में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद गैबॉन की सरकार ने अपनी राष्ट्रीय फुटबॉल टीम को निलंबित कर दिया है और कोचिंग स्टाफ को बर्खास्त कर दिया है।

# शूटआउट में जीती टाइगर्स, पाइपर्स को दी शिकस्त

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: पेनल्टी कॉर्नर स्पेशलिस्ट अगस्टिना गोरजेलानी के दो गोल और गोलकीपर जेनिफर रिजो की बदौलत श्राची बंगाल टाइगर्स ने विमिंस हॉकी इंडिया लीग में जीत के ट्रैक पर वापसी की। लीग का पहला मैच जीतने और दूसरे मैच में हार का सामना करने के बाद बंगाल टाइगर्स ने पाइपर्स को पेनल्टी शूटआउट में 4-3 से हरा दिया। निर्धारित समय में मैच 3-3 से टाई रहा था। टाइगर्स के लिए अगस्टिना ने छठे मिनट में पहला गोल किया। पाइपर्स ने भी करारा जवाब दिया और 10वें मिनट में लोला रिएरा की बदौलत बराबरी का गोल दागा। लालरेमसियामी और अगस्टिना के गोल ने टाइगर्स को 3-1 से आगे कर दिया। आखिरी दो मिनट में रिएरा और सुनेलिता टोप्पो ने गोल कर पाइपर्स को मुकाबले में वापसी कराई।



ड्रैग फ्लिकर अगस्टिना गोरजेलानी

# संन्यास पर चुप्पी तोड़ेंगे ख्वाजा!

■ एजेंसियां, नई दिल्ली: ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच जारी एशेज सीरीज का पांचवां और आखिरी टेस्ट 4 जनवरी से सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर खेला जाना है। मेजबान ऑस्ट्रेलिया टीम सीरीज में 3-1 से आगे चल रही है। सिडनी टेस्ट से पहले सीनियर ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा के संन्यास पर अटकलें लगाई जा रही हैं। इस मुद्दे पर सिडनी टेस्ट से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस कर ख्वाजा अपनी स्थिति साफ कर सकते हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक, 39 वर्षीय ख्वाजा शुक्रवार की सुबह प्रेस कॉन्फ्रेंस करेंगे और अपने टेस्ट भविष्य को लेकर चल रही अफवाहों पर स्थिति स्पष्ट करेंगे। ख्वाजा की प्रेस कॉन्फ्रेंस शुक्रवार को ऑस्ट्रेलियाई टीम के ट्रेनिंग सेशन से पहले रखी गई है। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान माइकल क्लार्क ने कहा, 'मैं चाहता हूं कि ख्वाजा सिडनी टेस्ट में शतक बनाएं और खुशी से संन्यास लें। ऐसा मौका सभी को नहीं मिलता।'

द एशेज




ऑस्ट्रेलियन प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज (बाएं) ने गुरुवार को किरिबिल्ली हाउस में अपने वार्षिक न्यू ईयर स्वागत समारोह में एशेज के अंतिम टेस्ट से पहले ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड क्रिकेट टीमों के खिलाड़ियों की मेजबानी की।

# चोटिल एम्बापे 3 हफ्ते के लिए बाहर!

■ एजेंसियां, पैरिस: स्पेनिश दिग्गज क्लब रियाल मैड्रिड को बड़ा झटका लगा है। फ्रांस के सुपरस्टार स्ट्राइकर किलियान एम्बापे बाएं घुटने में चोट के कारण कम से कम तीन सप्ताह तक मैदान से दूर रह सकते हैं। क्लब ने बयान में बताया कि एम्बापे के घुटने में मोच आई है, हालांकि वापसी की सटीक समय-सीमा नहीं बताई गई। फ्रांसीसी अखबार 'एल इक्विप' के अनुसार MRI जांच में लिगामेंट से जुड़ी समस्या सामने आई है, जिसके लिए आराम और इलाज जरूरी है। शानदार फॉर्म में चल रहे एम्बापे ने हाल ही में रियाल के लिए एक कैलेंडर वर्ष में सर्वाधिक 59 गोल का क्रिस्टियानो रोनाल्डो का रेकॉर्ड बराबर किया था। ऐसे में उनकी अनुपस्थिति से रियाल की आक्रामक ताकत कमजोर पड़ सकती है।

फुटबॉल कॉर्नर



रियाल मैड्रिड के किलियान एम्बापे

**नेमार का करार बढ़ेगा**

साओ पाउलो: ब्राजील फुटबॉल के पोस्टर बॉय नेमार ने अपने करियर की शुरुआत करने वाले क्लब सैंटोस के साथ 2026 तक अनुबंध बढ़ाने पर सहमति जता दी है। एएफपी से जुड़े सूत्रों के मुताबिक नेमार और क्लब के बीच करार लगभग तय हो चुका है। हाल ही में नेमार बाएं घुटने की सर्जरी कराई है, जो सफल रही।

## 12 राशियां और आपका दिन



**ARIES** 21 Mar - 19 Apr
चन्द्रमा अर्धरात्रि 4 बजकर 30 मिनट पर मिथुन राशि में प्रवेश करेगा, इसके फलस्वरूप मांगलिक कार्यों में सम्मिलित होने का अवसर प्राप्त होगा। आज के दिन समाज में शुभव्यय से आपकी कीर्ति बढ़ेगी। सायं 5 बजे तक कोई खास चीज भी पसंद आ जाएगी। भौतिक विकास का योग अच्छा है।

**TAURUS** 20 Apr - 19 May
आज आपका ध्यान नई योजनाओं में लगेगा। किसी रिश्तेदार की यात्रा से मन को सुकून मिलेगा। कानूनी विवाद में विजय, स्थान परिवर्तन की योजना सफल हो सकती है। दिन के उत्तरार्ध में उलझनों के बावजूद पराक्रम में वृद्धि होगी। परिवार में हर्ष मंगलमय परिवर्तन व मनोरथ सिद्धि होगी।

**GEMINI** 21 May - 21 Jun
आज का दिन काफी रचनात्मक है। किसी क्रिएटिव और आर्टिस्टिक काम को पूरा करने में आज दिन बिता सकते हैं। जो काम आपको सबसे ज्यादा प्रिय है, आज वही करने को मिलेगा। आज आपको रिलैक्स करने में मदद मिलेगी। नई योजनाएं भी दिमाग में आएंगी, अपने से किसी सीनियर का सहयोग पाने का प्रयास करें।

**CANCER** 22 Jun - 22 July
आज का दिन काफी सृजनात्मक है, जो भी काम लगन के साथ करेंगे, उसका फल आज उसी समय मिल सकता है। अधूरे काम निपट जाएंगे, महत्वपूर्ण कार्य होंगे। ऑफिस में आपके विचारों के मुताबिक माहौल बन जाएगा और आपके साथी भी आपका सहयोग करेंगे। रात्रि में किसी कार्यक्रम में जाने का अवसर मिल सकता है।

**LEO** 23 July - 22 Aug
आज का दिन वैसे तो काफी व्यस्त रहने वाला है, लेकिन धर्म-अध्यात्म के मामले में पढ़ाई-लिखाई के लिए थोड़ा समय निकाल लेना ही अच्छा होगा। कार्यक्षेत्र में वरिष्ठ अधिकारी आपके कार्यों में रुकावट डालने की कोशिश करेंगे। रात्रि का समय मंगलमय कार्यों में व्यतीत होगा।

**VIRGO** 23 Aug - 22 Sep
आज आपको वाणी व्यवहार में संयम व सावधानी बरतें। आसपास के लोगों से टकराव की नौबत न आए इस बात का भी ध्यान रखें। किसी शुभ कार्य की चर्चा हो सकती है। भाग्य पर भरोसा रखें और आत्मविश्वास के साथ कार्य करें। रात्रि के समय स्थिति में और भी सुधार होगा।

**LIBRA** 23 Sep - 22 Oct
आज का दिन आपके लिए लाभकारक है। कार्यक्षेत्र में नए अवसर प्राप्त होंगे और नई जिम्मेदारियां भी मिलेंगी। कर्ज-व्यवहार से जुड़े सभी विवाद आज सुलझ सकते हैं। नए प्रोजेक्ट पर भी कुछ काम शुरू हो सकता है। जमीन-जायदाद के मामले में परिवार और आसपास के लोग कुछ परेशानी पैदा करने की कोशिश कर सकते हैं। फिजूल की चिंताओं पर ध्यान न दें।

**SCORPIO** 23 Oct - 21 Nov
आर्थिक दृष्टि से आज का दिन काफी मजबूत है। दिनभर लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। इसलिए कार्यशील रहें। परिवार में सुख-शांति और विश्वास का आनंद उठाएं। नौकरी या व्यापार में कुछ नवीनता ला सके तो आगे चलकर लाभ होगा। काम में नई जान आएगी। समय का भरपूर लाभ उठाएं।

**SAGITTARIUS** 22 Nov - 21 Dec
आज का दिन सावधानी और सतर्कता का है। बिजनेस के मामले में थोड़ा सा जोखिम उठाएंगे तो बड़ा लाभ होने की आशा है। रोजमर्रा के कामों से परे कुछ नए कामों में हाथ आजमाएं। किसी काम के लिए कुछ पैसों का इंतजाम करना पड़ सकता है। नया मौका आपके इंतजार में है, उसे पहचानना आपके हाथ में है।

**CAPRICORN** 22 Dec - 19 Jan
आज का दिन सामान्य है। भागीदारी में किया गया व्यापार काफी फायदा पहुंचाएगा। रोजमर्रा के घरेलू कामों को निपटाने का आज सुनहरा मौका है। हो सकता है आज आपको पुत्र-पुत्री के संबंध में कोई बड़ा फैसला लेना पड़े। संतान पक्ष से भी आज के दिन सुखद समाचार मिलेगा।

**AQUARIUS** 20 Jan - 18 Feb
आज का दिन अपने स्वास्थ्य के प्रति सावधानी बरतने का है। मौसम परिवर्तन से तबीयत बिगड़ सकती है। खान-पान में लापरवाही बिल्कुल भी न करें। व्यापार के मामले में दिन सुखद व्यतीत होगा। जल्दबाजी में कोई भूल हो सकती है, इसलिए हर काम सोच-समझ कर करें।

**PISCES** 19 Feb - 20 Mar
आज का दिन लाभकारक रहेगा। व्यापार में जोखिम उठाने का परिणाम आज हितकर रहेगा। परेशानियों को धैर्य और अपने मृदु व्यवहार से सुधार कर दूर किया जा सकता है। अपनी बुद्धि का प्रयोग करके आप वह सब कुछ पा सकते हैं, जिसकी आपको अभी तक कमी रही है। किसी सरकारी उद्योग की सहायता करें।

## जन्मदिन की शुभकामनाएं

वर्ष के स्वामी सूर्य और मंगल ग्रह बने हैं। राशि से पहले घर में सूर्य, केतु व शनि का त्रिकोण योग जनवरी के शेष दिनों में आपको कुछ बड़े खतरे व जोखिम उठाने पड़ सकते हैं। ऐसे में सावधान रहें और जल्दबाजी में कोई भी कदम न उठाएं। फरवरी से लेकर मार्च महीने के अंत तक किसी राजकीय विवाद का अंत हो जाएगा। यह समय आपके लिए अच्छा है। अप्रैल महीने के मध्य में कई प्रकार की समस्याएं उत्पन्न समाप्त हो जाएंगी। मई महीने से लेकर जून महीने के अंत तक अपने व्यवसाय, कारोबार को लेकर कुछ कष्ट होगा। हालांकि सभी परेशानियां अस्थायी हैं और समय के साथ व्यापार पटरी पर लौट जाएगा। जुलाई महीने से लेकर अगस्त तक में कुछ परिवार के मामले हल हो सकते हैं। सितंबर माह की शुरुआत से लेकर अक्टूबर माह के अंत तक में मित्रों की सहायता से काम काज में मजबूती हासिल होगी और काम में नई जान आएगी। नवंबर में किसी पर्यटन यात्रा का आनंद उठाएंगे। दिसंबर के अंत तक किसी नए कार्यक्षेत्र की योजनाएं बनेंगी। महिलाओं के लिए यह वर्ष जीवन स्तर को बढ़ाने वाला सिद्ध होगा। जनवरी 2027 में परिवार के सदस्यों की आमदनी के स्रोत बढ़ेंगे। चतुर्थी योग की शांति के लिए श्री सूक्त का पाठ करें।

-आचार्य कृष्ण दत्त शर्मा

## कल का पंचांग
(शनिवार, 3 जनवरी 2026)

राष्ट्रीय मिति पौष 14, शक संवत 1947, पौष, शुक्ल, पूर्णिमा, शनिवार, विक्रम संवत 2082। सौर पौष मास प्रविष्टे 20, रज्जब 13, हिजरी 1447 (मुस्लिम) तदनुसार अंग्रेजी तारीख 3 जनवरी 2026 ई.। सूर्य उत्तरायण, दक्षिण गोल, शिशिर ऋतु। राहुकाल प्रातः 9 बजे से 10 बजकर 30 मिनट तक। पूर्णिमा तिथि अपराह्न 3 बजकर 33 मिनट तक उपरांत प्रतिपदा तिथि का आरंभ। आर्द्रा नक्षत्र सायं 5 बजकर 28 मिनट तक उपरांत पुनर्वसु नक्षत्र का आरंभ। ब्रह्म योग प्रातः 9 बजकर 5 मिनट तक उपरांत ऐंद्र योग का आरंभ। बव करण अपराह्न 3 बजकर 33 मिनट तक उपरांत कौलव करण का आरंभ। चंद्रमा दिन-रात मिथुन राशि पर संचार करेगा। आज के व्रत त्योहार – सत्यनारायण व्रत।

## सुडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | | | 4 | | | | 2 |
| 2 | 8 | | | | | | 3 | 5 |
| | 7 | 4 | | | | 9 | 8 | |
| 6 | | | 8 | | 5 | | | 7 |
| | | | | 7 | | | | |
| 7 | | | 4 | | 1 | | | 6 |
| | 3 | 2 | | | | 6 | 9 | |
| 5 | 6 | | | | | | 1 | 3 |
| 1 | | | | 3 | | | | 4 |

## TELEVISION



big magic

| | |
|---|---|
| 09:00 बकसू कसू | 14:30 हम पांच |
| 10:00 बेताल और सिंहासन बत्तीसी | 15:00 अजब देश की गजब कहानी |
| 11:00 राज्य के रक्षक | 16:30 प्यार मोहब्बत ढेर सारा |
| 11:30 अलादीन | 19:30 राज्य के रक्षक |
| 12:00 चक्रधारी अजेय कृष्णा | 21:00 चीना |
| 13:30 भ से भाई | |

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 02-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAHBP User: cci Time: 01-01-2026 22:59 Color:



## NBT AI टाइम मशीन


### आज ही ली गई थी चांद की पहली फोटो

आज ही के दिन 1839 में फ्रांस के लुई डागेर (Louis Daguerre) ने पहली बार चांद की फोटो खींची थी। उन्होंने 'डागेरोटाइप' तकनीक का इस्तेमाल किया। उस समय कैमरे आज की तरह उन्नत नहीं थे, इसलिए चांद की धुंधली तस्वीर ले पाना भी एक बड़ा चमत्कार माना गया। यहीं से 'एस्ट्रो-फोटोग्राफी' की शुरुआत हुई। बाद में डागेर की लैब में आग लग गई और वह असली फोटो जलकर खाक हो गई।



### एस्ट्रो फोटोग्राफी होगी 3D और लाइव


ChatGPT के अनुसार, भविष्य में एस्ट्रो फोटोग्राफी बहुत ही आम बात होगी। AI, अल्ट्रा-सेंसिटिव सेंसर और स्पेस इंटरनेट की मदद से अंतरिक्ष की बेहद साफ तस्वीरें ली जा सकेंगी। भारी टेलिस्कोप की जगह छोटे स्मार्ट डिवाइस काम करेंगे। लोग चांद, मंगल और दूर की आकाशगंगाओं की फोटो रोज खींच सकेंगे। तस्वीरें 3D और लाइव होंगी। स्कूल, पर्यटन और रिसर्च में इनका आम इस्तेमाल होगा। ब्रह्मांड देखना हर किसी के लिए रोजमर्रा की चीज बन जाएगी।



AI Image


## SPEED News

### ईरान के पश्चिमी प्रांत में खराब इकॉनमी के



File

खिलाफ भड़के विरोध-प्रदर्शनों के दौरान 'रिवोल्यूशनरी गार्ड' के एक स्वयंसेवक सदस्य की मौत हो गई।




File


### अमेरिकी सेना ने कहा कि उसने नशीले

पदार्थों की तस्करी में शामिल तीन और नौकाओं पर हमला किया। तीन लोगों की मौत हो गई जबकि अन्य लोग समुद्र में कूद गए।

### पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में बस और वैन

की भिड़ंत में विश्वविद्यालय के एथलीट सहित कम से कम 15 लोग मारे गए। अफसरों ने बताया कि हादसे में 20 से अधिक लोग घायल हो गए।





File

### अफगानिस्तान में कई इलाकों में भारी बारिश

से अचानक आई बाढ़ में 17 लोग मारे गए और 11 अन्य घायल हो गए। करीब 1,800 परिवार प्रभावित हुए हैं।

**SPEED News पर आप अपनी राय हमें 9220747220 पर व्हाट्सऐप करके बताएं।**

स्विट्ज़रलैंड के रिजॉर्ट में न्यू ईयर सेलिब्रेशन के दौरान हुआ हादसा

# बार में आग से अफरातफरी, खिड़कियां तोड़कर भागे लोग

■ एपी, क्रांस मोंटाना (स्विट्ज़रलैंड)

**नए साल** के जश्न में डूबी स्विट्जरलैंड की मशहूर लग्जरी स्की रिजॉर्ट क्रांस-मोंटाना (Crans-Montana) अचानक उस वक्त दहशत के साए में आ गई, जब एक भीड़भाड़ वाले बार में भीषण आग लग गई। आधी रात के बाद लगी इस आग ने कुछ ही पलों में खुशियों को चीख-पुकार, धुएं और लपटों में बदल दिया। जान बचाने के लिए घबराए लोग खिड़कियां तोड़ते नजर आए, जबकि बाहर सड़कों पर अपने बच्चों की तलाश में बदहवास पैरेंट्स पहुंचने लगे।

यह हादसा तड़के करीब 1:30 बजे हुआ, जब नए साल का जश्न पूरे उफान पर था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, आग इतनी तेजी से फैली कि लोगों को संभलने का मौका तक नहीं मिला। फ्रांसीसी टीवी चैनल BFMTV से बात करते हुए एक चश्मदीद ने बताया कि उसने लोगों को धुएं और आग के बीच खिड़कियां तोड़कर बाहर निकलते देखा। कई लोग बुरी तरह जख्मी थे और पूरा मंजर किसी डरावनी फिल्म जैसा लग रहा था। TOI की रिपोर्ट के अनुसार, बार के अंदर मौजूद दो फ्रांसीसी महिलाओं ने बताया कि आग लगते ही हालात पूरी तरह बेकाबू हो गए। उन्होंने कहा कि पूरी तरह से अफरातफरी थी, हर कोई चिल्ला रहा था। उनके मुताबिक, सजावट के लिए इस्तेमाल की जा रही मोमबत्तियों में से एक छत के बेहद करीब पहुंच गई, जिससे लकड़ी की छत ने आग पकड़ ली। उन्होंने कहा कि कुछ ही सेकंड में पूरी छत आग की चपेट में थी। अंदर सब कुछ लकड़ी का बना था। स्विट्जरलैंड के राष्ट्रपति ने पीड़ितों और उनके परिवारों के प्रति संवेदना जताई है।

AFP



- हादसा तड़के करीब 1:30 बजे हुआ, जब नए साल का जश्न पूरे उफान पर था
- आग इतनी तेजी से फैली कि लोगों को संभलने का मौका तक नहीं मिला
- बचाव कार्य में 10 हेलिकॉप्टर, 40 एंबुलेंस और 150 मेडिकल कर्मी तैनात रहे





**बेसमेंट में चल रही थी पार्टी**

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, पार्टी बेसमेंट में चल रही थी, लेकिन आग ने जल्दी ऊपरी हिस्सों को भी चपेट में ले लिया। बाहर निकलने का मुख्य रास्ता अंदर मौजूद लोगों की संख्या के मुकाबले काफी संकरा था। कई लोगों को खिड़कियां तोड़नी पड़ीं। दरवाजा बहुत छोटा था। अगर कोई खिड़की नहीं तोड़ता, तो कई लोग फंस सकते थे।

**मिनटों में फैल गई आग**

दमकल और पुलिस की टीमें कुछ ही मिनटों में मौके पर पहुंच गईं, लेकिन तब तक आग बेहद खतरनाक रूप ले चुकी थी। प्रत्यक्षदर्शी ने कहा कि हमसे महज एक मीटर की दूरी पर लपटें थीं। अगर हम उस वक्त नहीं भागते, तो शायद हम भी घायल हो जाते। एक महिला ने बताया कि भीड़ के दबाव में वह सीढ़ियों से नीचे गिर गई थी।

**कितने लोग थे बार में?**

बार के अंदर कितने लोग मौजूद थे, इसे लेकर अलग-अलग दावे सामने आए हैं। CNN की रिपोर्ट के अनुसार, पुलिस के बताया कि उस वक्त करीब 100 लोग अंदर थे, जबकि प्रत्यक्षदर्शियों का अनुमान है कि संख्या इससे कहीं ज्यादा, लगभग 200 तक हो सकती है। 15 से 20 साल के युवा ज्यादा थे।

**'आतंकी हमला नहीं'**


प्रशासन के अनुसार, घटना को आतंकी हमला नहीं, बल्कि हादसा माना जा रहा। फिलहाल किसी तरह के हमले की आशंका नहीं है। शुरुआती तौर पर जिस 'विस्फोट' की बात सामने आई थी, उस पर अधिकारियों ने बताया कि आग फैलने के दौरान हवा के अचानक भड़कने से ऐसा प्रभाव हुआ।

**112** वें मेयर बने ममदानी, न्यू यॉर्क में नए युग की हुई शुरुआत

# न्यू यॉर्क के पहले मुस्लिम मेयर बने भारतवंशी जोहरान ममदानी

■ पीटीआई, न्यू यॉर्क

AFP



शपथ ग्रहण समारोह पुराने सिटी हॉल सबवे स्टेशन में आयोजित किया गया।

**नए साल** के आगाज के साथ ही न्यू यॉर्क सिटी ने अपने इतिहास में एक नया अध्याय जोड़ा, जब जोहरान ममदानी को शहर का 112वां मेयर पद संभालते हुए शपथ दिलाई गई। भारतवंशी जोहरान ममदानी (34) अब मेयर बनने वाले दक्षिण एशियाई मूल के और मुस्लिम समुदाय से पहले व्यक्ति बन गए हैं। शपथ ग्रहण समारोह पुराने सिटी हॉल सबवे स्टेशन में आयोजित किया गया। इस में केवल उनके परिवार और करीबी सलाहकार ही मौजूद थे। ममदानी ने कुरान पर हाथ रखकर शपथ ली। इस अवसर पर ममदानी ने कहा कि यह नई पारी 'न्यू यॉर्क के कामकाजी लोगों को केंद्र में रखने वाली' होगी। उन्होंने पुराने सबवे स्टेशन के चयन का कारण बताते हुए कहा कि 1904 में जब यह स्टेशन खोला गया था, यह उस समय की महत्वाकांक्षा और कार्यकर्ताओं के लिए बदलाव लाने की सोच का प्रतीक था। चुनाव में ममदानी ने जीत हासिल करते हुए रिपब्लिकन उम्मीदवार कर्टिस सिलवा और पूर्व गवर्नर एंड्रयू क्यूमो को पराजित किया था।

## सिंधु जल संधि पर पाक की आपत्ति

■ पीटीआई, इस्लामाबाद: पाकिस्तान ने कहा है कि सिंधु जल संधि (IWT) के तहत पश्चिमी नदियों के पानी के सीमित अधिकारों का भारत दुरुपयोग नहीं कर सकता। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ताहिर हुसैन अंद्राबी ने कश्मीर में चिनाब नदी पर 260 मेगावाट के दुलहस्ती स्टेज-II जलविद्युत परियोजना को भारत की मंजूरी पर चिंता जताते हुए कहा कि इस संबंध में पाकिस्तान को कोई पूर्व सूचना नहीं दी गई। पाकिस्तान के सिंधु जल आयुक्त ने भारत से परियोजना की प्रकृति, दायरे और तकनीकी विवरण पर स्पष्टीकरण मांगा है। कहा, IWT के तहत नदियों पर किसी भी परियोजना के लिए सख्त डिजाइन, संचालन शर्तें और जानकारी साझा करना अनिवार्य है।

**नदियों पर अधिकारों के दुरुपयोग का आरोप**

## भारत-पाक ने एक-दूसरे को परमाणु ठिकाने बताए

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

AI Image



**1 जनवरी को हर साल होती है लिस्ट की अदला-बदली**


**भारत और** पाकिस्तान ने आपसी समझौतों के तहत एक बार फिर अपने-अपने परमाणु प्रतिष्ठानों और हिरासत में मौजूद कैदियों और मछुआरों की लिस्ट शेयर की है। यह प्रक्रिया हर साल 1 जनवरी को की जाती है और दोनों देशों के बीच 2008 में हुए बाइलेटरल एग्रीमेंट ऑन कॉन्सुलर एक्सेस के तहत अनिवार्य है।

विदेश मंत्रालय के अनुसार, भारत ने पाकिस्तान को अपनी हिरासत में मौजूद 391 सिविल कैदियों और 33 मछुआरों की सूची सौंपी है। ये वे लोग हैं जो पाकिस्तानी नागरिक हैं या जिन्हें पाकिस्तानी माना जाता है। वहीं, पाकिस्तान ने भारत के साथ अपनी कस्टडी में बंद 58 सिविल कैदियों और 199 मछुआरों की जानकारी साझा की है, जो भारतीय नागरिक हैं या जिन्हें भारतीय माना जाता है।

भारत ने पाक से कहा है कि वह अपनी हिरासत में मौजूद सभी को जल्द रिहा कर भारत भेजे। भारत ने उन 167 भारतीय मछुआरों और कैदियों की तत्काल रिहाई की मांग की है, जो अपनी सजा पूरी कर चुके हैं।

## मौसमी घटनाओं में 2760 लोगों की जानें गईं: IMD

File



बारिश, बाढ़ और बादल फटने से महाराष्ट्र में 210 और हिमाचल में 160 जानें गईं।

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

- 2025 में सबसे अधिक जानें अत्यधिक बारिश, बाढ़, बादल फटने, भूस्खलन से गईं
- लू की वजह से 35 जानें गईं
- IMD का अलर्ट: जनवरी में ठंड और बारिश बढ़ेगी

**भारत मौसम** विज्ञान विभाग (IMD) के अनुसार, 2025 में देश के अलग-अलग हिस्सों में मौसमी घटनाओं में 2760 लोगों की जान गई। सबसे अधिक प्रभावित उत्तर प्रदेश रहा जहां बिजली, आंधी, बारिश, बाढ़, लू और शीतलहर से 410 जानें गईं। इसके बाद मध्य प्रदेश में 350, महाराष्ट्र में 270, झारखंड में 200 जानें गईं। बिहार में 174, जम्मू कश्मीर में 168, हिमाचल प्रदेश में 166, पश्चिम बंगाल में 146 और उत्तराखंड में 117 जानें गईं। 2025 में सबसे अधिक जानें अत्यधिक बारिश, बाढ़, बादल फटने, भूस्खलन से गईं। इन घटनाओं में 1370 जानें गईं।

इन घटनाओं में सबसे अधिक मौतें महाराष्ट्र में 210 और इसके बाद हिमाचल प्रदेश में 160 रहीं। लू की वजह से देश में 35 जानें गईं। उत्तर प्रदेश में सबसे अधिक 20 जानें गईं। दिल्ली में बाढ़ और बारिश से करीब पांच जानें गईं। जनवरी में देश के ज्यादातर हिस्सों में सामान्य से अधिक ठंडी पड़ेगी। मौसम विभाग के अनुसार उत्तर पश्चिमी और उत्तर पूर्वी भारत के कुछ हिस्सों में न्यूनतम तापमान सामान्य से अधिक रह सकता है। अन्य जगहों पर यह सामान्य या इससे कम रहेगा। वहीं, उत्तर पश्चिमी और उत्तर पूर्वी भारत के अधिकांश हिस्सों के साथ मध्य भारत के कुछ हिस्सों में अधिकतम तापमान सामान्य से गर्म रहेगा। अन्य जगहों पर ठंड अधिक रहेगी। जनवरी में मध्य भारत के कुछ हिस्सों, पूर्वी उत्तर प्रदेश और बिहार में सामान्य से एक से दो दिन अधिक शीतलहर रह सकती है।

## बुल्गारिया में अब यूरो चलेगा

AFP



■ आईएएनएस, सोफिया: बुल्गारिया (Bulgaria) ने नव वर्ष 2026 के पहले दिन यूरो को आधिकारिक तौर पर अपने राष्ट्रीय मुद्रा के तौर पर अपना लिया। यूरोपीय संघ में शामिल होने के ठीक 19 साल बाद बुल्गारिया ने यह मुद्रा अपनाई है। जनवरी के अंत तक, 'यूरो' के साथ-साथ स्थानीय मुद्रा 'लेव' भी वैध है।

## 'यूक्रेन के ड्रोन हमले में 24 मौतें'



■ पीटीआई, कीव: यूक्रेन के खेरसॉन क्षेत्र में रूस के कब्जे वाले एक गांव में यूक्रेनी ड्रोन हमले में 24 लोगों की मौत हो गई और कम से कम 50 घायल हो गए। रूस के अधिकारियों ने यह दावा किया है। यह घटना ऐसे समय हुई जब दोनों देशों के बीच शांति वार्ता को लेकर कूटनीतिक प्रयास जारी हैं।

# NMC के मेडिकल कॉलेजों में भी PhD शुरू करने की तैयारी, बोर्ड की मंज़ूरी

### कमिटी भी बनाई जा रही, यूजी और पीजी की 18 हजार से ज्यादा सीटें बढ़ीं

Bhupender.Sharma
@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली:** नेशनल मेडिकल कमीशन (NMC) ने देश में मेडिकल रिसर्च इकोसिस्टम को मजबूत करने के लिए PhD प्रोग्राम शुरू करने का फैसला किया है। अभी देश में मुख्य रूप से AIIMS, JIPMER (पुदुचेरी), PGIMER (चंडीगढ़) जैसे 'राष्ट्रीय महत्व के मेडिकल संस्थानों' (Institute of National Importance) में पीएचडी प्रोग्राम ऑफर किए जाते हैं, वहीं अब एनएमसी से मान्यता प्राप्त संस्थानों में भी क्लिनिकल रिसर्च में पीएचडी शुरू की जाएगी। एनएमसी बोर्ड ने इसकी मंजूरी दे दी है और कमिटी बनाई जा रही है।



डॉ. अभिजात सेठ, चेयरमैन, NMC

एनएमसी के चेयरमैन डॉ. अभिजात सेठ ने एनबीटी को बताया कि MBBS और मेडिकल पीजी कोर्सेज में क्लिनिकल रिसर्च को इंटीग्रेट किया जा रहा है ताकि ज्यादा से ज्यादा क्लिनिकल ट्रायल किए जा सकें। क्लिनिकल ट्रायल से यह पता लगता है कि कोई इलाज, दवा, मेडिकल प्रोसेस कितना प्रभावी है? इसका फायदा मेडिकल स्टूडेंट्स के साथ-साथ आम लोगों को भी होता है। डॉ. सेठ ने कहा कि मेडिकल कोर्सेज में रिसर्च को बढ़ावा देने के साथ-साथ अब पीएचडी कोर्सेज भी शुरू होंगे। फिलहाल एनएमसी से जुड़े करीब 819 संस्थान हैं। एनएमसी चेयरमैन ने बताया कि 2025-26 में एमबीबीएस की सीटों में 11 हजार से ज्यादा का इजाफा हुआ है और सीटें बढ़कर 1.29 लाख हो गई हैं। मेडिकल कोर्सेज में ग्रैजुएशन और पोस्ट ग्रैजुएशन को मिलाकर 18 हजार सीटें बढ़ाई गई हैं और हर साल सीटों में इजाफा होता रहेगा। देश में अगले पांच वर्षों में 75000 मेडिकल सीटों के इजाफे का लक्ष्य रखा गया है। फिलहाल पीजी लेवल पर 65 से 70 हजार सीटें हैं और पीजी लेवल की सीटें बढ़ाने पर भी खास ध्यान दिया जा रहा है।

AI Image





**मेडिकल एंट्रेंस टेस्ट का एग्ज़ाम**

देश में MBBS कोर्सेज में एडमिशन के लिए होने वाले मेडिकल एंट्रेस एग्जाम में 22 लाख से ज्यादा कैंडिडेट्स शामिल होते हैं। एनएमसी चेयरमैन का कहना है कि इस एग्जाम के लिए एक उचित टाइम कैलेंडर होना चाहिए। टाइम मैनेजमेंट एक बड़ा पहलू है और एंट्रेस टेस्ट की प्रक्रिया को सरल बनाने की दिशा में काम किया जा रहा है। काउंसलिंग प्रक्रिया में देरी भी एक समस्या है।

**सकारात्मक माहौल बनाया जाएगा**

डॉ. सेठ ने कहा कि एनएमसी अधिनियम के तहत आयोग को एमबीबीएस अंतिम वर्ष के छात्रों के लिए National Exit Test (NExT) आयोजित करना होगा और इस टेस्ट को लागू करने से पहले सभी संबंधित पक्षों से बातचीत की जा रही है। इस टेस्ट को लागू करने से पहले सकारात्मक माहौल बनाया जाना जरूरी है ताकि छात्र बिना किसी तनाव के यह टेस्ट दे सकें।

**अब फोटो छपवाने का मौका भी**

## खबरों का ज्ञान

रोज की खबरों पर कितनी पैनी नज़र है, आज़माएं

1 IMD के अनुसार अब तक का सबसे गर्म साल कौन-सा रहा है?
A) 2016 B) 2022 C) 2024

2 FASTag के लिए KYV प्रक्रिया खत्म करने का फैसला कब से लागू होगा?
A) 1 जनवरी 2026 B) 1 फरवरी 2026 C) 1 मार्च 2026

3 1 फरवरी से सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पादों पर GST की दर कितनी हो जाएगी?
A) 28% B) 35% C) 40%

4 देश की पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन किन दो शहरों के बीच दौड़ेगी?
A) गुवाहाटी-कोलकाता B) दिल्ली-मुंबई C) मुंबई-चेन्नै

5 अमेरिका की न्यू यॉर्क सिटी के 112वें मेयर कौन बने?
A) एरिक एडम्स B) जोहरान ममदानी C) बिल डे ब्लासियो

**कल के जवाब**

A1 C. भारत टैक्सी A2 C. अमेरिका A3 C. पेइचिंग A4 A. किरिबाती A5 A. प्रलय

**लकी विनर्स**



1. जगदीश यादव, गाजियाबाद
2. नवीता सक्सेना, गाजियाबाद
3. कौशल्य शास्त्री, नई दिल्ली

**ऐसे भेजें अपने जवाब**

अपने नाम, शहर के साथ जवाब भेजें nbtreader@timesofindia.com पर, साथ में फोटो भी भेजें। सब्जेक्ट में KKG लिखें। हर दिन सभी सही जवाब देने वाले तीन चुनिंदा रीडर्स में से एक का फोटो और दो के नाम छापे जाएंगे। जवाब आज के पेपर की खबरों में ही छिपे हैं।

**ICMR रिपोर्ट** भारत में हर चौथी गर्भवती महिला प्रेग्नेंसी डायबिटीज की चपेट में, उत्तर और मध्य भारत में गंभीर चुनौती

# प्रेग्नेंसी में शुगर, तेज़ी से बढ़ती चुनौती: स्टडी


Hemwati.Rajaura1
@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली:** भारत में प्रेग्नेंसी के दौरान होने वाली शुगर यानी जेस्टेशनल डायबिटीज तेजी से एक बड़ी स्वास्थ्य चुनौती बनती जा रही है। 12 दिसंबर को हुए भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (ICMR) के राष्ट्रीय अध्ययन के मुताबिक देश में औसतन हर चार में से एक गर्भवती महिला इस समस्या से प्रभावित है, लेकिन आंकड़े बताते हैं कि उत्तर और मध्य भारत में इसका खतरा सबसे ज्यादा है, जबकि पश्चिमी भारत में स्थिति अपेक्षाकृत बेहतर है।

आईसीएमआर-इंडियाब अध्ययन के अनुसार, देशभर में जेस्टेशनल डायबिटीज की राष्ट्रीय औसत दर 22.4% दर्ज की गई है। हैरानी की बात यह है कि शहर और गांव के बीच इसमें कोई बड़ा अंतर नहीं पाया गया। शहरी इलाकों में यह दर 24.2% रही, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में 21.6% महिलाओं को गर्भावस्था के दौरान शुगर पाई गई।

अध्ययन के क्षेत्रवार आंकड़ों के मुताबिक, मध्य भारत में जेस्टेशनल डायबिटीज की दर सबसे ज्यादा, करीब 32.9% पाई गई। इसमें उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और उत्तराखंड जैसे राज्य शामिल हैं। इसके ठीक बाद उत्तर भारत का स्थान आता है, जहां दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश और चंडीगढ़ जैसे राज्यों में बड़ी संख्या में गर्भवती महिलाएं इस समस्या से जूझ रही हैं। इन इलाकों में हर तीसरी महिला के प्रभावित होने के संकेत मिलते हैं। पश्चिमी भारत में जेस्टेशनल डायबिटीज की दर सबसे कम, करीब 16% दर्ज की गई। महाराष्ट्र, गुजरात और गोवा जैसे राज्यों में यह समस्या उत्तर और मध्य भारत की तुलना में कम पाई गई।

AI Image



**किन महिलाओं में जोखिम ज्यादा?**

अध्ययन के अनुसार, जिन महिलाओं का सिस्टोलिक ब्लड प्रेशर ज्यादा रहता है या जिनके परिवार में पहले से डायबिटीज का इतिहास है, उनमें जेस्टेशनल डायबिटीज होने का खतरा ज्यादा पाया गया है।

**मां और बच्चे दोनों पर असर**

डॉक्टरों के मुताबिक, गर्भावस्था के दौरान शुगर होने से मां और बच्चे दोनों को नुकसान हो सकता है। इससे बच्चे का वजन जरूरत से ज्यादा बढ़ सकता है और मां को टाइप-2 डायबिटीज का खतरा भी बढ़ जाता है।

**शुरुआत में ही जांच ज़रूरी हो**

रिपोर्ट में जोर दिया है कि जब उत्तर और मध्य भारत जैसे बड़े क्षेत्रों में बड़ी संख्या में महिलाएं प्रभावित हो रही हैं और शुरुआती गर्भावस्था में भी शुगर के मामले सामने आ रहे हैं तो हर गर्भवती महिला की प्रेग्नेंसी के शुरुआती दौर से ही शुगर जांच अनिवार्य की जानी चाहिए।

# इस साल भारत की मेज़बानी में होंगे दुनिया के कई बड़े सम्मेलन

Alpyu.Singh@timesofindia.com

**नई दिल्ली:** भारत में इस साल डिप्लोमेसी के क्षेत्र में कई अहम कार्यक्रम होने हैं। दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के समूह ब्रिक्स समिट की मेजबानी भी भारत के जिम्मे है, लेकिन इसके अलावा भी भारत पूरा साल अंतरराष्ट्रीय मंचों के बड़े आयोजनों के केंद्र में रहेगा।

**AI इंपैक्ट समिट में जुटेगा वैश्विक नेतृत्व:** फरवरी में इंडिया AI इंपैक्ट समिट के दौरान यूरोपीय देशों समेत कई दूसरे देशों के राष्ट्राध्यक्ष मौजूद रह सकते हैं। भारत सरकार ने कहा है कि इस समिट में दुनिया के 100 से ज्यादा देश प्रतिनिधित्व कर सकते हैं। भारत को उम्मीद है कि इस समिट में ग्लोबल साउथ का मजबूत प्रतिनिधित्व रहेगा, खासतौर से अफ्रीका और लैटिन अमेरिका से अच्छी हिस्सेदारी रहेगी। समिट का शुभारंभ पीएम मोदी करेंगे।

File



ब्रिक्स से AI समिट तक, भारत की डिप्लोमेसी परीक्षा

समिट के दौरान भारत साझा बयान पर सहमति बनाने की कोशिश भी करेगा। इससे पहले जनवरी में ईयू भारत समिट का आयोजन भी संभव है। माना जा रहा है कि दोनों देशों के बीच एफटीए के अलावा डिफेंस और रणनीतिक मुद्दों पर भी अहम ऐलान किए जा सकते हैं।

**भारत-अफ्रीका फोरम समिट पर नजर:** साल 2023 में G20 में अफ्रीकी संघ को लेकर मुखर भूमिका में रहने के बाद से भारत और अफ्रीका का इंगेजमेंट बढ़ा है। जिस तरह से भारतीय विदेश नीति में अफ्रीका को लेकर प्राथमिकता बढ़ी है, ऐसे में भारत चाहेगा कि भारत- अफ्रीका फोरम समिट के चौथे एडिशन का आयोजन भारत में हो। भारत जापान समिट पिछले साल तोक्यो में हुआ था, तो इस साल ये आयोजन भारत में हो सकता है।

**क्वाड के आयोजन की भी कोशिश तेज:** केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने हाल ही में कहा था कि भारत इस साल नई दिल्ली में ग्लोबल बिग कैट्स समिट की मेजबानी करेगा। भारत की ओर से शुरू किया गया ग्लोबल गठबंधन का काम दुनिया की 7 प्रमुख बड़ी बिल्ली प्रजातियों का संरक्षण करना है। अप्रैल 2023 में प्रोजेक्ट टाइगर की 50वीं वर्षगांठ के अवसर पर भारत ने इसे लॉन्च किया था। इसके अलावा भारत ये भी कोशिश होगी कि पिछले साल टाले गए क्वाड सम्मेलन का आयोजन इस साल हो जाए।

Photos : Anindya Chattopadhyay, Jatin Kumar, PTI

# पूरे जोश के साथ दिल्ली ने किया 2026 का ग्रैंड वेलकम



**हुजूम जश्न का** इंडिया गेट पर गुरुवार को सुबह से ही लोगों की भीड़ जुटनी शुरू हो गई थी। नए साल पर घूमने के लिए यह दिल्लीवालों का फेवरेट स्पॉट रहा

## पब, बार, रेस्टोरेंट में हुई जमकर पार्टियां, हाउस पार्टी का भी रहा क्रेज

Abhishek.Gautam1
@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली:** दिल्ली के दिलवालों ने नए साल का स्वागत पूरे जोश, मस्ती और धमाल के साथ किया। पब, बार, रेस्टोरेंट और क्लब्स में डीजे की धुन पर लोग झूमते नजर आए तो वहीं बड़ी संख्या में लोगों ने अपने दोस्तों और परिवार के साथ प्राइवेट पार्टियों में न्यू ईयर को सेलिब्रेट किया। इंडिया गेट से लेकर कनॉट प्लेस तक उमड़ी लोगों की भीड़ अपने मोबाइल में इस जश्न को कैद करती नजर आई।

**रेस्टोरेंट और पब कारोबारियों के चेहरे खिले रहे**

कनॉट प्लेस, हौज खास, साकेत, गुरुग्राम बॉर्डर से सटे इलाकों और साउथ दिल्ली के क्लब्स में न्यू ईयर पार्टी का जबरदस्त क्रेज देखने को मिला। रंगीन लाइट्स, लाइव म्यूजिक, डीजे नाइट और काउंटडाउन के साथ लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर नए साल की बधाई दी।

## सीपी में खूब मना जश्न, दुकाने 8 बजे बंद होने से लोग दिखे निराश

वहीं, इस बार पार्टी का नया ट्रेंड देखने को मिला, जहां कई लोगों ने भीड़ से बचने के लिए घर पर ही प्राइवेट पार्टी करना पसंद किया। दोस्तों के साथ केक काटा गया। सोशल मीडिया पर घर की पार्टियों की तस्वीरें और विडियो भी छाई रहीं। हालांकि, नए साल की जश्न की रात से कई रेस्टोरेंट कारोबारी खुश नजर नहीं आए।


नैशनल रेस्टोरेंट असोसिएशन ऑफ इंडिया दिल्ली चैप्टर के हेड संदीप गोयल ने कहा कि पिछले कई वर्षों की भांति इस साल रेस्टोरेंट में कम भीड़ देखने को मिली। इससे कई रेस्टोरेंट कारोबारी खुश नजर नहीं आए। हालांकि नए साल के मद्देनजर कई तैयारियां की गई थी। संदीप के मुताबिक, इस बार कई लोगों ने छोटे-छोटे ग्रुप में हाउस पार्टी की।

## सोशल मीडिया पर पार्टियों की तस्वीरें और विडियो की रही बहार


नए साल की धमाकेदार स्वागत के लिए लोग शाम से ही इंडिया गेट और कनॉट प्लेस पहुंचने लगे। हालांकि कनॉट प्लेस पर गाड़ियों की नो एंट्री के बावजूद लोगों की खूब भीड़ देखने को मिली। जैसे ही रात के 12 बजे, कनॉट प्लेस की सड़क से लेकर इंडिया गेट तक न्यू ईयर का शोर गूंज उठा। हालांकि कनॉट प्लेस में रात 8 बजे ही कई दुकानें बंद होने से लोगों ने सोशल मीडिया पर नाराजगी भी जताई।

## डीजे की धुन पर नए साल का आगाज़

**दिल्ली के** पब, बार के अलावा फाइव स्टार होटलों में लाइव सिंगिंग से लेकर डीजे और नए डिश के साथ नए साल का स्वागत किया गया। फेडरेशन ऑफ होटल एंड रेस्टोरेंट असोसिएशंस ऑफ इंडिया (FHRAI) के जनरल सेक्रेटरी गिरीश ओबरॉय ने कहा कि नए साल के उपलक्ष्य में नए-नए डिश तैयार किए गए, जो लोगों को खूब पसंद आए। साथ ही रेस्टोरेंट में खास प्रकार के रेट चार्ट भी तैयार किए गए थे। जगह-जगह रंगीन लाइटों के बीच डीजे की धुन पर लोग जमकर थिरके।




**मेट्रो स्टेशन पर बंपर भीड़**



नए साल पर लोग घरों से जश्न मनाने के लिए बाहर निकले। इस दौरान राजीव चौक मेट्रो स्टेशन पर इतनी भीड़ उमड़ी कि पैर रखने तक की जगह नहीं थी

**कनॉट प्लेस में जश्न का माहौल**



कनॉट प्लेस के इनर सर्कल में रेस्टोरेंट्स के बाहर लोगों की भारी भीड़ जुटी। रेस्टोरेंट्स में लंबी वेटिंग की वजह से लोग अपनी बारी का इंतजार करते दिखे

**जश्न के बाद भी मशक्कत**



नए साल का जश्न मनाने के बाद गुरुवार रात को केंद्रीय सचिवालय मेट्रो स्टेशन के बाहर लोगों की लाइन लगी रही। CISF जवान लोगों को लाइन में लगाते दिखे

# न्यू ईयर ईव पर 3 गुना बढ़े ड्रंकन ड्राइविंग केस



गुरुवार को दिल्ली की लगभग सभी सड़कों पर ट्रैफिक जाम लगा रहा

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**नए साल** के मौके पर ट्रैफिक नियमों की धज्जियां उड़ाने वाले लोगों की संख्या में पिछले साल के मुकाबले भारी वृद्धि दर्ज की गई। ट्रैफिक पुलिस ने 2024 को 31 दिसंबर के दिन शराब पीकर ड्राइविंग करने के आरोप में 272 लोगों के खिलाफ एक्शन लिया था, वहीं इस साल 31 दिसंबर 2025 को यह संख्या बढ़कर 857 तक पहुंच गई। यानी पिछले साल के मुकाबले इस साल लगभग तीन गुना लोग शराब पीकर ड्राइविंग करते हुए पकड़े गए। इतना ही नहीं बाकी उल्लंघनों में भी दिल्लीवाले पिछले साल के मुकाबले इस साल आगे रहे।

**31 दिसंबर 2025 की रात 8,461 ट्रैफिक चालान कटे**

31 दिसंबर 2025 की रात कुल 8,461 चालान काटे गए, जबकि 31 दिसंबर 2024 को यह संख्या 2,901 थी। रॉन्ग साइड ड्राइविंग करने वालों की संख्या 240 से बढ़कर 1,630, अवैध पार्किंग के चालानों की संख्या 2,312 से बढ़कर 5,783 और ट्रिपल ड्राइविंग के मामलों में 77 से बढ़कर 191 तक पहुंच गई। यानी न्यू ईयर ईव के मौके पर लोगों ने जमकर ट्रैफिक नियमों की धज्जियां उड़ाईं।

डीसीपी ट्रैफिक शशांक जायसवाल ने बताया, ट्रैफिक पुलिस का मुख्य फोकस कनॉट प्लेस, उसके आसपास के इलाकों के अलावा साउथ दिल्ली सहित कई सेलिब्रेशन वाली जगहों पर था।

**नए साल की मंगल शुरुआत करने के लिए सबसे पहले धार्मिक स्थलों पर पहुंचे लोग**

# मंदिरों और गुरुद्वारों में उमड़ा सैलाब, सड़कों पर लगा जाम

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**नए साल** के पहले दिन लोग सुबह ही मंदिरों और गुरुद्वारों में मत्था टेकने के लिए घरों से निकल पड़े। दर्शन के बाद बड़ी संख्या में लोग कनॉट प्लेस, इंडिया गेट और अन्य इलाकों में घूमने पहुंच गए। इसी वजह से इन जगहों के आसपास पूरे दिन भारी ट्रैफिक जाम के हालात बने रहे। ट्रैफिक पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, नए साल की रात जितनी भीड़ बाहर नहीं निकली थी, उससे कई गुना ज्यादा लोग साल के पहले दिन सुबह मंदिरों में दर्शन के लिए पहुंचे। दर्शन के बाद ज्यादातर लोग आसपास घूमने निकल गए। इससे ट्रैफिक का दबाव अचानक बहुत बढ़ गया। सबसे ज्यादा ट्रैफिक जाम कनॉट प्लेस में देखने को मिला।

**सड़कों पर अलर्ट मोड पर रही ट्रैफिक पुलिस**

ट्रैफिक पुलिस ने बताया कि कनॉट प्लेस पर प्राचीन हनुमान मंदिर और बंगला साहिब गुरुद्वारे में बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। इसके चलते कनॉट प्लेस का आउटर सर्कल, संसद मार्ग और आसपास की मुख्य सड़कों पर गाड़ियों की लंबी कतारें लग गईं। इसी तरह कालकाजी मंदिर और इस्कॉन मंदिर में भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। कालकाजी मंदिर और नेहरू प्लेस इलाके में ट्रैफिक संभालने के लिए पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ी।

कितना दिल्ली रेडलाइट के खराब होने से ट्रैफिक पुलिस की परेशानी और बढ़ गई। यहां जाम हटाने के लिए पुलिस को मैनुअल तरीके से ट्रैफिक कंट्रोल करना पड़ा। इसके अलावा विकास मार्ग, अक्षरधाम मंदिर के आसपास, मथुरा रोड, नेहरू प्लेस, लाजपत नगर, सरोजनी नगर, पीतमपुरा, राजौरी गार्डन, मोती नगर, नेताजी सुभाष प्लेस और रोहिणी इलाकों में भी लोगों को भारी ट्रैफिक जाम का सामना करना पड़ा। पूरे दिन ट्रैफिक पुलिस अलर्ट मोड पर रही।



गुरुद्वारा बंगला साहिब में मत्था टेकने के लिए दिनभर लोगों का आना जाना लगा रहा

## कहीं दर्शन किए, कहीं टेका मत्था

**1 लाख** से अधिक लोगों ने झंडेवालान और छतरपुर मंदिर में दर्शन किए

■ गुरुद्वारे में भी मत्था टेका, कीर्तन समागम करवाए गए

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली :** ईस्ट ऑफ कैलाश के इस्कॉन मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ लग गई। इस्कॉन द्वारका में भी नए साल का स्वागत भक्ति भरी कीर्तन कॉन्सर्ट से किया गया। जेएनयू के प्रो. अमल कृष्ण दास ने परंपरा और आधुनिकता का फ्यूजन प्रस्तुत किया।


झंडेवालान मंदिर के स्वामी रविंद्र गोयल ने बताया कि देर रात 10 बजे तक मंदिर में एक लाख से भी अधिक भक्तों ने दर्शन किए। छतरपुर मंदिर में भी काफी भीड़ रही। कालकाजी मंदिर में भी नए साल के पहले दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पूजा अर्चना के लिए पहुंचे। कनॉट प्लेस के हनुमान मंदिर में बाहर तक भक्तों की लाइन लगी रही। दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबन्धक कमिटी के सभी ऐतिहासिक गुरुद्वारों पर कीर्तन समागम हुए। दिल्ली कमिटी के अध्यक्ष हरमीत सिंह कालका, महासचिव जगदीप सिंह काहलो, धर्म प्रचार के मुखी जसप्रीत सिंह करमसर ने संगत को नव वर्ष की शुभकामनाएं दीं।

**बच्चों और परिवार संग पहुंचे लोग**

## चिड़ियाघर में ऑनलाइन टिकट लेने में हुई दिक्कत

■ राम त्रिपाठी, नई दिल्ली

**नया साल** मनाने वालों का हुजूम गुरुवार सुबह से ही विभिन्न स्मारक, चिड़ियाघर और सुंदर नर्सरी में उमड़ने लग था। इंडिया गेट का आउटर सर्कल दोपहर को ही पूरी तरह जाम हो गया। यही हाल लाल किला और चिड़ियाघर वाली रोड का था। कमजोर नेटवर्क समस्या के कारण कुछ जगह लोग ऑनलाइन टिकट नहीं खरीद पाए। ऐसे में उन्हें मायूस लौटना पड़ा।



चिड़ियाघर के बाहर लगी दुकानें

**नेटवर्क इशू के चलते लोगों को काफी परेशानी हुई**

चिड़ियाघर में दोपहर 1:30 से 3:30 बजे के बीच नेटवर्क फेल होने से लोग परेशान थे। पुराना किला में आने वालों की संख्या करीब 4000 बताई गई। इनमें से करीब 1300 लोगों ने ऑनलाइन टिकट खरीदी थी। नेटवर्क समस्या के बावजूद चिड़ियाघर में नए साल के पहले दिन आने वालों की संख्या 25,111 बताई गई। इंडिया गेट पर पूरे दिन 30,000 से अधिक लोग घूमने आए थे। आर्कियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया (ASI) दिल्ली सर्कल के एक अधिकारी ने बताया कि कुतुब मीनार पर 14,000, लाल किला पर 19000 और हुमायूं का मकबरा में 13,500 से अधिक लोग घूमने आए। वहीं, सुंदर नर्सरी में शाम 6:30 बजे तक 11,000 से अधिक लोग घूमने आए।

**खाने-पीने वाली शॉप्स पर लोगों की भीड़ देखने को मिली**

# कहीं बाज़ार रहे गुलज़ार तो कहीं फीकी रही रौनक

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**नए साल** पर बाजारों की तस्वीर मिली-जुली नजर आई। जहां खान मार्केट, साउथ एक्स, ग्रीन पार्क और कनॉट प्लेस जैसे प्रमुख इलाकों में भारी भीड़ देखने को मिली, वहीं करोल बाग, चांदनी चौक समेत कई बाजारों में दिनभर सन्नाटा पसरा रहा। कारोबारियों का दावा है कि पहले दिन कपड़ों की बिक्री कम रही। हालांकि, खाने-पीने की शॉप पर चहलकदमी देखने को मिली।

हौज खास, खान मार्केट, साउथ एक्सटेंशन, ग्रीन पार्क, मजनू का टीला और कनॉट प्लेस में दोपहर से ही आवाजाही बढ़ गई। कैफे, रेस्टोरेंट और ब्रैंडेड शोरूम में ग्राहकों की अच्छी-खासी भीड़ नजर आई। परिवारों और युवाओं ने यहां खरीदारी के साथ-साथ खाने-पीने और घूमने का आनंद लिया।

खान मार्केट ट्रेडर्स असोसिएशन के प्रेसिडेंट संजीव मेहरा का कहना है कि मार्केट में खूब भीड़ देखने को मिली। सबसे ज्यादा यूथ नजर आया। वहीं, कनॉट प्लेस के कारोबारी विक्रम बधवार ने बताया कि इनर और आउटर सर्कल में देर शाम तक चहल-पहल बनी रही। इसके उलट करोल बाग, चांदनी चौक, सदर बाजार में कम भीड़ नजर आई। दुकानदारों का कहना है कि नए साल पर बड़ी संख्या में लोग शहर से बाहर चले गए हैं। इसकी वजह से बाजारों में सन्नाटा पसरा रहा है। करोल बाग के कारोबारी कशिश अरोड़ा ने बताया कि सड़कें खाली रहीं। उम्मीद थी कि पहले दिन अच्छा कारोबार होगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। वहीं, चांदनी चौक के कारोबारी अभिषेक गोयनका ने बताया कि इस बार नए साल की छुट्टी का फायदा उतना नहीं मिल पाया, जितनी उम्मीद थी। चांदनी चौक में दोपहर तक बाजारों में सीमित चहल-पहल ही देखने को मिली। हालांकि, शाम के दौरान सन्नाटे जैसी हालत हो गई थी।

**गुड़गांव साइबर हब**



# खाटू श्याम दिल्ली धाम में पहुंचे लाखों श्रद्धालु, सुबह 4 बजे से लगी रही कतार

■ NBT रिपोर्ट, अलीपुर

**बाहरी दिल्ली** के अलीपुर में खाटू श्याम दिल्ली धाम में नए साल के पहले दिन श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। सुबह 4-5 बजे से भक्तों की लंबी कतारें मंदिरों में लगगई थीं। इस दौरान पूरा मंदिर परिसर जय श्री श्याम के जयकारों से गूंज उठा।

खाटू श्याम दिल्ली धाम के राष्ट्रीय अध्यक्ष घनश्याम गुप्ता जवेरी ने बताया कि गुरुवार को मंदिर में 20 लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने भगवान के दर्शन किए। इस दौरान कुंभ मेले जैसीस्थिति दिखाई दी। भीड़ को संभालने के लिए मंदिर कमिटी की ओर से पहले ही कई इंतजाम किए गए थे।

घनश्याम गुप्ता जवेरी ने बताया कि पिछली रात से यहां कई किलोमीटर तक भक्त ही दिखाई देने लगे थे। हालांकि इन लाखों भक्तों को आराम से सुलभ दर्शन हुए। पूरे आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं ने अनुशासन के साथ बाबा के दर्शन किए और नया वर्ष श्याम बाबा के चरणों में समर्पित किया।



मंदिर में 20 लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने भगवान के दर्शन किए

## महानगर में आज



**सुरों की शाम**
त्रिवेणी कला संगम में म्यूजिक फेस्टिवल 'म्यूजिक फॉर हारमनी', मंडी हाउस, शाम 5:30 बजे से। नाद (NADD) फाउंडेशन के इस सालाना उत्सव में आज शुभोदीप पाठक (सितार), आयुष चौधरी (वॉयलिन), उद्दालक घोष (तबला) अपने सुरीले सुरों के साथ दर्शकों के बीच होंगे। अर्णब चक्रवर्ती के सरोद वादन का आनंद भी संगीत प्रेमियों के बीच होगा, रफीउद्दीन साबरी तबला में संगत देंगे। आखिर में तबले में सत्यजीत तलवलकर और विनय मिश्रा (हारमोनियम) की जोड़ी को सुना जा सकता है।

**सृजन से विनाश तक**



त्रिवेणी कला संगम में पेंटिंग एग्जिबिशन 'द डाइंग ब्लू : वेन प्रोग्रेस इरेजेज द कॉन्टूर्स ऑफ लाइफ', त्रिवेणी गैलरी, मंडी हाउस, सुबह 11 बजे से रात 8 बजे तक। आर्टिस्ट भरत कुमार जैन के इस शो के साथ इस सृजन और विनाश के बीच के तनाव को महसूस किया जा सकता है।


**समर्पण**
इंडिया हैबिटेट सेंटर में डांस समर्पण, स्टाइन ऑडिटोरियम, लोदी रोड, शाम 7 बजे से। सुरम्य की ओर से इस संगीत समारोह में आज कोमल बिरवाल (कथक), भावना गिल (कुचिपुड़ी), मसकना क्षेत्रीमायुम (मणिपुरी), अंकिता कुमारी (ओडिसी), नेहा शुक्ला (भरतनाट्यम), बसंती मोहसरीआ (मयूरभंज छऊ) की प्रस्तुति को देखा जा सकता है।

सिटी में हो रहे इवेंट्स की जानकारी हमें भेजें nbtreader @timesofindia.com पर



# धुएं और धुंध में लिपटा नया साल, हवा बिगड़ी, रेल अटकी

■ 28 ट्रेनें लेट, स्थिति संभालने के निर्देश




NBT 4 मिनट में पढ़ें

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**कड़ाके की** ठंड और कोहरे की वजह से दिल्ली आने वाली करीब 28 ट्रेनें गुरुवार को प्रभावित रहीं। रेलवे की ओर से जारी रिपोर्ट के अनुसार, यह ट्रेनें गुरुवार को कई घंटों की देरी से चलीं। ट्रेनों की लेट लतीफी को लेकर रेलवे बोर्ड की ओर से स्थिति को संभालने के लिए विशेष निर्देश दिए गए हैं।

नए साल के पहले ही दिन नॉर्दन रेलवे का दिल्ली डिवीजन में ट्रेनों का ऑपरेशन बुरी तरह प्रभावित रहा। 1 जनवरी को दोपहर 12:09 बजे जारी रनिंग पोजीशन रिपोर्ट के अनुसार, दिल्ली आने वाली 28 ट्रेनें प्रभावित रहीं। एक घंटे से लेकर करीब 9 घंटे की देरी से चलीं। सबसे अधिक असर प्रयागराज डिवीजन (एनसीआर जोन) से होकर गुजरने वाली ट्रेनों पर पड़ा। इन ट्रेनों को मुख्य रूप से टेकिंग ओवर सेक्शन पर लिया गया है, जहां निर्धारित समय और वास्तविक समय के बीच बड़ा अंतर देखा गया। गाड़ी संख्या संख्या 22437, 14217, 12559, 12259 प्रमुख हैं, जो कई घंटों की देरी से चली हैं। हालांकि, ट्रेनों की देरी की वजह से यात्रियों को काफी दिक्कत झेलनी पड़ रही है।

**खाने-पीने पर विशेष ध्यान:** ट्रेनों की लेट लतीफी को देखते हुए रेलवे बोर्ड ने ट्रेनों के अंदर खाने पीने की चीजों पर विशेष ध्यान देने की बात कही है। इसके अलावा दिल्ली, लखनऊ, मुरादाबाद, बनारस और प्रयागराज मंडल के DRM को भी ट्रेनों की स्थिति पर लगातार नजर रखने और मौके पर ही समस्याओं का समाधान करने को भी कहा गया है। साथ ही रेलवे बोर्ड ने समय पर ट्रेनों की शुरुआत सुनिश्चित करने के लिए वंदे भारत एक्सप्रेस और शताब्दी एक्सप्रेस के लिए एक्स्ट्रा (स्पेयर) रेक उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

## सिरसा ने कहा, 2025 में बेहतर AQI वाले दिन

# 'प्रदूषण के खिलाफ लड़ाई में 2025 ऐतिहासिक'

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

Photos : AFP, PTI



बादल हटने की वजह से अब न्यूनतम तापमान में गिरावट आएगी

**साल 2025** दिल्ली की हवा में सुधार की मजबूत मिसाल बनकर सामने आया। इस साल प्रदूषण के प्रमुख मानकों PM2.5 और PM10 में गिरावट दर्ज की गई। पूरे साल में 79 दिन ऐसे रहे, जब एक्यूआई 100 से नीचे रहा, जबकि 200 दिन एक्यूआई 200 से नीचे दर्ज किया गया। जनवरी से नवंबर के बीच, कोविड के साल को छोड़कर औसत एक्यूआई 187 रहा, जो बीते आठ सालों में सबसे बेहतर है। गंभीर प्रदूषण वाले दिनों की संख्या भी घटकर सिर्फ आठ रह गई।


पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि लोगों ने सरकार पर पूरा भरोसा दिखाया और साफ हवा को पहली प्राथमिकता बनाया गया। 2025 में बेहतर एक्यूआई वाले दिन यह साबित करते हैं कि सही नीति और लगातार मेहनत से बदलाव संभव है। धूल नियंत्रण के लिए सड़कों पर मशीनों से सफाई बढ़ाई गई। 405 एंटी स्मॉग गन सड़कों और ऊंची इमारतों पर लगाई गईं। व्यस्त इलाकों में पानी का छिड़काव किया गया और निर्माण स्थलों पर सख्त नियम लागू किए गए। नियम तोड़ने पर हजारों जगह कार्रवाई हुई। वाहन प्रदूषण पर भी कड़ा एक्शन लिया गया। पीयूसी नहीं तो ईंधन नहीं, की नीति लागू की गई। BS-VI नियमों का सख्ती से पालन कराया गया और खुले में मलबा ढोने वाले ट्रकों पर भारी जुर्माना लगाया गया।

उद्योगों के प्रदूषण पर जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई। प्रदूषण फैलाने वाली इकाइयों को बंद किया गया। नियमों के उल्लंघन पर सरकारी एजेंसियों पर भी जुर्माना लगा।

कचरा प्रबंधन में भी बड़ा बदलाव देखने को मिला। कचरा उठाने की संख्या बढ़ाई गई और रोज औसतन 35 मीट्रिक टन पुराने कचरे की बायो माइनिंग की गई। सिरसा ने कहा कि 200 दिन एक्यूआई 200 से नीचे रहना और गंभीर प्रदूषण वाले दिनों का आधा होना साझा मेहनत का नतीजा है, लेकिन यह सफर यहीं खत्म नहीं होता। पीएम 10 घटकर 197 एमजीसीएम और पीएम 2.5 घटकर 96 एमजीसीएम पहुंचा, जो 2024 के मुकाबले बेहतर है।

# 4 साल में नए साल पर हवा रही सबसे खराब

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली



प्रदूषण का स्तर बेहद खराब रहेगा

**नए साल** की शुरुआत बीते 4 साल में सबसे प्रदूषित रही है। अगले 10 दिनों तक प्रदूषण का स्तर बेहद खराब रहने का अनुमान है। इस प्रदूषित माहौल के बीच न्यू ईयर ईव पर रात 12 बजते ही कई जगहों पर जमकर आतिशबाजी हुई। रोक के बावजूद कई इलाकों में आतिशबाजी हुई। नए साल के दिन दिल्ली का एक्यूआई 380 रहा। इससे पूर्व 1 जनवरी 2021 को एक्यूआई 441 रहा था। नए साल की सबसे प्रदूषित शुरुआत भी 2021 में ही रही थी।

> रात 12 बजते ही कई जगहों पर जमकर आतिशबाजी हुई

CPCB के एयर बुलेटिन के अनुसार दिल्ली का एक्यूआई 380 रहा। फरीदाबाद का 234, गाजियाबाद का 356, ग्रेटर नोएडा का 352, गुरुग्राम का 312 और नोएडा का 367 रहा। 11 जगहों पर प्रदूषण गंभीर स्थिति में रहा। वजीरपुर का एक्यूआई 415, विवेक विहार का 409, सोनिया विहार का 415, सीरीफोर्ट का 406, रोहिणी का 408, नरेला का 409, मुंडका का 407, जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम का 403, जहांगीरपुरी का 405, आनंद विहार का 423 और अलीपुर का 401 रहा।

2 से 4 जनवरी तक प्रदूषण बेहद खराब रहेगा। अगले 6 दिनों तक प्रदूषण बेहद खराब रह सकता है। गुरुवार को हवाओं की गति 5 से 10 किलोमीटर प्रति घंटे रही। शुक्रवार को यह 5 से 10 किलोमीटर प्रति घंटे, शनिवार को 6 से 15 किलोमीटर प्रति घंटे रही।

## आज और कल रहेगा घना कोहरा




दिल्ली का न्यूनतम तापमान 10.6 डिग्री रहा। यह सामान्य से 3.7 डिग्री अधिक रहा। पालम में यह 9 डिग्री, रिज में 9.9 डिग्री रहा

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** शुक्रवार और शनिवार को घना कोहरा रहेगा। इसके साथ ही बादलों की परत हल्की होने लगेगी। इससे दिन में धूप खिलेगी और दिन में कंपकंपी वाली सर्दी से कुछ राहत मिलेगी। हालांकि अगले दो से तीन दिन अधिकतम तापमान 17 डिग्री से कम ही रहेगा। इसके बाद भी अगले तीन से चार दिनों तक यह 20 डिग्री से कम बना रहेगा। वहीं, बादल हटने की वजह से अब न्यूनतम तापमान में गिरावट आएगी। इसकी वजह से सुबह के समय कंपकंपी बढ़ेगी।

> दिन में कंपकंपी वाली सर्दी से कुछ राहत मिलेगी

सुबह के समय बीते दो दिनों की तुलना में कोहरा कुछ कम रहा। हालांकि यह मध्यम से घना बना रहा। अब अगले दो दिनों तक भी यह मध्यम से घना बना रह सकता है। अगले दो दिनों के लिए मौसम विभाग ने कोहरे का येलो अलर्ट जारी किया है। वहीं, राजधानी (सफदरजंग) का अधिकतम तापमान 17.3 डिग्री रहा। यह सामान्य से दो डिग्री कम रहा। इसके अलावा पालम में अधिकतम तापमान 15.9 डिग्री, लोदी रोड में 15.8 डिग्री, रिज में 16.6 डिग्री और आया नगर में 14.8 डिग्री रहा।


## 1 जनवरी को दर्ज AQI




# प्रदूषण के खिलाफ मॉडल बन काम करे मेट्रो: CM

## मेट्रो अधिकारियों ने CM को बताया कि प्रदूषण के खिलाफ क्या कर रही DMRC

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली



DMRC ने मेट्रो स्टेशनों पर लगाए मिस्ट स्प्रे, CM ने भी दिए कुछ सुझाव

**मुख्यमंत्री रेखा** गुप्ता ने राजधानी में प्रदूषण के खिलाफ युद्ध में डीएमआरसी को एक मॉडल एजेंसी के रूप में काम करने का निर्देश दिया। जिससे दूसरे विभाग भी उनसे सबक लेते हुए जरूरी कदम उठाएं। उन्होंने यह बातें डीएमआरसी अधिकारियों के साथ प्रदूषण को लेकर चल रही तैयारियों पर चर्चा के दौरान कही। मेट्रो अधिकारियों ने बताया कि वह प्रदूषण से निपटने के लिए अपने एलिवेटेड स्टेशनों पर भी एंटी स्मॉग गन, मिस्ट स्प्रे लगा रहे हैं।

बैठक में मेट्रो अधिकारियों ने बताया कि मेट्रो प्रदूषण नियंत्रण को लेकर ठोस और तकनीकी उपाय कर रही है। सभी निर्माणाधीन स्थलों पर पहले से ही 83 एंटी स्मॉग गन लगाए गए हैं, इसके अलावा 20 नई एंटी स्मॉग गन लगाने की योजना है, जिसे 15 जनवरी तक पूरा कर लिया जाएगा। जिन मेट्रो स्टेशनों पर यह गन लगाई गई हैं या लगनी हैं उनमें कश्मीरी गेट, समयपुर बादली, द्वारका सेक्टर-21, रानीबाग गार्डन, आनंद विहार, पीतमपुरा, अशोक विहार के अलावा मेट्रो भवन आदि शामिल हैं।

अधिकारियों ने कहा कि 37 मेट्रो स्टेशनों पर मिस्ट स्प्रे सिस्टम लगाया जा चुका है। मुख्य सड़कों पर स्थित स्टेशनों को प्राथमिकता दी जा रही है और यह काम 20 जनवरी तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। जहां एंटी स्मॉग गन उपलब्ध नहीं होंगी, वहां मिस्ट स्प्रे सिस्टम अनिवार्य रूप से लगाया जाएगा।

जिन स्टेशनों पर मिस्ट स्प्रे सिस्टम लगाया गया है, उनमें पीतमपुरा, रिठाला, पिटेरनी, करोल बाग, मोती नगर, उत्तम नगर ईस्ट, निर्माण विहार, कैलाश कॉलोनी, बदरपुर, मोती बाग आदि स्टेशन शामिल हैं।

मिस्ट स्प्रे के अलावा दिल्ली को सुंदर दिखाने के लिए आर्टवर्क का सहारा भी लिया जा रहा है। करीब 200 मेट्रो पिलरों पर आर्टवर्क कराने की योजना बनाई गई है, जिसे 30 अप्रैल तक पूरा किया जाएगा। फिलहाल 10 पिलरों पर आर्टवर्क पूरा हो चुका है। कई स्टेशनों के आसपास सेंट्रल वर्ज के रखरखाव का भी कार्य शुरू किया जा रहा है। पहले चरण में 25 स्टेशनों को चिह्नित किया गया है।

## DPCC को मिलेगी नई इमारत, प्रदूषण पर बढ़ेगी निगरानी

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** दिल्ली पल्यूशन कंट्रोल कमिटी (डीपीसीसी) का अब अपना अलग मुख्यालय होगा। पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा की मौजूदगी में डीपीसीसी के नए मुख्यालय के निर्माण को लेकर रोहिणी में दिल्ली स्टेट इंडस्ट्रियल एंड इन्फ्रास्ट्रक्चर डिवेलपमेंट कॉर्पोरेशन (डीएसआईआईडीसी) के साथ समझौता किया गया है।

अधिकारियों के अनुसार, यह मुख्यालय पीपीपी मॉडल पर विकसित किया जाएगा। डीपीसीसी के अलग-अलग इमारतों में स्थित सभी कार्यालय अब एक ही परिसर में होंगे। इससे प्रदूषण के खिलाफ नीतिगत फैसलों के साथ-साथ निगरानी व्यवस्था भी मजबूत होगी।

> यह मुख्यालय पीपीपी मॉडल पर विकसित किया जाएगा

सिरसा ने कहा कि दिल्ली को प्रदूषण मुक्त बनाने की दिशा में यह एक बड़ी पहल है। डीपीसीसी और डीएसआईआईडीसी के बीच एक महत्वपूर्ण समझौते पर हस्ताक्षर किए गए हैं, जिसके तहत रोहिणी में डीपीसीसी का अत्याधुनिक मुख्यालय बनाया जाएगा। यह पर्यावरण संरक्षण के प्रयासों को नई तकनीक और बेहतर निगरानी प्रणाली से सशक्त करेगा। इस इमारत के जरिए प्रदूषण के खिलाफ चल रही लड़ाई में तकनीकी क्षमताओं को और मजबूत किया जाएगा। वर्तमान में डीपीसीसी के कार्यालय शास्त्री पार्क स्थित मेट्रो भवन और कश्मीरी गेट में स्थित है।






CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 02-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH04 User: cci Time: 01-01-2026 22:46 Color:



# नए साल में दिल्ली को मिलेगी नई धार सफाई के साथ विकास को रफ्तार: CM

NBT 2 मिनट में पढ़ें

## CM ने कहा- दिल्ली को बनाएंगे विकसित राजधानी



नए साल के पहले दिन मरघट वाले मंदिर पहुंचीं सीएम रेखा गुप्ता ने कहा- इस साल दिल्ली को साफ, स्वस्थ और खुशहाल बनाने पर रहेगा फोकस

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने नए साल के पहले दिन की शुरुआत मरघट वाले हनुमान मंदिर में दर्शन करके की। इस दौरान उन्होंने संतों से मुलाकात कर उनका आशीर्वाद लिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रभु हनुमान जी सत्य, साहस, सेवा और संकल्प के प्रतीक हैं। उनका आशीर्वाद सभी को जनकल्याण, कर्तव्यनिष्ठा और सकारात्मक सोच के मार्ग पर आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। उन्होंने प्रार्थना की कि बजरंग बली का आशीर्वाद दिल्ली और देश पर सदैव बना रहे।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि बजरंग बली से प्रार्थना है कि हर दिल्लीवासी को सुख, समृद्धि और उत्तम स्वास्थ्य का आशीर्वाद मिले। नया साल सभी के जीवन में नई आशाएं और नए अवसर लेकर आए। उन्होंने कहा कि नए साल में हम सभी यह प्रण लेते हैं कि मिलकर एक विकसित दिल्ली के निर्माण के लिए काम करेंगे, एक ऐसी दिल्ली जो स्वच्छ और स्वस्थ हो तथा जहां हर ओर खुशहाली हो। यही कामना है कि दिल्ली निरंतर प्रगति के पथ पर आगे बढ़े और एक विकसित राजधानी के रूप में पहचान बनाए।

मुख्यमंत्री ने मंदिर में मौजूद श्रद्धालुओं से संवाद किया और सभी को नए साल की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। इस दौरान उन्होंने दर्शन के लिए कतार में खड़े श्रद्धालुओं, बच्चों और परिवारों से बातचीत की। बच्चों की मांग पर उनके साथ सेल्फी भी ली। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने मंदिर के आस-पास तैनात सफाई कर्मियों से भी मुलाकात की, जो साफ-सफाई की जिम्मेदारी निभा रहे थे। उन्होंने सभी सफाईकर्मियों को नए साल की शुभकामनाएं दीं।

## अफसरों को दिया दिल्ली के विकास का नया रोडमैप बनाने का टास्क

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : नए साल के पहले दिन दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिल्ली सरकार के सभी प्रमुख विभागों के सीनियर अधिकारियों के साथ दिल्ली सचिवालय में बैठक की। इस दौरान सभी को नए साल की शुभकामनाएं देते हुए CM ने कहा कि उनकी सरकार दिल्ली को विकसित राजधानी बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। इस विजन को पूरा करने के लिए उन्होंने अधिकारियों को एक खास टास्क भी दिया। उन्होंने कहा कि सभी विभाग जन उपयोगी योजनाएं बनाएं और उन्हें इसी साल अमल में लाकर दिखाएं।

इस उच्चस्तरीय बैठक में कैबिनेट मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा, मुख्य सचिव राजीव वर्मा सहित दिल्ली सरकार के सभी प्रमुख विभागों के विभागाध्यक्ष और अन्य सीनियर अधिकारी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों की मेहनत की सराहना करते हुए कहा कि आप सभी एक टीम की तरह काम करें, जिसके पास पावर, अथॉरिटी और विजन है। आज आप बड़े परिवर्तन ला सकते हैं। जब भी देश में बड़े बदलाव या सफल मॉडल की बात होती है तो उसके पीछे किसी न किसी कर्मठ अधिकारी की मेहनत होती है। दिल्ली को भी अब ऐसे ही प्रयासों की जरूरत है। रेखा गुप्ता ने काम करने के तरीकों में बड़े बदलाव का संकेत देते हुए अधिकारियों को सीधे जिम्मेदारी सौंपी। उन्होंने कहा कि सरकार जनहित की योजनाएं चाहती है ताकि आम लोग सुखी और संतुष्ट हों।

## DU: इस सेमेस्टर 15 हज़ार पेपर हुए तैयार

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: दिल्ली यूनिवर्सिटी के एग्जामिनेशन विंग में स्टूडेंट्स और पेपर्स की संख्या में रिकॉर्ड इजाफा हुआ है। डीयू के एग्जामिनेशन कंट्रोलर प्रो. गुरप्रीत सिंह टुटेजा ने कहा कि खासकर नैशनल एजुकेशन पॉलिसी (एनईपी) के तहत डीयू के सेमेस्टर एग्जाम सफलतापूर्वक हुए हैं। स्कूल ऑफ ओपन लर्निंग समेत लगभग 90 कॉलेजों में लगभग 7 लाख से ज्यादा स्टूडेंट्स के लिए परीक्षाएं कराई गईं। इनमें 10 हजार से ज्यादा टीचर्स की सक्रिय भागीदारी से लगभग 15 हजार क्वेश्चन पेपर तैयार किए गए।

AI image



7 लाख से ज्यादा स्टूडेंट्स ने दिए एग्जाम

प्रो. टुटेजा ने बताया कि अकैडमिक सेशन 2021–22 से 2025–26 तक के डेटा और हाल के एग्जामिनेशन सेशन में स्टूडेंट्स, क्वेश्चन पेपर और वर्क लोड में लगातार बढ़ोतरी हुई है। नवंबर-दिसंबर 2025 सत्र के दौरान, एक ही सत्र में आयोजित क्वेश्चन पेपर्स की अधिकतम संख्या 941 पर पहुंच गई, जबकि नवंबर-दिसंबर 2024 में यह 228 थी। इसी तरह, एक सेशन में परीक्षा देने वाले स्टूडेंट्स की अधिकतम संख्या एक वर्ष के भीतर 69,808 से 86,000 हो गई। मई-जून 2025 और नवंबर-दिसंबर 2025 के बीच के डेटा का जिक्र करते हुए प्रो. टुटेजा ने बताया कि नवंबर-दिसंबर 2025 सत्र में कई दिनों में रोजाना 800 से अधिक पेपर हुए, जिसमें एक दिन का अधिकतम स्तर 941 क्वेश्चन पेपर थे, जो पिछले सत्रों के संबंधित आंकड़ों से कहीं ज्यादा था।

## नए साल के जश्न पर दिल्ली पुलिस ने लगाया पहरा : AAP

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : आम आदमी पार्टी (AAP) के नेताओं ने आरोप लगाया है कि राजधानी दिल्ली में बीजेपी सरकार ने नए साल का जश्न मनाने पर भी पुलिस का पहरा बिठा दिया। हर साल नए साल की पूर्व संध्या पर गुलजार रहने वाले दिल्ली के दिल कनॉट प्लेस में इस बार सन्नाटा पसरा रहा। सारी दुकानें बंद थीं और नए साल का जश्न मनाने के इरादे से वहां आ रहे लोगों को दिल्ली पुलिस भगा रही थी। AAP के दिल्ली प्रदेश संयोजक सौरभ भारद्वाज और विधायक संजीव झा ने एक्स पर कनॉट प्लेस में पसरे सन्नाटे और पुलिस की ओर से लोगों को वहां से भगाते हुए का एक विडियो शेयर करते हुए कहा कि अब तो बीजेपी सरकार दिल्लीवालों की खुशियों पर भी पहरा लगा रही है।

सौरभ भारद्वाज ने इसे लेकर BJP सरकार की नीति पर उठाए सवाल

## विकास के कामों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं: रविन्द्र इन्द्राज

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : नए साल के पहले दिन दिल्ली की जनता से रूबरू होते हुए दिल्ली सरकार के समाज कल्याण मंत्री ने विकास के कामों को तरजीह देते हुए कहा कि कामों की क्वालिटी और काम पूरा करने के लिए तय की गई समय सीमा में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने साफ-साफ अधिकारियों को कहा कि जो लोग इस मामले में लापरवाह होंगे, उनके खिलाफ सख्त एक्शन लिया जाएगा।

मंत्री ने कहा- सभी जर्जर पानी और सीवर की लाइन जल्द बदली जाएंगी

रविन्द्र इन्द्राज ने जनता के साथ संवाद के दौरान कहा कि सभी जर्जर पानी और सीवर की लाइन बदली जाएंगी।

गुरुवार को रविन्द्र इन्द्राज ने दीप विहार, बेगमपुर, बरवाला रोड, राजीव नगर, राजीव नगर एक्सटेंशन, पप्पू कॉलोनी, कृष्णा कॉलोनी, शिव विहार और शाहबाद डेयरी क्षेत्रों का दौरा कर स्थानीय निवासियों से सीधा संवाद किया और उनकी शिकायतों पर अधिकारियों को तुरंत कार्रवाई के निर्देश भी दिए।

## कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष की जयंती पर श्रद्धांजलि सभा

Surender Kumar



■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: दिल्ली प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और प्रदेश की राजनीति की बड़ी शख्सियत रहे राम बाबू शर्मा की जयंती पर गुरुवार को कांग्रेस कार्यालय में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने राम बाबू शर्मा की प्रतिमा पर फूल चढ़ाकर श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में उनके बेटे और पूर्व विधायक विपिन शर्मा भी मौजूद रहे। शाहदरा के साईं मंदिर में भी राम बाबू शर्मा की जयंती पर अलग से श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई।


इस अवसर पर देवेंद्र यादव ने कहा कि राम बाबू शर्मा दिल्ली की राजनीति के एक कद्दावर नेता थे। उन्होंने अपनी मेहनत और पार्टी के प्रति समर्पण से निगम पार्षद और विधायक के रूप में जनता की सेवा की। उन्होंने ब्लॉक अध्यक्ष से लेकर दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष तक कई अहम जिम्मेदारियां निभाईं।


TIMES TRIBUTE
PAYING HOMAGE TO THE DEPARTED SOUL
To book your ad
Logon to: ads.timesofindia.com
or Call: 18001205474 (Toll Free)
Scan QR Code

REMEMBRANCE
SHARING MEMORIES



ग्यारहवीं पुण्य तिथि
श्री अतर सिंह जैन
15.07.1925 - 02.01.2015
आपकी यादें, प्रेरणा, आशीर्वाद हर क्षण हमारे साथ हैं हम सभी आपको नतमस्तक होकर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हैं:Jain Family & Staff of Kamal Wire Industries, Asia Tar Udyog.2325, Bahadurgarh Rd. Teliwara, Delhi-6 # 40396372, 9811170252



15th Death Anniversary
In Loving Memory of
Founder SH. S.C. GUPTA
7.2.1925 - 02.01.2011
We miss you in every moment of our life. You will always remain in our hearts and thoughts.
We miss your Love and guidance at all times.Remembered by :
THE VISHNU COOP. U.T.C SOCIETY LTD. LAXMI NAGAR, DELHI.



श्री पदम सैन जैन (सबगा वाले)
01.01.1948 - 02.01.2015
ग्यारहवीं पुण्य तिथि पर आपके चरणों में शत्-शत् नमन। आपका आशीर्वाद हर क्षण हमारे साथ है।
मनोज जैन - रुचि
पंकज जैन - नम्रता
सरिता जैन - अरविंद
उमंग, नमन, राघव, आगम जैन (पौत्र)
M/s Naman Packaging # 7290917173
M/s Ruchi Packaging # 9810008032
M/s Umang Trading Co. # 9810001644
94, Rishabh Vihar, Second Floor, Delhi-92



"Life is one eternal struggle between the forces of good and evil."
Shree Sathya Zarathushtra

"HONOUR. COURAGE. BRAVERY. Three words that you taught us. Three words that help us cope with your loss."
The silent joy of remembering a loved one. The moments you shared together. Little moments that make life beautiful.
Share them. With Friends. Relatives. Neighbours. Colleagues. With all those whose lives the departed Soul has touched. Because while life goes on, when you share memories, they stay on forever.

| Publications | Total Outlay |
| --- | --- |
| The Times of India Delhi/NCR | 5,600 |
| TOI+NBT (Delhi/NCR) | 8,800 |
| NBT+ET (Delhi/NCR) | 6,600 |

REMEMBRANCE
SHARING MEMORIES
For any information call
Vinod : 9958992088
Pankaj : 8130604727

TIMES TRIBUTES
RATE CARD

| Publications | Rates per sq. cms |
| --- | --- |
| TOID Capital + NBT (Delhi+NCR) | 1295 |
| TOID Full Run ## + NBT (Delhi+NCR) | 1360 |
| THE TIMES OF INDIA (Delhi+NCR) | 780 |
| THE TIMES OF INDIA (Delhi) Full Run## | 900 |
| NAVBHARAT TIMES (Delhi+NCR) | 595 |
| THE ECONOMIC TIMES (Delhi+NCR) | 715 |
| SANDHYA TIMES (Delhi) | 100 |

Rates effective 5th June 2019
▸ *Placement on specified obit pages only. ▸ This rate benefit is extended up till the size of 320 sq. cm only. ▸ ## Full run includes Delhi City + NCR (Including Gurgaon + Noida) + Chandigarh + Western U.P. + Uttarakhand ▸ TOI Capital (Delhi & NCR) includes TOI Gurgaon & TOI Noida.
To place an Obituary announcement or Remembrance message please call
Vinod: 9958992088
Pankaj : 8130604727

TIMES interact
Connecting People, Connecting Needs.
To book your ad
Logon to: ads.timesofindia.com
or Call: 18001205474 (Toll Free)
Scan QR Code

टेंडर और नोटिस

सार्वजनिक सूचना (नोटिस)

PUBLIC NOTICE
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम हिरनकी, दिल्ली के खसरा नंबर 667 (5-17) एवं 668 (4-16) पर प्रार्थी प्रदीप कुमार व अन्य भाई पुत्र स्व. श्री चंदू लाल का वर्ष 1978 से कब्जाधारक है। इस भूमि पर माननीय कलेक्टर (NW) का सक्षम आदेश केस नं. 61/DC/NW/2010 दिनांक 18.10.2010 प्रभावी है। कोई भी व्यक्ति इस भूमि के संबंध में किसी भी प्रकार का लेन-देन न करें। किसी भी 'Third Party' द्वारा म्यूटेशन का प्रयास न्यायालय की अवमानना माना जाएगा। कोई भी व्यक्ति इस भूमि की खरीद-बिक्री या किसी भी प्रकार का लेन-देन न करें। ऐसा करने वाला स्वयं जिम्मेदार होगा और उसके विरुद्ध कानूनी कार्यवाही की जाएगी।
Sd/- प्रदीप कुमार

PUBLIC NOTICE
This is to inform the general public that Mr Sunil Sharma S/o Kali Charan, Resident of RZ 79A Gali No - 5 Mohan Block, West Sagarpur, South West Delhi 110046 formerly employed as GM Service / Service Head at M/s Speedingo India Pvt Ltd, Kia Authorized Workshop Located at 39/3 Site-4, Sahibabad Industrial Area, Ghaziabad, Uttar Pradesh has ceased to be in our employment effective 1st Jan 2026. Please note that the said person is no longer authorized to transact any business, collect payments, or represent M/s Speedingo India Pvt.Ltd in any capacity. Any person dealing with him shall do so at their own risk and responsibility. The company will not be liable for any unauthorized actions or commitments made by him after the aforementioned date.
Mr Shehzaad
HR Manager
For M/s Speedingo India Pvt Ltd
Mobile No +91 9871100792

निविदाएं (टेंडर्स)

TENDER FOR RENOVATION AND REFURBISHMENT OF CHARMINAR GAZEBO AND SILVER OAK PATIO
Sealed Tenders are invited for the Renovation and Refurbishment of Charminar Gazebo and Silver Oak Patio at India Habitat Centre (IHC).
Interested and eligible agencies may send their bids by 12th January, 2026 Till 03:00 Pm at Office of the Director, India Habitat Centre, Core-5A, 6th Floor, Lodhi Road, New Delhi-110003.
Please Visit Our Website for further details and terms & conditions.
Website: www.indiahabitat.org

SBI भारतीय स्टेट बैंक
क्षेत्र 4, एओ -2, प्रथम तल, प्रशासनिक कार्यालय भवन, 11 संसद मार्ग, नई दिल्ली-110001
शाखा के विलय के लिए सूचना
हम अपने सम्मानित ग्राहकों को सूचित करते हैं कि हमारी एस.एन. मार्ग शाखा (61782) का एसएमई सदर बाजार शाखा (00596) के साथ दिनांक 11.02.2026 से विलय होने जा रहा है।
हमारा नया पता:
भारतीय स्टेट बैंक, फूल रोड, बारा टूटी चौक के पास, सदर बाजार, दिल्ली – 110006
हमारे टेलीफोन नंबर:
शाखा प्रबंधक +91 95588 00941
क्षेत्रीय प्रबंधक

BOOK YOUR TENDER & NOTICE ADS
For booking please contact Aman : 9312633518

न्यायालय सूचना

COURT NOTICE
IN THE COURT OF 2nd JT. CIVIL JUDGE JR. DN., NAGPUR
Room No. 304
Fixed for: 22/01/2026
Succession Case No. 306/2025
Applicant:
1) Pushpa Wd/o Manmohan Singh Kohli
2) Maninder S/o Manmohan Singh Kohli
3) Ravinder S/o Manmohan Singh Kohli
--Versus--
Non-Applicants: Nil
Name of Deceased: 1)
Mr. Manmohan Singh Kohli Died On: 23/06/2025 R/o 82 Sainik Farm, Central Avenue Khanpur, New Delhi, South Delhi-440062
Whereas Mr. Manmohan Singh Kohli Died On: 23/06/2025 R/o 82 Sainik Farm, Central Avenue Khanpur, New Delhi, South Delhi-440062 and Whereas Pushpa Wd/o Manmohan Singh Kohli & Oth. has presented an application to this Court for grant of Succession Certificate U/s 372 of Indian Succession Act, in respect of the immovable Properties standing in the name of the deceased & left by the deceased.
This is to give notice to all persons who may dispute the right of the said Applicants Pushpa Wd/o Manmohan Singh Kohli & Oth. as successor of the deceased, to appear in the Court of 2nd Jt. Civil Judge Jr. Dn., Nagpur on 22nd day of Jan. 2026 at 10:30 A.M. there to enter their objections and it is hereby declared that if no sufficient objections is offered on or before the date mentioned above, the Court will forthwith proceed to receive proof of the said Applicants right and to grant them, provided they shall appear entitled thereto a Certificate of succession of the said deceased.
Given under my hand and the seal of the court, this day of 22nd day of December, 2025.
By order of the Court
Asstt. Supdt. (T.W.)
Civil Judge Sr. Dn., Nagpur

IN THE COURT OF 2nd JOINT CIVIL JUDGE JUNIOR DIVISION, NAGPUR
M.J.C. Case No. 1264/2025
Room No. 304
Fixed for: 22/01/2026
Applicant:
1) Pushpa Wd/o Manmohan Singh Kohli
2) Maninder S/o Manmohan Singh Kohli
3) Ravinder S/o Manmohan Singh Kohli
--Versus--
Non-Applicants: Nil
Name of Deceased: 1)
Mr. Manmohan Singh Kohli
Died On: 23/06/2025 R/o 82 Sainik Farm, Central Avenue Khanpur, New Delhi, South Delhi-440062
Whereas Mr. Manmohan Singh Kohli Died On: 23/06/2025 R/o 82 Sainik Farm, Central Avenue Khanpur, New Delhi, South Delhi-440062 and Whereas Pushpa Wd/o Manmohan Singh Kohli & Oth. has presented an application to this Court for grant of Legal Heir Certificate Under the Bombay Regulation Act 1827.
This is to give notice to all persons who may dispute the right of the said Applicants Pushpa Wd/o Manmohan Singh Kohli & Oth. as Legal Heir of the deceased to appear in the Court of 2nd Joint Civil Judge Junior Division, Nagpur on 22nd Day of Jan., 2026 at 10.30 A.M. there to enter their objections and it is hereby declared that if no sufficient objections is offered on or before the date mentioned above, the Court will forthwith proceed to receive proof of the said Applicants right and to grant them, provided they shall appear entitled thereto a Certificate of Legal Heir of the said deceased.
Given under my hand and the seal of the court, this 22nd day of December, 2025
By order of the Court
Asstt. Supdt. (T.W.)
Civil Judge Sr. Dn., Nagpur

भर्ती

भर्ती-रिक्त पदों की स्थिति

प्रशासन

कार्यालय सहायक

जरूरत है आफिस के लिए फील्ड ब्वाय, कार ड्राइवर, सफाई कर्मचारी, कंप्यूटर असिस्टेंट (लड़का व लड़की), कटेल बाग 9958214000, 9811044630

अन्य रिक्तियां

चालक

कमाओ दिन के Rs. 1000 तक (पार्ट टाइम / फुल टाइम) भारत टैक्सी चालक चाहिए। जॉइन करने के लिए भारत टैक्सी ड्राइवर ऐप डाउनलोड करें या कॉल करें – 011-66801000

कमाओ दिन के Rs 1000 तक (पार्ट टाइम / फुल टाइम) भारत टैक्सी चालक चाहिए। जॉइन करने के लिए भारत टैक्सी ड्राइवर ऐप डाउनलोड करें या कॉल करें – 011-66801000

तकनीकी

उत्पादन

G2B. gearbox manufac. req. Dip./ B.Tech (Mech.) for Prod. (Eng. & Foreman), Quality, Purchase 3+ yrs exp. # 88841-33939, techachires@gmail.com

व्यक्तिगत

नाम परिवर्तन

I, Lokesh, R/o D-242, 1A/D, Sangam Vihar, New Delhi. Changed my name as Laksh Sharma S/o Jagdish Prasad.

I, Amod Kumar Dalela, S/o Late Dhirendra Narain Dalela, aged about 68 years, resident of Flat No H-408, Ajnara Landmark Apartments, Plot No 18, Sector - 4, Vaishali, Ghaziabad, Uttar Pradesh, do hereby solemnly affirm as under : 1. That I have interchangeably used my name as "Amod Kumar Dalela" and as "Amod Dalela". 2. That I have changed my name to "Amod Kumar Dalela", and will henceforth be known as "Amod Kumar Dalela" for all future purposes.

I Rajaram Iyer Sankaran S/o Natarajan Sankaran R/o Flat 209 Plot No11/12 Shalimar Garden Extn 1 Sahibabad Ghaziabad 201005 UP have changed my name from Rajaram Iyer Sankaran to Rajaram Sankaran Henceforth I would be known Rajaram Sankaran for all future purposes

I Arjun Rajaram Iyer S/o Rajaram Iyer Sankaran R/o Flat 209 Plot No11/12 Mahagun Estates-2 Shalimar Garden Extn 1 Sahibabad Ghaziabad 201005 UP have changed my name from Arjun Rajaram Iyer to Arjun Rajaram Henceforth I would be known by Arjun Rajaram for all future purposes

I, Shadab Hussain Khan S/o Mashook Hussain R/o H-67, Fourth Floor, Abul Fazal Enclave-1, Okhla, Delhi-110025 Have changed my name from Shadab Hussain to Shadab Husain Khan for all purpose.

I, Vinod Kumar Yadav, son of Srinath Yadav residing at 1467, 8/1, Sangam Vihar New Delhi-110062 have changed my name to Vinod Yadav. Vide Affidavit Dated 29/12/2025

TO BOOK YOUR RECRUITMENT ADS PLEASE CALL
AMIT : 9811790649
TO BOOK ONLINE LOG ON TO Ads.timesofindia.com
EXCLUSIVE OFFERS AND ASSISTANCE
SCAN QR CODE

BUSINESS SOLUTIONS
FOR SALE
Operating Gas Engines with Power Generation Capacity of 26 MW along with evacuation facility in about 8 acres with Land, building and structure along with adjacent industrial land is
AVAILABLE FOR SALE
Serious buyers contact in the
email id: jitpaul0126@gmail.com

GALLERIA
Lowest Gold Rate in all over Delhi
₹122000* Per 10g
Today's B.I.S. Hallmark 91.6/22CT Gold Rate
8% Making on all items
Gold Testing Machine Available
KAPIL JEWELLERS SINCE 2010.
F-24/35-36, Sec-7 Rohini
9999889969, 9891417720

TO BOOK YOUR CLASSIFIED ADS
Logon to : ads.timesofindia.com
CALL : 18001205474 (Toll Free)

HEALTH & WELLNESS

पेशाब
का लाल पीला दूधिया धात वाला गाढ़ा बार बार जलन या फिर कभी खून या शर्करा के साथ आना शरीर को अंदर से खोखला कर देता है। हर्बल ट्रीटमेंट के लिए मिलें। दवा घर बैठे भी मंगवा सकते हैं।
अशोक क्लीनिक
निकट पीतमपुरा मेट्रो स्टेशन दिल्ली
9811092140



SEX PROBLEMS
•HORMONAL IMBALANCE
•EARLY DISCHARGE
•ERECTILE-DYSFUNCTION
•SPERMS PROBLEM
•UROGENITAL INFECTIONS
•WEAKNESS DUE TO DIABETES
CONSULT QUALIFIED SEXOLOGIST AT
PERFECT CLINIC
161, Kapil Vihar (Main Road), Pitampura, Delhi-34
HELPLINE: 9810119422
FACILITIES : HORMONE, HIV, URINE, SUGAR, SEMEN, PENILE DOPPLER TEST, SEX COUNSELING & INFERTILITY SPECIALIST AVAILABLE

SEX PROBLEM
बचपन की गलतियों के कारण आयी सभी सेक्स समस्याओं के समाधान के लिए हमारी सलाह द्वारा दवा का सेवन करें और 15 ही दिन में फर्क देखें
सिर्फ ₹955 महीना



घर बैठे दवा मंगवायें
सन्यासी आयुर्वेदा
मंगोलपुरी • कालकाजी
फ्री सलाह: 8527001155

36 वर्षों के अनुभवी
सैक्स समस्याएँ
मर्दाना कमजोरी, शीघ्र पतन, शुक्राणु की कमी, गुप्त रोगी मिलें
आजाद क्लीनिक
मेन रोहतक रोड, मुल्तानी गली, नांगलोई, दिल्ली-41
9873144909
9821124909

बवासीर
का इंजेक्शन द्वारा सफल ईलाज पेट दर्द, गैस, कब्ज, एसिडिटी का सफल इलाज (अनुभव 25 वर्ष)
सोनू क्लीनिक
Dr. A.K. Chaudhary (B.A.M.S.)
K-18, मेन स्वाला रोड, श्याम नगर, विष्णु गार्डन (निकट मदर डेयरी) नई दिल्ली-18
9289626250
9810807952

BOOK YOUR CLASSIFIED ADS
FOR PROPERTY ADS PLEASE CONTACT
SUNIL : 9999499496
TO BOOK ONLINE LOG ON TO Ads.timesofindia.com

SEX Problems?
स्थायी इलाज के लिए



चेतन आयुर्वेदा
▸बदरपुर ▸दरियागंज
▸भजनपुरा ▸छत्तरपुर
3553, Main Road, Daryaganj N.D.-2
9817469817

SEX PROBLEMS?
सैक्स समस्याएं कैसी भी स्त्री-पुरुष-कमजोरी (सफेद पानी)
बे-औलाद?
मिलें-सलाह लें
कौशिक क्लिनिक Since-1986
9810-272-172


Readers are recommended to make appropriate enquiries and seek appropriate advice before sending money, incurring any expenses, acting on medical recommendations or entering into any commitment in relation to any advertisement published in this publication. All creatives marked as Advertorial, Spotlight and Promotional Features are to be treated as Advertisements. The Times of India Group doesn't vouch for any claims made by the Advertisers of the products and services. The Printer, Publisher, Editor, and the owners of The Times of India Group publications shall not be held liable for any consequences, in the event such claims are not honoured by the Advertisers.

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 02-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH05 User: devid.sharma Time: 01-01-2026 23:06 Color:



# नाबालिग ने की चाकू से गोदकर शख्स की हत्या

■ NBT रिपोर्ट, आदर्श नगर: आदर्श नगर इलाके में नए साल की शाम एक नाबालिग ने टेलर की चाकू से गोदकर हत्या कर दी। वारदात की जानकारी मिलने पर लोकल पुलिस और जिले के अफसर क्राइम सीन पर पहुंचे। मौका मुआयना करने के बाद पुलिस ने हत्या का केस दर्ज किया। शुरुआती जांच में पुलिस को पता चला कि शोर शराबा कर रहे नाबालिगों को टेलर ने ऐसा ना करने को कहा था। इसके बाद विवाद बढ़ गया और आरोपी ने हत्या को अंजाम दिया। आरोपी इलाके के नाबालिग क्रिमिनल बताए जा रहे हैं।


AI Image


पुलिस के मुताबिक मृतक की पहचान 50 साल के बिहारी लाल के तौर पर हुई है। वह परिवार के साथ रहते थे। वो इलाके में कमाने वाले थे। घटना गुरुवार शाम की है। बिहारी लाल की दुकान के बाहर आरोपी नाबालिग हल्ला कर रहे थे। बिहारी लाल ने उन्हें शोर न करने के लिए कहा, जिस पर विवाद बढ़ गया। चश्मदीदों ने पुलिस को बताया कि बहस के दौरान बिहारी लाल को एक नाबालिग ने धक्का मार दिया। जिस पर बिहारी लाल ने उसे तमाचा मार दिया।

इसी को लेकर नाबालिग ने बिहारी लाल को चाकू मार दिया। खून से लथपथ बिहारी वहीं मौके पर गिर गए। उन्हें आसपास के लोगों ने अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस मामले में आरोपियों की तलाश कर रही है। चश्मदीद ने पुलिस को बताया कि इलाके में नाबालिग ग्रुप एक्टिव है।

# कोमा में गए शख्स की देखभाल के लिए पत्नी को हाई कोर्ट ने बनाया उनका कानूनी पैरंट

■ पीटीआई, नई दिल्ली

AI Image


**हितों की भी रक्षा**
- पिछले साल फरवरी से ही गंभीर बीमारी के चलते कोमा में है शख्स
- 'पैरेंस पैट्रिए' सिद्धांत का सहारा लेकर हाई कोर्ट ने सुनाया फैसला
- पत्नी को उनके जीवित पति के समान अधिकार, कर्तव्य और दायित्व सौंपे ताकि उनकी देखभाल के साथ उनके हितों की भी रक्षा की जा सके

NBT 2 मिनट में पढ़ें

अपनी तरह के एक अनूठे मामले में दिल्ली हाई कोर्ट ने एक ऐसे व्यक्ति की पत्नी को उनका कानूनी अभिभावक नियुक्त किया है जो पिछले साल फरवरी से ही एक गंभीर बीमारी के चलते कोमा जैसी अवस्था में हैं। अदालत ने अपने 'पैरेंस पैट्रिए' (Parens Patriae) अधिकार क्षेत्र का उपयोग करते हुए यह आदेश पारित किया और पत्नी को अपने जीवित पति के समान अधिकार, कर्तव्य और दायित्व सौंपे, ताकि उनकी देखभाल के साथ-साथ उनके हितों की भी रक्षा की जा सके।

सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के अनुसार, न्याय के उद्देश्यों को पूरा करने के लिए संवैधानिक अदालतें 'पैरेंस पैट्रिए' सिद्धांत का सहारा ले सकती हैं। यह सिद्धांत उन असाधारण मामलों में लागू किया जाता है जहां व्यक्ति मानसिक या शारीरिक रूप से सक्षम न हो या अत्यंत कम उम्र का हो और उसका कोई अन्य अभिभावक या कानूनी संरक्षक उपलब्ध न हो। हाई कोर्ट के जस्टिस सचिन दत्ता इस मामले में महिला की याचिका पर सुनवाई कर रहे थे, जिसमें कहा गया था कि उनके पति इंट्राक्रेनियल हैमरेज (खोपड़ी के भीतर रक्तस्राव) के बाद से लगातार वेजिटेटिव अवस्था में हैं।

याचिका में पति की संपत्ति से जुड़े सभी मामलों में अभिभावक नियुक्त किए जाने की मांग की गई थी, जिसमें चल-अचल संपत्ति, वित्तीय मामलों और सामाजिक सुरक्षा निधियों का प्रबंधन शामिल है, ताकि पत्नी पति के इलाज और उससे जुड़े खर्चों का इंतजाम खुद कर सके। 24 दिसंबर को पारित आदेश में अदालत ने उपलब्ध साक्ष्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि यह स्पष्ट रूप से स्थापित हो चुका है कि पति वेजिटेटिव और कोमा जैसी अवस्था में हैं और किसी भी प्रकार के स्वतंत्र निर्णय लेने या गतिविधि में सक्षम नहीं हैं। ऐसे में उनके कल्याण के लिए कानूनी अभिभावक की नियुक्ति आवश्यक है।

अदालत ने यह भी नोट किया कि दंपती के दोनों बच्चों ने शपथ पत्र दाखिल करके अपनी मां को कानूनी अभिभावक नियुक्त किए जाने पर कोई आपत्ति नहीं जताई है। मेडिकल रिपोर्ट के अनुसार पति 100 प्रतिशत दिव्यांग हैं। SDM की रिपोर्ट का हवाला देते हुए अदालत ने कहा कि याचिकाकर्ता के दावों की सत्यता स्पष्ट रूप से स्थापित होती है और रिकॉर्ड के विपरीत या प्रतिकूल कुछ भी सामने नहीं आया है। इसी को ध्यान में रखते हुए न्यायमूर्ति दत्ता ने दिल्ली हाई कोर्ट द्वारा पैरेंस पैट्रिए अधिकार क्षेत्र का हवाला देते हुए महिला को कानूनी अभिभावक नियुक्त कर दिया।




# ट्रांसफर पर 15 दिन में रिलीव होंगे पुलिसकर्मी

Shanker.Singh@timesofindia.com

■ नई दिल्ली: दिल्ली पुलिस की ट्रांसफर और पोस्टिंग की नई पॉलिसी के तहत अब तबादला आदेश जारी होने के 15 दिन के अंदर पुलिसकर्मियों को मौजूदा पोस्टिंग से रिलीव करना होगा। जांच अधिकारी (IO) के लिए यह समय सीमा 30 दिन की रखी गई है। सब-डिविजन में तैनात असिस्टेंट कमिश्नर ऑफ पुलिस (ACP), स्टेशन हाउस ऑफिसर (SHO), इंस्पेक्टर (लॉ एंड ऑर्डर) और इंस्पेक्टर (इन्वेस्टिगेशन) के अलावा शिकायत के आधार पर ट्रांसफर किए गए पुलिसकर्मियों को तुरंत रिलीव करना होगा।

**ACP, SHO और शिकायत पर तबादला होने वाला स्टाफ तत्काल होगा रिलीव**

पुलिस कमिश्नर (CP) सतीश गोलचा की तरफ से जारी स्टैंडिंग ऑर्डर के मुताबिक, सिक्योरिटी और आरपी भवन से ट्रांसफर हुए स्टाफ को वहां भेजे जा रहे पुलिसकर्मियों के आने के बाद रिलीव किया जा सकता है। जिलों, क्राइम ब्रांच, स्पेशल सेल, एयरपोर्ट, महिला अपराध शाखा (CAW) में जांच अधिकारी (IO) के तौर पर काम करने वाले अफसरों को अपनी पेंडिंग केस फाइलें, शिकायतें, अन्य काम पूरे करने और उन्हें सौंपने के लिए तीस दिन मिलेंगे। यह बात हेडक्वॉर्टर की तरफ से जारी ट्रांसफर ऑर्डर में साफ तौर पर लिखी हुई होगी। ट्रांसफर किए गए स्टाफ को नए केसों की जांच नहीं सौंपी जाएगी।

सीपी की तरफ से जारी गाइडलाइंस में ट्रांसफर ऑर्डर के बाद असाधारण परिस्थितियों को छोड़कर कोई छुट्टी भी नहीं देने को कहा गया है। इसके बजाय नई पोस्टिंग वाली जगह जॉइन करने के लिए रिलीव करें, जहां से मंजूरी लेने के बाद छुट्टी पर जा सकते हैं। अगर किसी पुलिसकर्मी को दिल्ली से बाहर या छुट्टी या ट्रेनिंग पर होने के दौरान रिलीव किया जाता है तो उसे अपनी नई पोस्टिंग वाली जगह पर ही जॉइन करना होगा। रिलीव होने और रिपोर्ट करने वालों की तुरंत एंट्री करनी होगी। सभी जिला और यूनिट के डीसीपी को पैनी नजर रखने की हिदायत दी गई है।

AI Image


**ट्रांसफर रोकने पर 30 दिन में होगा फैसला**

नई गाइडलाइंस के मुताबिक, मजबूरी वाली परिस्थितियों को छोड़ ट्रांसफर कैंसल नहीं होगा। रिलीविंग की समय सीमा के भीतर कैंसलेशन रिक्वेस्ट जिलों या यूनिट या ट्रांसफर हुए स्टाफ की तरफ से भेजे जाते हैं तो रिलीविंग 30 दिन तक टाली जा सकती है। हेडक्वॉर्टर को इन पर 30 दिन के भीतर फैसला करना होगा। अगर 30 दिन में निर्णय नहीं आता है तो आवेदन नामंजूर माना जाएगा। यही नहीं, 30 दिन बाद आवेदन भेजा गया तो स्वीकार नहीं किया जाएगा। बहरहाल, मजबूरी वास्तविक पाई गई तो ट्रांसफर कैंसल किया जाएगा।

**रिलीव के लिए देना पड़ा था आदेश**

ट्रांसफर ऑर्डर के बावजूद 15 दिसंबर 2024 तक 3401 पुलिसकर्मी पुरानी पोस्टिंग में जमे पाए गए। इसके बाद यह सिलसिला जारी रहा, जिनमें इंस्पेक्टर, एसआई, एएसआई, हेड कॉन्स्टेबल और कॉन्स्टेबल शामिल हैं। दरअसल कुछ पुलिसकर्मियों को उनके अफसर छोड़ना नहीं चाहते हैं तो कई पुलिसवाले मौजूदा पोस्टिंग से हटना नहीं चाहते हैं, जो जोड़-तोड़ कर वहीं डटे रहते हैं। इसके मद्देनजर पिछले साल मार्च में तत्कालीन सीपी संजय अरोड़ा को जिलों और यूनिट्स के डीसीपी को ट्रांसफर हुए स्टाफ को तुरंत रिलीव करने के ऑर्डर जारी करने पड़े थे। लिस्ट के साथ सभी डीसीपी को पीएचक्यू तलब किया था।

# रेलवे में जॉब के नाम पर 30 लाख की ठगी

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: भजनपुरा में रेलवे में नौकरी लगवाने के नाम पर दो भाइयों से 30 लाख रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। पीड़ितों के बयान पर पुलिस ने जांच के बाद मामला दर्ज कर लिया है। फिलहाल आगे की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि पीड़ित प्रमोद कुमार अपने परिवार के साथ नॉर्थ घोंडा में रहते हैं। इनके पड़ोस में आरोपी विनोद कुमार रहता है। विनोद रेलवे में एमटीएस के पद पर कार्यरत है।



पीड़ित का आरोप है कि विनोद की मां ने रुपये लेकर सरकारी नौकरी दिलाने की बात कही थी। पीड़ित ने अपने दो बेटों की नौकरी लगवाने के लिए आरोपी परिवार को 15-15 लाख रुपये दिए। पीड़ित ने गोल्ड लोन लेकर, गाड़ी बेचकर और रिश्तेदारों से उधार मांगकर 30 लाख रुपये जुटाए थे। इसके बाद दोनों आरोपियों ने प्रमोद के दोनों बेटों की ऑनलाइन फर्जी परीक्षा भी कराई। बाद में वट्सऐप और डाक के जरिए फर्जी जॉइनिंग लेटर भी भेजा गया। इसके बाद भी जब नौकरी नहीं लगी तो आरोपी बहाने बनाने लगा। कभी कहा गया कि अधिकारी कोलकाता गया है, तो कभी अधिकारी की मौत का बहाना बनाया गया। पीड़ित ने परेशान होकर मामले की शिकायत की।

# कुत्तों की गिनती से जुड़े मामले में पुलिस कंप्लेंट, दावे को बताया गया आधारहीन

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

AI Image



- शिक्षा निदेशालय ने मामले में एफआईआर दर्ज करने की मांग की है
- निदेशालय बोला, जारी किया गया सर्कुलर केवल सुप्रीम कोर्ट के दिए गए निर्देशों के अनुपालन में था

आवारा कुत्तों की गिनती के काम में सरकारी स्कूलों के टीचरों की ड्यूटी लगाने के दावों का पूरी तरह खंडन करने और इससे जुड़ी तमाम खबरों को आधारहीन बताने के बाद शिक्षा निदेशालय ने इस मामले में अब दिल्ली पुलिस में एक शिकायत दर्ज कराई है। निदेशालय ने अपनी शिकायत में दिल्ली पुलिस को यह भी बताया है कि यह मामला भारतीय न्याय संहिता, 2023 और आईटी एक्ट 2000 के तहत आपराधिक मानहानि, सार्वजनिक उपद्रव, जालसाजी, भ्रामक इलेक्ट्रॉनिक सामग्री के प्रसारण जैसे अपराधों के अंतर्गत आता है।

शिक्षा निदेशालय ने बताया कि 20 नवंबर 2025 को जारी किया गया सर्कुलर केवल सुप्रीम कोर्ट के दिए गए निर्देशों के अनुपालन में था। इसका उद्देश्य केवल स्कूल कैंपस में स्टूडेंट्स की सुरक्षा सुनिश्चित करना था, जिसके तहत सुरक्षा कर्मियों की तैनाती और आवारा कुत्तों की स्कूल में एंट्री रोकने के उपाय सुझाए गए थे। शिक्षा निदेशक ने कहा है कि इस सर्कुलर में कहीं भी यह नहीं कहा गया था कि आवारा कुत्तों की गिनती टीचर्स करेंगे। टीचर्स की गरिमा सर्वोपरि है और उससे किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जा सकता।

**'स्थिति साफ करने के बावजूद झूठी जानकारी फैलाई गई':** शिक्षा निदेशालय ने यह भी बताया कि 30 दिसंबर 2025 को इस संबंध में आधिकारिक प्रेस नोट जारी कर स्थिति साफ कर दी गई थी, लेकिन इसके बावजूद सोशल मीडिया पर जानबूझकर झूठी पोस्ट फैलाई जा रही हैं। जिससे विभाग की छवि धूमिल हुई। टीचर्स में भ्रम और चिंता फैली और सार्वजनिक व्यवस्था और संस्थागत विश्वास को नुकसान पहुंचा। इसके अलावा, सोशल मीडिया पर कुछ व्यक्तियों ने विडियो और रील्स भी अपलोड की हैं और टीचर्स को आवारा कुत्तों की गिनती करते दिखाया है, जो गंभीर आपराधिक काम है। दूसरी ओर, शिक्षा निदेशालय ने मीडिया संस्थानों और जनता से अपील की है कि वे किसी भी जानकारी को साझा करने से पहले आधिकारिक सोर्स से सत्यापन अवश्य करें। विशेषकर जब मामला शिक्षा और छात्र सुरक्षा से जुड़ा हो।

# दोस्त के कमरे में लड़की ने की खुदकुशी

## फेसबुक के जरिए बने थे फ्रेंड, 5 दिन पहले दिल्ली आई थी, पुलिस ने दर्ज की FIR

■ NBT रिपोर्ट, मुखर्जी नगर

AI Image



**जांच जारी**
- पुलिस को मृतका के पास से कोई स्यूसाइड नोट नहीं मिला
- युवती की हो चुकी है शादी, पति से विवाद के बाद 3 सालों तक वह मायके में ही रही

फेसबुक से फ्रेंड बने और इसके नए साल की पूर्व संध्या पर मुखर्जी नगर इलाके में युवती ने संदिग्ध परिस्थितियों में बॉयफ्रेंड के कमरे में फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। युवती जिस बॉयफ्रेंड के साथ रह रही थी, वह SSC की तैयारी कर रहा है। घटना की जानकारी मिलने पर लोकल पुलिस पहुंची।

मृतका की पहचान 27 वर्षीय कोमल उर्फ रिया चौधरी के रूप में हुई है। वह मथुरा के कृष्णानगर की रहने वाली थी। पुलिस को मृतका के पास से कोई स्यूसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस कोमल के मोबाइल की जांच करने के अलावा उसके सोशल मीडिया अकाउंट को खंगालकर आत्महत्या की वजहों का पता लगा रही है। नॉर्थ वेस्ट डीसीपी भीष्म सिंह के मुताबिक कोमल परिवार के साथ कृष्णानगर, मथुरा, यूपी में रहती थी।

करीब पांच साल पहले उसकी शादी हुई थी। इसके चार साल का एक बेटा है। पति से विवाद होने के बाद तीन सालों तक वह अपने मायके में रही। इस बीच फेसबुक के जरिए उसकी दोस्ती मथुरा के रहने वाले भरत से हुई। भरत दिल्ली में इंदिरा विकास कॉलोनी में किराए का कमरा लेकर रहते हैं और SSC की तैयारी कर रहे हैं।

बातचीत के बाद पांच दिन पहले कोमल दिल्ली नौकरी की तलाश में आई थी। कोमल का बच्चा नाना नानी के पास ही रहता है। कोमल दिल्ली आकर भरत के कमरे पर रुक गई।

इस बीच शनिवार को अचानक भरत की दादी की तबीयत खराब होने पर वह मथुरा चला गया। बुधवार को दादी की मौत होने पर कोमल को कॉल किया तो उसका फोन नहीं उठा। भरत ने अपने बराबर वाले रूम में रहने वाले दोस्त अक्षय को जाकर देखने के लिए कहा। अक्षय ने खिड़की से देखा तो कोमल फंदे से लटकी थी। बाद में भरत को खबर देने के बाद पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने कमरे का दरवाजा तोड़कर शव को फंदे से उतारा। पुलिस की जांच में पता चला कि पांच दिन पहले ही कोमल मथुरा से दिल्ली आई थी। यहां आकर वह अपने बॉयफ्रेंड के साथ उसके रूम में रुकी हुई थी।

# घर से गहने और कैश हुआ चोरी

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: दिलशाद गार्डन में रहने वाली एक महिला पति से मिलने पंजाब गई थी। लेकिन जब वापस लौटी तो देखा कि घर से लाखों के गहने और कैश गायब है। पीड़िता ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। घर में लगे CCTV कैमरे में आरोपी कैद है जिसकी मदद से पुलिस आरोपी का पता कर रही है।

**दिलशाद गार्डन में हुई वारदात, पुलिस कर रही जांच**

पुलिस अधिकारी ने बताया कि 40 वर्षीय अचला गायकवाड अपने बच्चों के साथ सी ब्लॉक, दिलशाद गार्डन में रहती है। वह इहबास अस्पताल में नर्स है। 24 दिसंबर को वह बच्चों के साथ पति से मिलने पंजाब गई थी। 28 दिसंबर की दोपहर करीब 2 बजे वापस आई देखा कि सारा सामान इधर-उधर बिखरा हुआ है।

# 'नाबालिग गुर्गों' ने मचाया था जाफराबाद इलाके में कोहराम

## दिनदहाड़े फायरिंग कर मंगलवार को की थी लूटपाट, आरोपी अभी तक फरार

Shanker.Singh@timesofindia.com

■ नई दिल्ली: नॉर्थ ईस्ट दिल्ली के जाफराबाद में मंगलवार दोपहर फायरिंग कर लूटने वालों की पहचान हो चुकी है। सूत्रों के मुताबिक, तीन वारदात करने वाले बदमाश अल्तमश उर्फ अल्लू-अनस के 'नाबालिग गैंग' के मेंबर हैं। अल्लू मंडोली जेल में है तो कुछ वक्त पहले ही बालिग हुआ अनस बाल सुधार गृह में है। चौहान बांगर में 15 दिसंबर की रात हुए नदीम उर्फ चाचा फाड़ू और उसके छोटे भाई फहीम की हत्या का मुख्य आरोपी असद अमीन भी अनस का ही गुर्गा है।

**मंगलवार को फायरिंग कर लूटने वालों की हुई पहचान**

चौहान बांगर निवासी पीड़ित आबिद (38) ने पुलिस को बताया कि वह मंगलवार दोपहर करीब 2:00 बजे लंच करने के बाद फैक्ट्री के लिए पैदल जा रहे थे। रास्ते में तीन मास्क पहने चाकू और पिस्टल लिए तीन लड़कों ने रोक लिया। फोन लूटने का विरोध किया तो दो बदमाशों ने उन्हें पकड़ लिया। तीसरे ने पिस्टल से धुटने पर गोली मार दी। पिस्टल के बट से सिर पर कई वार किए। भीड़ होने से तीनों बदमाश भाग गए, जो फोन नहीं ले जा सके। इससे पहले बदमाशों ने दो और वारदात कीं, जिनमें से एक की फुटेज वायरल है। नकाबपोश बदमाश एक हलवाई से हफ्ता मांग रहा है। दुकानदार हाथ जोड़ता दिखता है। बदमाश गोली चलाने की कोशिश करता है, लेकिन फायर नहीं हुआ। वह पिस्टल के बट से हमला करता है और सामान फेंक देता है।

AI Image


पुलिस सूत्रों के मुताबिक, अन्य पीड़ितों की तरफ से शिकायत नहीं मिली है। पुलिस की कई टीमें धरपकड़ में लगी हैं। आशंका है कि अल्लू-अनस ने एरिया में अपना दबदबा कायम करने के लिए इस तरह की वारदात करवाई है। अनस अंदर से कॉल कर एक्सटॉर्शन मनी वसूल रहा है। फर्श बाजार और जीटीबी एनक्लेव एरिया में हुई फायरिंग में पुलिस अनस को नवंबर में पूछताछ के लिए लेकर आई थी।

**खतरनाक है अल्लू-अनस का गैंग**

पुलिस अफसरों के मुताबिक, नॉर्थ ईस्ट दिल्ली में नाबालिगों के कई गिरोह हैं, जिनमें अल्लू-अनस का गैंग खतरनाक है। पहले छेनू गिरोह से जुड़ा था, जो बाद में हाशिम बाबा गिरोह के टच में आ गया। जेल में बंद सरगना अल्लू की एक टांग जून 2022 में मुठभेड़ में जख्मी होने के बाद काटनी पड़ी। अनस ने गैंग की कमान संभाली। अल्लू के ठिकाने की मुखबिरी के शक में आमिर उर्फ टोरी की नवंबर 2022 में हत्या की। छोटा भाई नासिर उर्फ नन्हे इस हत्या का गवाह था, जिसका मई 2024 में चाकू से 50 से ज्यादा वार कर कत्ल किया। अनस जीटीबी अस्पताल में जुलाई 2024 और जाफराबाद में छोटा रिजवान के अगस्त 2024 के हत्याकांड की साजिश में भी था। स्पेशल सेल ने सितंबर 2024 को अनस और जाफराबाद डबल मर्डर के आरोपी असद अमीन को यूपी के खतौली से एनकाउंटर के बाद पकड़ा था। तब दोनों के पैर में गोली मारनी पड़ी थी।

# शेयर मार्केट में मुनाफे का झांसा देकर 9 लाख रुपये की ठगी, FIR

■ कृष्णा कुणाल सिंह, नई दिल्ली

AI Image


जोहरपुरी एक्सटेंशन में रहने वाले एक शख्स से शेयर बाजार में मोटा मुनाफा दिलाने का झांसा देकर साइबर ठगों ने करीब 9 लाख रुपये की ठगी कर ली। पैसा मिलने के बाद जालसाजों ने पीड़ित की लॉग-इन आईडी बंद कर दी और सभी संपर्क खत्म कर दिए। पीड़ित की शिकायत पर साइबर थाना पुलिस ने ठगी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार अरुण कुमार मेहता अपने परिवार के साथ जोहरपुरी एक्सटेंशन, गोकुलपुरी इलाके में रहते हैं और प्राइवेट नौकरी करते हैं। उन्होंने बताया कि 21 अगस्त 2025 को किसी शख्स ने उन्हें टेलीग्राम के जरिए एक ग्रुप में जोड़ा। वहां शेयर बाजार से जुड़ी बातें की गईं। उन्हें ट्रेडिंग के लिए एक आईडी भी दी गई।

इसके बाद टेलीग्राम ग्रुप पर पैसों के लेनदेन को लेकर सुझाव दिए जाने लगे। जालसाजों के झांसे में आकर अरुण कुमार ने उनके बताए बैंक खातों में पैसा ट्रांसफर कर दिया। 19 सितंबर 2025 को उन्होंने एक अकाउंट में 6 लाख 45 हजार और दूसरे अकाउंट में 2 लाख 56 हजार रुपये जमा कर दिए।

कुछ समय बाद जालसाजों ने उनकी लॉग-इन आईडी ब्लॉक कर दी। उन्हें टेलीग्राम ग्रुप से हटा दिया गया और पूरी चैट हिस्ट्री भी डिलीट कर दी गई। तब पीड़ित को ठगी का अहसास हुआ। इसके बाद उन्होंने शिकायत दर्ज कराई।






मेरी कॉलोनी मेरा शहर

हमे कई इलाको से सैकड़ो लोग अपने क्षेत्र की समस्याएं रोजाना भेज रहे है। उनमे से कुछ हम पब्लिश कर रहे है।

## पार्क मे जमा हो रहा कूड़ा-कचरा




रोहिणी सेक्टर-3 के डीडीए जिम पार्क मे जगह जगह गंदगी का अंबार लगा हुआ है। इसमे पार्क का ग्रीन वेस्ट भी है। रोजाना सफाई नही होने से गंदगी का ढेर बढ़ता जा रहा है। संबंधित विभाग इस पर ध्यान दे। -दिलवर सिंह नेगी, रोहिणी

## रोजाना नहीं आते सफाई कर्मचारी




ओल्ड सीलमपुर मे गली नं 3 और 4 मे लंबे समय तक गंदगी जमा रहती है। सफाई कर्मचारी यहां नही आते है। इसके अलावा यहां सीवर ओवरफ्लो की समस्या भी है, जिस पर सिविक एजेंसी गौर नही कर रही है। -मो. अरबाज, ओल्ड सीलमपुर

## पार्क मे डाला जा रहा है मलबा



पुरानी दिल्ली के सीताराम बाजार, एम ब्लॉक डीडीए स्लम पार्क मे कूड़ा और मलबा पड़ा हुआ है, जिसे लंबे समय से उठाया नही गया है। इस वजह से इसमे से बदबू भी आती रहती है। इससे लोग काफी परेशान भी है। सिविक एजेंसी ध्यान दे। -मानसिंह, आर्यपुरा सब्जी मंडी

## लंबे समय से स्ट्रीट लाइटें पड़ी है बंद



उत्तम नगर इलाके मे हस्तसाल गांव मे नजफगढ़ ड्रेन नाला रोड पर पिछले साल से भी ज्यादा समय से यहां स्ट्रीट लाइटे बंद पड़ी है। इस वजह से रात के वक्त यहां से निकलना खतरनाक है। -राम किशोर, नजफगढ़

अपने फोटो और विडियो इस वट्सऐप नंबर 9220747220 पर भेज सकते है या इस QR कोड को स्कैन करें। मेसेज मे अपना नाम जरूर लिखे।

# कंझावला में लोगों का दम घोंट रहा इंडस्ट्रियल कचरा

## अवैध यूनिट मालिकों द्वारा रात में लगा दी जाती है आग

■ NBT रिपोर्ट, कंझावला



सड़क के किनारे फेंक दिया जाता है इंडस्ट्रियल कचरा, इससे बढ़ रहा पल्यूशन

**कंझावला इलाके** के एक्सटेंशन लाल डोरा मे अवैध रूप से चल रही इंडस्ट्रियल यूनिट्स वहां के लोगों के लिए गंभीर परेशानी का कारण बनी हुई है। दरअसल वहां से निकलने वाले कचरे मे रात के वक्त आग लगा दी जाती है, जिससे पूरे इलाके मे धुएं की वजह से प्रदूषण फैल जाता है।

**लोगो का आरोप, शिकायत पर नहीं होती कार्रवाई**

लोगों का कहना है कि यहां पिछले कुछ सालों मे बड़ी संख्या मे हैवी इंडस्ट्रियल यूनिटें बन गई है। इन फैक्ट्रियों से निकलने वाला धुआं और दुर्गंध लगातार प्रदूषण फैलाता है। इतना ही नहीं, स्थानीय लोगों का आरोप है कि फैक्ट्रियों मे तैयार होने वाले इंडस्ट्रियल वेस्ट का न तो कोई उचित प्रबंधन है और न ही निस्तारण का कोई सिस्टम। फैक्ट्री मालिक रात के समय खाली पड़े प्लॉटों और सड़कों के किनारे कचरा व रबर प्लास्टिक वेस्ट फेंक देते है। इसके बाद चोरी-चुपके उसमे आग लगा दी जाती है। लोगों का कहना है कि धुएं की वजह से बच्चों और बुजुर्गों को सांस लेने मे दिक्कत तक होने लगी है।

रविंदर बिल्लू ने बताया कि एक्सटेंशन लाल डोरा को मूल रूप से लघु उद्योगों और घरेलू इकाइयों के लिए चिह्नित किया गया था। लेकिन अब यहां बड़े पैमाने पर अवैध फैक्ट्रियां चल रही है, जिन पर किसी भी तरह की निगरानी नहीं है। यह इलाका डीएसआईआईडीसी के इंडस्ट्रियल एरिया के दायरे मे नही आता, फिर भी यहां खुलेआम कई अवैध यूनिट्स चल रही है। ऐसे मे लोगों ने एमसीडी और संबंधित विभागों के अधिकारियों को कई बार लिखित शिकायतें भेजी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नही हुई है।



लोगों को मशीनों के टूटी होने से चोट लगने का रहता है डर

## पार्क मे ओपन जिम बदहाल, लोगों की बढ़ी परेशानी

■ NBT रिपोर्ट, रोहिणी: रोहिणी सेक्टर-6 स्थित परशुराम पार्क मे लोगों की सुविधा के लिए लगाई गईं ओपन जिम मशीनें अब जर्जर हालत मे पहुंच रही हैं।

आरडब्ल्यूए प्रेसिडेंट संजय चौरसिया ने बताया कि पार्क एमसीडी के अधीन है, लेकिन ओपन जिम के उपकरणों का मेंटिनेंस नही किया जाता। कई बार पार्क शिकायत दी, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नही हुई। लोगों का कहना है कि टूटी मशीनों से चोट लगने का खतरा बना हुआ है। वहीं, यह भी डर है कि कुछ असामाजिक तत्व इन्हें कबाड़ मे बेच सकते है। लोगों ने मांग की है कि तत्काल जिम उपकरणों की मरम्मत कराई जाए, पार्क की हालत सुधारी जाए और सुरक्षा व्यवस्था भी मजबूत की जाए, ताकि किसी तरह की दुर्घटना या चोरी की घटना को रोका जा सके।


# जीटीबी एनक्लेव : पोल है पर स्ट्रीट लाइट नहीं

■ NBT रिपोर्ट, जीटीबी एनक्लेव

NBT सुरक्षा कवच — मिलकर बनाएं दिल्ली को ज्यादा सेफ


**संस्कार आश्रम** नामक गली मे बिजली के खंभे तो जरूर लगे है। मगर उनमें स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था बिल्कुल नहीं है। ऐसे मे शाम होते ही उस रास्ते पर घुप अंधेरे के कारण लोगों की आवाजाही नाम मात्र की रह जाती है। महिलाएं आपराधिक वारदात के डर से वहां से बहुत मजबूरी मे ही निकलती है। लोगों का आरोप है कि अनेक शिकायतों के बावजूद कोई सुनवाई नही हो रही है।

एनबीटी सुरक्षा कवच ग्रुप जीटीबी एनक्लेव से जुड़े अरुण शर्मा ने बताया कि यह रास्ता सीधा कैंसर हॉस्पिटल (स्टेट कैंसर इंस्टिट्यूट) के सामने निकलता है। गुरु तेग बहादुर अस्पताल (GTB) और कैंसर इंस्टिट्यूट मे काम करने वाले डॉक्टर, नर्स, टेक्नीशियन और अन्य कर्मचारी रोजाना इसी रास्ते से गुजरते है। लेकिन अंधेरे के कारण कई लोग लंबा चक्कर लगाकर पॉकेट E मे जाते है। महिलाओं को अंधेरे के कारण मे इस रास्ते से जाने मे काफी डर लगता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अंधेरे का फायदा उठाकर असामाजिक तत्व किसी भी घटना को अंजाम दे सकते है।



संस्कार आश्रम वाली गली मे शाम को छा जाता है अंधेरा

# शास्त्री पार्क: जाम के कारण रॉन्ग साइड चल रहे लोग



लोगो ने बताया कि इसके कारण लोहे के पुल तक लंबा ट्रैफिक जाम लग जाता है

■ NBT रिपोर्ट, शास्त्री पार्क

NBT सुरक्षा कवच — मिलकर बनाएं दिल्ली को ज्यादा सेफ

**लोहे के** पुल से सीलमपुर शाहदरा जाने वाली सड़क पर शास्त्री पार्क मेट्रो स्टेशन के सामने भारी ट्रैफिक जाम का लोग सामना कर रहे है। इसका कारण यह है कि गांधी नगर पुश्ता की तरफ से लोग गाड़ियों को लोहे के पुल के समीप बने अंडर पास से घुमाने की बजाए रॉन्ग साइड शास्त्री पार्क मेट्रो स्टेशन के सामने बने तिराहे से निकाल रहे है।

लोगों ने बताया कि इस स्थिति के कारण लोहे के पुल तक लंबा ट्रैफिक जाम लग जाता है। एनबीटी सुरक्षा कवच ग्रुप प्रीत विहार से जुड़े गोपाल चौहान ने बताया कि ट्रैफिक पुलिस की गैर मौजूदगी मे रोज शाम को यही हाल रहता है। लोग घंटों ट्रैफिक जाम मे फंसे बेहाल होते रहते है। ममले की जानकारी ट्रैफिक पुलिस मुख्यालय मे कंट्रोल रूम को वट्सऐप पर बतौर सबूत फोटो/विडियो के साथ भेजी गई है। शिकायत लगातार पहुंच रही है।

## अतिक्रमण से शकरपुर में लग रहा है जाम

■ NBT रिपोर्ट, शकरपुर : शकरपुर मेन मार्केट मे दुकानदारों से लेकर सरकारी एजेंसियों तक ने फुटपाथ से लेकर सड़क तक भारी एंक्रोचमेंट कर रखा है।

NBT सुरक्षा कवच — मिलकर बनाएं दिल्ली को ज्यादा सेफ

एनबीटी सुरक्षा कवच ग्रुप प्रीत विहार से जुड़े रमेश जोशी ने बताया कि शकरपुर मेन मार्केट मे DDA डीडीए की अप्रूव्ड संशोधित लेआउट योजना के तहत मेन रोड 18 मीटर (59.06 फुट) की है। दुकानदारों के अतिक्रमण के कारण ट्रैफिक के लिए रोड का रास्ता बामुश्किल 15 फुट ही रह गया है। कई जगह रोड 10 फुट से भी कम रह गई है। शकरपुर मेन मार्केट रोड के बीचोंबीच बिजली के 4 बड़े ट्रांसफॉर्मर, टेलीफोन के बॉक्स व खंभे, फुटपाथ पर बनी दीवारें आदि भी एंक्रोचमेंट को बढ़ा रहे है। इससे लोगों की परेशानियां बढ़ रही है।

अशोक विहार : फेंसिंग करने के लिए MCD से मांगी गई है NOC

# स्ट्रे डॉग्स से बचाव के लिए पार्कों के गेटों पर फेंसिंग लगवाने की मांग

NBT रिपोर्ट, अशोक विहार


**कई बार शिकायत के बाद भी नहीं लिया गया एक्शन**

**दिल्ली के** ज्यादातर पार्क अब स्ट्रे डॉग्स (बेसहारा कुत्तों) के रैन बसेरे बन चुके है। चिल्ड्रन पार्क मे हालात और भी ज्यादा गंभीर है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश और एनिमल वेलफेयर बोर्ड ऑफ इंडिया (AWBI) की नवंबर मे जारी SOP के बावजूद म्युनिसिपल एजेंसियां कोई ठोस कदम नहीं उठा रही है।


अशोक विहार की 45 RWA की फेडरेशन ने MCD के डिप्टी कमिश्नर को पत्र लिखकर कहा है कि पार्कों मे स्ट्रे डॉग्स की मौजूदगी पब्लिक की सुरक्षा से जुड़ा मामला है। फेडरेशन ने MCD से निवेदन किया है कि अगर विभाग के पास अभी व्यवस्था नही है तो पार्कों के गेटों पर फेंसिंग कर स्ट्रे डॉग्स को रोकने की जिम्मेदारी फेडरेशन खुद उठाने को तैयार है। इसके लिए MCD से NOC मांगी गई है। फेडरेशन के को-ऑर्डिनेटर अनिल चिकारा ने बताया कि अशोक विहार के चिल्ड्रन पार्कों मे स्ट्रे डॉग्स की संख्या बढ़ने से छोटे बच्चे और उनके पैरेंट्स खुद को सुरक्षित महसूस नहीं कर पा रहे।

NBT सुरक्षा कवच — मिलकर बनाएं दिल्ली को ज्यादा सेफ

NBT सुरक्षा कवच ग्रुप रूपनगर की सदस्य मंजू जिंदल ने बताया कि करीब एक दर्जन स्ट्रे डॉग्स यहां खुले घूमते है और अक्सर लोगों पर हमला कर देते है। कृष्णा नगर मे लाल क्वॉर्टर के पास सबसे बड़े पार्क मे भी लोग डर के साए मे घूमते है। लोकल लोगों का कहना है कि MCD को कई बार शिकायत देने के बाद भी पार्कों मे स्ट्रे डॉग्स की एंट्री रोकने के लिए कोई कदम नहीं उठाया गया है।



पार्क के अंदर आ जाते है कुत्ते, अक्सर करते है लोगो पर हमला



VML.5786.2024

### समालखा चौक से कापसहेड़ा तक चौड़ाई बढ़ाने और रोड सुधार का प्लान

# द्वारका एक्सप्रेसवे से जुड़ने वाली ओल्ड दिल्ली-गुड़गांव रोड होगी रिपेयर, डिवेलप

Sudama.Yadav@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली :** द्वारका एक्सप्रेसवे से दिल्ली और गुड़गांव आने-जाने वालों की राह आसान करने के लिए ओल्ड दिल्ली-गुड़गांव रोड को रिपेयर करने के साथ-साथ डिवेलप कर उसकी चौड़ाई भी बढ़ाई जाएगी। गुड़गांव से दिल्ली आने-जाने वालों के लिए यह रोड एक बेहतरीन विकल्प बने, इसके लिए पीडब्ल्यूडी ने प्लान तैयार किया है। ओल्ड दिल्ली-गुड़गांव रोड एक तरफ द्वारका एक्सप्रेसवे और दूसरी तरफ साउथ दिल्ली स्थित महरौली-गुड़गांव रोड से कनेक्ट होती है। रोड की कुल लंबाई करीब 10 किमी है, जिसमें से लगभग 2.5 किमी स्ट्रेच को समालखा चौक से कापसहेड़ा बॉर्डर (दिल्ली-गुड़गांव बॉर्डर) तक डिवेलप किया जाएगा।

**रोड को रिपेयर करने के साथ ही चौड़ाई भी बढ़ाई जाएगी**

पीडब्ल्यूडी अफसरों के अनुसार, काफी सालों पहले दिल्ली को गुड़गांव से जोड़ने का सिर्फ ओल्ड दिल्ली-गुड़गांव रोड ही विकल्प था। आज भी नजफगढ़, कापसहेड़ा और दिल्ली से सटे हरियाणा के इलाकों में जाने के लिए लोग इसी रोड का इस्तेमाल करते हैं। ओल्ड दिल्ली-गुड़गांव रोड की लंबाई करीब 10 किमी है, जो दिल्ली में समालखा चौक के पास द्वारका एक्सप्रेस-वे से कनेक्टेड है। दूसरी तरफ यह रोड महरौली-गुड़गांव को कनेक्ट करती है। गुड़गांव एक्सप्रेसवे भी इसी रोड के समानांतर रजोकरी से होकर निकलता है।

अगर इस रोड को डिवेलप कर दिया जाता है, तो एक तो द्वारका एक्सप्रेसवे से बिजवासन, समालखा, कापसहेड़ा और नजफगढ़ इलाकों से गुड़गांव आनेजाने वाले लोगों को बेहतर विकल्प मिलेगा। दूसरा, इस रोड की चौड़ाई बढ़ने से वर्तमान में जाम की समस्या पूरी तरह खत्म हो जाएगी और गुड़गांव एक्सप्रेसवे पर भी इन इलाकों से आने वाले लोगों का ट्रैफिक लोड कम होगा। इससे द्वारका एक्सप्रेसवे पर भी जाम की समस्या दूर होगी। इसलिए इस रोड को बेहतर तरीके से डिवेलप करने का प्लान बनाया गया है।

ओल्ड दिल्ली-गुड़गांव रोड को डिवेलप करने पर करीब 10.70 करोड़ रुपये का एस्टिमेट तैयार किया गया है। रोड को समालखा चौक (द्वारका एक्सप्रेस-वे) से कापसहेड़ा बॉर्डर तक डिवेलप किया जाएगा। आगे यह रोड गुड़गांव में शीतला माता मंदिर के पास महरौली-गुड़गांव रोड से कनेक्ट करेगी। यह हिस्सा हरियाणा में आता है। ओल्ड दिल्ली-गुड़गांव रोड के लगभग 2.5 किमी लंबे स्ट्रेच को डिवेलप किया जाएगा। द्वारका एक्सप्रेसवे से जो लोग बिजवासन, समालखा या कापसहेड़ा जाना चाहते हैं, उनके लिए यह बेहतर विकल्प होगा।



दिल्ली को गुड़गांव से जोड़ने का सिर्फ ओल्ड दिल्ली-गुड़गांव रोड ही विकल्प था

**बढ़ेगी सुविधा**

- बिजवासन, समालखा और कापसहेड़ा इलाकों के लिए बेहतर होगी कनेक्टिविटी
- गुड़गांव-दिल्ली कनेक्शन होगा मजबूत

## 37 करोड़ से जखीरा, सीलमपुर फ्लाईओवर की होगी मरम्मत

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** पीडब्ल्यूडी ने जखीरा और सीलमपुर फ्लाईओवर की रिपेयरिंग का प्लान बनाया है। इससे इन दोनों इलाकों में कुछ दिनों तक ट्रैफिक जाम की स्थिति पैदा हो सकती है। दोनों फ्लाईओवर की मरम्मत को लेकर पीडब्ल्यूडी ने 37-38 करोड़ रुपये खर्च करने का एस्टिमेट बनाया है।

पीडब्ल्यूडी अफसरों के अनुसार जखीरा और सीलमपुर फ्लाईओवर दोनों ही दिल्ली के काफी पुराने फ्लाईओवर हैं। जखीरा फ्लाईओवर शादीपुर फ्लाईओवर के बनने के आसपास ही बनाया गया था। इसी तरह सीलमपुर का दो लेन वन-वे फ्लाईओवर भी दशकों पुराना है। साल 2020 में इसी फ्लाईओवर को 6 लेन का बनाया गया था। दोनों फ्लाईओवर पुराने होने के चलते इनके एक्सपेंशन जॉइंट और इलास्टोमेरिक बियरिंग में दिक्कत आने लगी है, जिसे रिप्लेस किया जाएगा। फ्लाईओवर में एक्सपेंशन जॉइंट कंक्रीट या स्टील के हिस्सों के बीच छोड़ा गया एक महत्वपूर्ण गैप है, जो तापमान में बदलाव या गाड़ियों की मूवमेंट से होने वाले कंपन के कारण पुल में दरारें पड़ने से रोकता है। यह पुल के स्ट्रक्चर को बनाए रखने के लिए लगाया जाता है। पुल काफी पुराना होने के कारण अब इसे बदलने का प्लान बनाया गया है। दोनों फ्लाईओवर की ऊपरी सतह को भी नए सिरे से बनाया जाएगा।

**2020 में इस फ्लाईओवर को 6 लेन का बनाया गया था**

जखीरा फ्लाईओवर की रिपेयरिंग पर करीब 20 करोड़ खर्च किए जाएंगे। इसी तरह से सीलमपुर फ्लाईओवर की रिपेयरिंग पर करीब 17.85 करोड़ रुपये खर्च होंगे। दोनों फ्लाईओवर की रिपेयरिंग में लंबा वक्त लग सकता है। इसलिए ट्रैफिक पुलिस से इसके लिए मंजूरी मांगी गई है। एक-एक लेन की रिपेयरिंग होगी। एक लेन की रिपेयरिंग पूरी होने पर दूसरे लेन की रिपेयरिंग शुरू की जाएगी, जिससे कि ट्रैफिक ज्यादा प्रभावित न हो।

## मेडिकल के लिए लाए गए तीन बदमाश फरार

■ कृष्णा कुणाल सिंह, नई दिल्ली

**जग प्रवेश** चंद्र अस्पताल में मेडिकल जांच के लिए लाए गए पांच बदमाशों में से तीन पुलिसवालों को चकमा देकर फरार हो गए। जबकि दो को मौके पर ही पकड़ लिया गया। पुलिस टीम ने फरार बदमाशों की काफी तलाश की, लेकिन उनका कहीं पता नहीं चल सका। फिलहाल पुलिसकर्मियों की शिकायत पर न्यू उस्मानपुर पुलिस ने बीएनएस की धारा 262 के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस की कई टीमें आरोपियों की तलाश में जुटी हुई हैं।

पुलिस अधिकारी के मुताबिक कॉन्स्टेबल विजय कुमार करावल नगर थाने में तैनात हैं। 28 दिसंबर को वह कॉन्स्टेबल निखिल और होमगार्ड के तीन जवान के साथ करावल नगर निवासी तसलीम(36), बुध विहार सुल्तानपुरी निवासी विकास(22), सुल्तानपुरी निवासी बॉबी उर्फ विजेन्द्र(25), बुध विहार निवासी नितिन(22) और करावल निवासी भूपेन्द्र(28) को सरकारी गाड़ी से लेकर मेडिकल जांच के लिए रात करीब 11:15 बजे जग प्रवेश चंद्र अस्पताल लेकर आए थे। सभी आरोपियों के खिलाफ BNS की धारा 331(3) 351(3)3(5) के तहत मामला दर्ज कर है। जैसे ही आरोपियों को गाड़ी से नीचे उतारने के लिए कॉन्स्टेबल विजय कुमार ने गाड़ी का दरवाजा खोला। एक मुजरिम ने गेट पर जोर से धक्का मारा और सभी आरोपी भागने लगे। कांस्टेबल विजय कुमार ने एक का पीछा किया।

**पांच बदमाश कुल लाए गए थे, तीन दे गए चकमा**

## गाड़ी की टक्कर से युवक की मौत

■ **NBT न्यूज, दादरी:** दादरी डिस्ट्रिक्ट के दादरी थाना इलाके में अज्ञात गाड़ी ने स्कूटी सवार को टक्कर मार दी और फरार हो गया। सड़क पर खून से लथपथ घायल युवक को देखकर राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। घायल को तुरंत अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसको मृत घोषित कर दिया।

आरोपी के बारे में अभी कोई सुराग नहीं मिला है। मृतक की पहचान दीपक के रूप में हुई है। वह परिवार के साथ दादरी इलाके में रहते थे। मंगलवार सुबह स्कूटी लेकर निकले थे, तभी दौरान पावर हाउस के पास अज्ञात गाड़ी ने पीछे से स्कूटी को टक्कर मार दी और फरार हो गया। मंगलवार सुबह कोहरा ज्यादा होने के कारण किसी ने भी हादसा होते हुए नहीं देखा।

**कोहरे के चलते गाड़ी का नहीं चल सका है पता**

### नए साल का जश्न मनाने निकले युवकों की खुशियां मातम में बदली

## टायर फटने से कार पलटी, एक की मौत

■ NBT न्यूज, फरीदाबाद



**नए साल** का जश्न मनाने निकले दोस्तों की खुशियां मातम में बदल गईं। गुरुवार तड़के बाटा मेट्रो स्टेशन के सामने हाइवे पर टायर फटने से एक कार पलट गई। इसमें सवार पांच दोस्तों में से एक की मौत हो गई, तीन गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि एक पूरी तरह से सुरक्षित बच गया। थाना सेंट्रल पुलिस के मुताबिक, जवाहर कॉलोनी में रहने वाले पांच दोस्त सार्थक, लक्ष्य, राघव, तुषार और यथार्थ ने नए साल पर वृंदावन जाने की योजना बनाई थी। पांचों दोस्त कार में सवार होकर गुरुवार तड़के तीन बजे घर से निकल गए। पांचों ने पहले एनआईटी-1 स्थित संतों के गुरुद्वारे में मत्था टेका। इसके बाद वलेनो कार से वृंदावन के लिए निकल गए। कार सार्थक (25) चला रहा था, जबकि उसका दोस्त लक्ष्य ड्राइवर के बगल वाली सीट पर बैठा हुआ था। वहीं, राघव, तुषार और यथार्थ पीछे की सीट पर बैठे हुए थे। नीलम फ्लाईओवर पार करने के बाद जैसे ही गाड़ी हाइवे पर बाटा मेट्रो स्टेशन के सामने आई तो अचानक कार का टायर फट गया।

# मिकैनिकल रोड स्वीपिंग मशीनों की निगरानी करेंगे इंजिनियर

### इंजिनियर को रिपोर्ट तैयार कर हेड ऑफिस भेजनी होगी

NBT 2 मिनट में पढ़ें

Rajesh.Saroha@timesofindia.com



■ **नई दिल्ली:** एमसीडी ने दिल्ली की सड़कों से धूल मिट्टी हटाने के लिए तैनात की गई 52 मिकैनिकल रोड स्वीपिंग मशीनों (एमआरएस) की निगरानी करने का महत्वपूर्ण फैसला लिया है। एमसीडी ने हर मशीन की निगरानी करने के लिए संबंधित जोन में तैनात जूनियर इंजिनियर की ड्यूटी लगाई है। जहां जूनियर इंजिनियर की कमी है वहां असिस्टेंट इंजिनियर को एमआरएस का नोडल अधिकारी बनाया गया है। इंजिनियरों को यह देखना होगा कि जिस सड़क पर एमआरएस मशीन चलाई गई उस सड़क से धूल मिट्टी हटाई गई है या नहीं। अगर सड़क पर धूल मिट्टी मिलती है तो इंजिनियर को उसकी रिपोर्ट तैयार कर हेड ऑफिस भेजनी होगी। जिससे मशीनों की मंथली पेमेंट में कटौती की जा सके।

**MCD चला रही है 52 मिकैनिकल रोड स्वीपिंग मशीन**


एमसीडी पिछले कई साल से दिल्ली की सड़कों से धूल मिट्टी हटाने के लिए 52 मैकेनिकल रोड स्वीपिंग मशीन (एमआरएस) चला रही है। बावजूद इसके दिल्ली का पल्यूशन कम नहीं हुआ। इससे साफ जाहिर होता है कि कहीं न कहीं एमआरएस मशीनों ने ठीक से काम नहीं किया। जब से एमआरएस मशीनों को दिल्ली की सड़कों पर लगाया गया तब से लेकर अब तक एमसीडी इनके ऊपर करोड़ों रुपये खर्च कर चुकी है, बावजूद इसके पल्यूशन कम क्यों नहीं हो पाया? इस सवाल के जवाब में एमसीडी के एक सीनियर अधिकारी ने बताया कि एक मशीन हर दिन औसतन 30-35 किलोमीटर तक सड़क साफ करती है। एक मशीन पर एमसीडी हर दिन 10,000 रुपये खर्च करती है। यानी एक मशीन पर मंथली लगभग तीन लाख रुपये खर्च होते हैं। अगर सभी मशीनों पर खर्च होने वाली धनराशि की बात की जाए तो यह डेढ़ करोड़ से अधिक बैठती है। अधिकारी ने बताया कि अब तक किसी ने भी फील्ड में जाकर यह देखने की जरूरत महसूस नहीं की कि एमआरएस मशीनें चल भी रही है या नहीं। इतना ही नहीं मशीनें सड़कों से जो धूल मिट्टी कलेक्ट करती है उसे ठीक से ठिकाने लगाया जा रहा है या नहीं, किसी भी अधिकारी ने इसकी जांच नहीं की। बस कंपनी ने जितना बिल बनाकर भेजा उतनी पेमेंट पास कर दी गई। इसे खत्म करने के लिए अब 52 इंजिनियरों हर एक एमआरएस मशीन का नोडल ऑफिसर बनाया गया है। इनमें छह असिस्टेंट इंजिनियर बाकी 46 जूनियर इंजिनियर हैं।

**दिल्ली की खबरों के लिए टेलिग्राम पर फॉलो करें**
**t.me/NBTDilli**

## महानगर खेल

आप भी हमें अपनी खेल खबर और फोटो भेजिए nbtreader@timesofindia.gcom पर। सब्जेक्ट में लिखें Khel

### विजय दहिया अकैडमी फाइनल में



प्रिंस मिश्रा

प्रिंस मिश्रा (41 रन, 4/26), अमन (47 रन) और परमजीत शर्मा (3/30) की बदौलत विजय दहिया अकैडमी (183/8) ने ग्लोबल क्रिकेट अकैडमी (181/9) को 2 विकेट से हराकर पांचवें रोशन लाल सेठी मेमोरियल अंडर-19 क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। एक अन्य मैच में आरुष (4/27), उत्कर्ष सिंह (25 रन) और अनिकेत पांडे (2/29) के शानदार प्रदर्शन से दिनेश राय अकैडमी (130/8) ने ज्ञाति अकैडमी (129/10) को 2 विकेट से हराया।

### टेलिफंकन ने जीता खिताब

परीक्षित सहरावत (54 रन), समर्थ भारद्वाज (32 रन), प्रांजल सिंह रावकवाल (4/33), अक्षिम शर्मा (3/19) और निर्भय डागर (2/14) की बदौलत टेलिफंकन क्रिकेट क्लब ने हरियाणा क्रिकेट अकैडमी (113/10) को 8 विकेट से हराकर प्रथम क्राउन अंडर-19 क्रिकेट टूर्नामेंट का खिताब जीता।

### यश के छह विकेट

यश प्रजापत (6/11) की घातक गेंदबाजी और कृष्णा बेरी (62 रन) व अखिल नेगी (39 रन) की बदौलत एयरलाइनर अकैडमी (228/9) ने एप्पल क्लब (68/10) को 160 रन से हराकर 15वें पंकज गुप्ता अंडर-14 क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई। पराजित टीम से आरव शर्मा ने तीन विकेट लिए।



यश प्रजापत

### गौतम ने ठोका शतक

गौतम जैन (114 रन), अनिरुद्ध वर्मा (3/14) व यश राणा (2/26, 36 रन) की बदौलत एलबीसीसी (313/10) ने वेस्ट क्रिकेट क्लब (146/10) को 167 रन से हराकर 7वें लाला अशोक गोयल मेमोरियल अंडर-15 क्रिकेट टूर्नामेंट में प्रभावी जीत दर्ज की। अन्य मैचों में अनुष्मान प्रताप (66 रन), हर्ष (65 रन) और मयंक सिंह, कार्तिक नेगी व यथार्थ के 2-2 विकेट की मदद से सोनेट क्लब (232/10) ने एलबी शास्त्री क्रिकेट क्लब (185/9) को 47 रन से हराया। वहीं, कामरान अली (42* रन, 2/18), दक्ष पांडे (4/7) की बदौलत एलबी शास्त्री शाला (61/00) ने एसएस अकैडमी (59/10) को 10 विकेट से हराया।

### वंश-कुशल का दम

वंश अग्रवाल (3/12), कुशल (2/20) और दक्ष दूबे (25 रन) के योगदान से आईजीएमए आरसीबी (108/8) ने आईजीएमए पंजाब (101/10) को 7 रन से हराकर चौथी आईजीएमए टी-20 प्रीमियर लीग में जीत दर्ज की।

### युवराज की हाफ सेंचुरी

युवराज (89* रन), अभिनव (30 रन) और आजम (3/21) की बदौलत आईजीएमए केकेआर (157/3) ने आईजीएमए एमआई (122/10) को 35 रन से हराया।

### हर्षित की घातक गेंदबाजी

हर्षित दुबे (6/23), हर्षवर्धन (44 रन), अंकित (39 रन) की बदौलत रवि ब्रदर क्लब (180/8) ने तीसरे रतन सिंह बोस मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट में ईस्ट दिल्ली क्रिकेट क्लब (179/10) को 2 विकेट से मात दी। पराजित टीम से सात्विक राजपूत (77 रन, 4/45) ने हरफनमौला खेल दिखाया।



हर्षित दुबे

### लक्ष्यदीप, वंश, निर्भय चमके

लक्ष्यदीप साहू की शानदार सेंचुरी (121 रन) और वंश (5/17) की घातक गेंदबाजी से एसबी यूथ ने टर्फ स्पोर्ट्स (121/10) को 125 रन से हराकर पांचवें सजीव टांक मेमोरियल अंडर-14 क्रिकेट टूर्नामेंट में प्रभावी जीत दर्ज की। एक अन्य मैच में निर्भय वेद्रा (105 रन, 2/32) के शानदार हरफनमौला प्रदर्शन से एस राठौर क्रिकेट अकैडमी (240/5) ने एसबी यूथ (239/8) को 5 विकेट से हराया।

### मोनू का डबल अटैक

मोनू शुक्ला (45* रन, 2/28), लक्ष्य कुंद्रा (44 रन) अर्जुन (43 रन), कमल सिंह मैरवा (4/41) और रजनीश डागर (2/19) की मदद से रविंद्र यॉर्क क्रिकेट अकैडमी (192/2) ने पेलिकन क्रिकेट क्लब (190/10) को 5 विकेट से हराकर 28वें साहिबजादा अजीत सिंह क्रिकेट टूर्नामेंट में शानदार जीत दर्ज की।

भारत सरकार
GOVERNMENT OF BHARAT

**पान मसाला के निर्माता ध्यान दें !**

**स्वास्थ्य सुरक्षा से राष्ट्रीय सुरक्षा उपकर अधिनियम, 2025**
**1 फरवरी, 2026 से लागू होगा**

स्वास्थ्य सुरक्षा से राष्ट्रीय सुरक्षा उपकर पान मसाला निर्माण में प्रयुक्त मशीनों/प्रक्रियाओं पर लगाया जाएगा। प्रत्येक कर योग्य व्यक्ति को पंजीकरण कराना और उपकर का भुगतान करना अनिवार्य है।

**अनिवार्य पंजीकरण**
(फार्म HSNS REG - 01)

- आप पर जाकर 'HSNS CESS' टैब के अंतर्गत 'New User' पर क्लिक करके पंजीकरण के लिए आवेदन कर सकते हैं।
- नाम, पैन, ईमेल, मोबाइल नंबर दर्ज कर पंजीकरण करें, एनरोलमेंट रेफरेंस नंबर (इआरएन) प्राप्त करें
- प्राप्त इआरएन का उपयोग करके फॉर्म HSNS REG-01 में आवेदन करें।
- प्रारंभिक भुगतान के लिए अस्थायी पंजीकरण संख्या (टीआरएन) प्राप्त करें

**मासिक उपकर भुगतान**
(फार्म HSNS PMT - 01)

- हर महीने की 7 तारीख तक इलेक्ट्रॉनिक रूप से भुगतान करना अनिवार्य है
- (जैसे : फरवरी 2026 माह की देनदारी 7 फरवरी 2026 तक देनी होगी)
- आप करदाता डैशबोर्ड में लॉग-इन करके 'Menu' टैब के अंतर्गत 'E-Payment' विकल्प का चयन कर सेस का भुगतान कर सकते हैं।

**उपकर डेक्लेरेशन**
(फार्म HSNS DEC - 01)

- पंजीकरण प्राप्त होने के 7 दिनों के भीतर फाइल करना अनिवार्य है
- आप करदाता डैशबोर्ड में लॉग-इन करके 'Menu' टैब के अंतर्गत 'Declaration' पर क्लिक कर अपनी डिक्लेरेशन दाखिल कर सकते हैं।

**मासिक उपकर भुगतान**
(फार्म HSNS RET - 01)

- अगले महीने की 20 तारीख तक इलेक्ट्रॉनिक रूप से रिटर्न फाइल करें (जैसे : फरवरी 2026 का रिटर्न 20 मार्च 2026 तक फाइल करना होगा)
- आप करदाता डैशबोर्ड में लॉग-इन करके 'Menu' टैब के अंतर्गत श्मजनतदश पर क्लिक कर अपनी रिटर्न दाखिल कर सकते हैं।

अधिक जानकारी के लिए कृपया राजस्व विभाग की अधिसूचना संख्या
S-O- 6153(E) दिनांक 31-12-2025 तथा 01/2026-HSNS CESS दिनांक 01-01-2026 का संदर्भ लें

किसी सहायता के लिए हेल्पडेस्क पर संपर्क करें : cbicmitra-helpdesk@icegate-gov-in : 1800 425 0232

@cbic_india @cbicindia @CBICINDIA @cbicindia @CBICIndia www.cbic.gov.in

CBC 15502/13/0049/2526

# बीएस-6 टू-वीलर के ई-कमर्शल यूज़ के लिए एक साल की राहत, पहले लगाया गया था बैन

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

AI Image



**कमिशन फॉर** एयर क्वॉलिटी मैनेजमेंट (CAQM) ने मोटर वीकल एग्रीगेटर्स, डिलिवरी सर्विस प्रोवाइडर और ई-कॉमर्स कंपनियों को बीएस-6 पेट्रोल टू-वीलर के इस्तेमाल पर एक साल की छूट दे दी है। अब ये कंपनियां 31 दिसंबर 2026 तक इन टू-वीलर का इस्तेमाल ई-कमर्शल सर्विस के लिए कर सकेंगी। पहले CAQM ने आदेश दिया था कि एक जनवरी 2026 से सभी पेट्रोल टू-वीलर पर पूरी तरह बैन लागू होगा।

CAQM के मुताबिक यह छूट अस्थायी है और इसका मकसद कंपनियों को क्लीन फ्यूल की तरफ शिफ्ट होने के लिए एक्स्ट्रा समय देना है। नए आदेश के तहत अब कंपनियों को अपनी पेट्रोल गाड़ियों को इलेक्ट्रिक या सीएनजी में बदलने के लिए 31 दिसंबर 2026 तक का वक्त मिलेगा। इससे पहले जून में जारी आदेश में साफ कहा गया था कि एक जनवरी 2026 से कोई भी एग्रीगेटर, डिलिवरी सर्विस प्रोवाइडर या ई-कॉमर्स कंपनी पेट्रोल या डीजल गाड़ियों का इस्तेमाल नहीं करेगी। इसमें टू-वीलर, हल्की कमर्शल गाड़ियां और हल्की माल वाहक गाड़ियां शामिल थीं। सभी को पूरी तरह इलेक्ट्रिक या सीएनजी मोड पर लाने के निर्देश दिए गए थे।

CAQM ने यह भी बताया था कि 21 नवंबर 2023 को नोटिफाइड दिल्ली मोटर वीकल एग्रीगेटर और डिलिवरी सर्विस प्रोवाइडर स्कीम के तहत अब तक सिर्फ करीब 9 फीसदी टू-वीलर ही इलेक्ट्रिक हो पाए हैं। इसकी बड़ी वजह हाई-स्पीड ईवी टू-वीलर का कम रजिस्ट्रेशन बताया गया। इसी कारण जून से दिसंबर तक का समय कंपनियों को दिया गया था। इस मामले पर 22 दिसंबर को CAQM की बैठक हुई थी। इसमें बीएस-6 टू-वीलर को एक साल की एक्स्ट्रा छूट देने का फैसला लिया गया। हालांकि, अन्य श्रेणी की पेट्रोल और डीजल गाड़ियों पर पहले की तरह रोक जारी रहेगी।

CAQM के अनुसार दिल्ली-एनसीआर में पल्यूशन बढ़ाने में गाड़ियों से निकलने वाले धुएं की बड़ी भूमिका है। मोटर वीकल एग्रीगेटर्स और डिलिवरी कंपनियों की गाड़ियां रोजाना लंबे फासले तय करती हैं, इसलिए इस सेक्टर की पल्यूशन में हिस्सेदारी ज्यादा है। इसी को देखते हुए इन्हें रेगुलेट करने के प्रयास किए जा रहे हैं। इंटरनैशनल काउंसिल ऑन क्लीन ट्रांसपोर्टेशन के एमडी अमित भट्ट ने कहा कि टू-वीलर आमतौर पर पर्सनल इस्तेमाल के लिए खरीदे जाते हैं और इनके लिए अलग से कोई कमर्शल लाइसेंस सिस्टम नहीं है। उन्होंने कहा कि CAQM को लॉन्ग टर्म पॉलिसी पर काम करना चाहिए।

### टू-वीलर पर सख्ती क्यों जरूरी?

NBT Lens खबरों के अंदर की बात

**दिल्ली में** रजिस्टर्ड गाड़ियों की संख्या अब एक करोड़ से ज्यादा हो चुकी है। इसके अलावा एनसीआर और दूसरे राज्यों से भी रोज हजारों गाड़ियां दिल्ली आती-जाती हैं। दिल्ली के कुल पल्यूशन में करीब 40 प्रतिशत हिस्सेदारी गाड़ियों की मानी जाती है। इसमें खास बात यह है कि टू-वीलर्स का योगदान ज्यादा है। बिना वैध पीयूसी के चलने वाली गाड़ियों में भी सबसे ज्यादा संख्या टू-वीलर्स ही होते हैं। ये गाड़ियां रोज कई किलोमीटर तक चलती हैं। इसलिए सरकार टू-वीलर्स पर सख्ती कर रही है।

# 'AIIMS इलाज का पहला पड़ाव नहीं, लोगों की आखिरी उम्मीद है'

एम्स डायरेक्टर का रेफरल सिस्टम पर जोर, कहा- जटिल केस लेकर ही आएं

AI Image




■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**एम्स के** डायरेक्टर डॉ. एम श्रीनिवास ने नए साल पर मरीजों और उनके परिजनों के नाम एक मैसेज दिया है। उन्होंने कहा कि एम्स मुख्य रूप से एक 'रेफरल सेंटर' है, जिसका मकसद उन जटिल बीमारियों का इलाज करना है जो अन्य अस्पतालों में संभव नहीं है। डॉ. श्रीनिवास ने अपील की है कि लोग खांसी-जुकाम जैसी सामान्य बीमारियों के लिए एम्स आने के बजाय स्थानीय अस्पतालों का रुख करें, ताकि संस्थान गंभीर और जरूरतमंद मरीजों को बेहतर गुणवत्ता के साथ इलाज दे सके।

■ डॉ. श्रीनिवास ने अपील की है कि खांसी-जुकाम जैसी बीमारियों के लिए स्थानीय अस्पतालों का रुख करें

### 'अपॉइंटमेंट लेकर ही आएं मरीज'

डायरेक्टर ने स्पष्ट किया कि एम्स में मरीजों की भारी संख्या को देखते हुए अब ऑनलाइन अपॉइंटमेंट सिस्टम को प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने अनुरोध किया कि मरीज पहले से समय लेकर ही आएं। जिनके पास पहले से अपॉइंटमेंट है, उन्हें इलाज में प्राथमिकता दी जाती है।

### 'एम्स में मरीजों की सुविधा का भी ध्यान'

एम्स डायरेक्टर का कहना है कि AIIMS खांसी-जुकाम जैसे सामान्य इलाज के लिए नहीं, बल्कि जटिल और रेफरल मामलों के लिए है। संस्थान जितना संभव हो, उतना इलाज करता है, लेकिन मरीजों की संख्या बहुत अधिक होने से गुणवत्ता पर असर न पड़े, इसको लेकर विशेष सावधानी बरती जाती है। रात के समय मरीजों को ले जाने के लिए ई-वीकल लगाए गए हैं।

### 'प्राथमिकता के अनुसार मरीजों को सुविधा'

एम्स डायरेक्टर के अनुसार, जो भी मरीज आता है, उसे उसकी प्राथमिकता के अनुसार सुविधा दी जाती है। उन्होंने बताया कि हर साल ओपीडी में लगभग 50 लाख मरीजों का इलाज किया जाता है, जो कई देशों की आबादी से भी ज्यादा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि पूरे देश का इलाज एक ही संस्थान में संभव नहीं है। जो मरीज रेफरल के तहत आते हैं, उन्हें प्राथमिकता मिलती है।

### 'भीड़ कम होगी तो मिलेगा बेहतर इलाज'

एम्स डायरेक्टर ने कहा कि अगर किसी सरकारी अस्पताल, मेडिकल कॉलेज या अन्य संस्थान में डॉक्टरों की कमी, स्किल की कमी, उपकरणों की कमी होती है, तो ऐसे जटिल मामलों को एम्स रेफर किया जाता है। उन्होंने कहा कि ऐसे केस में संस्थान भी वह इलाज कर पाता है, जो अन्य जगह संभव नहीं है। इससे मरीज को भी संतुष्टि मिलती है।

## AIIMS में ऑन-कॉल ड्यूटी रोस्टर अब होगा ऑनलाइन

Rahul.Anand
@timesofindia.com



■ **एम्स में** अब ऑन-कॉल ड्यूटी रोस्टर ऑनलाइन डैशबोर्ड पर उपलब्ध होगा। प्रशासन का कहना है कि इससे मरीजों की देखभाल बिना रुकावट होगी और अस्पताल के अंदर कामकाज में बेहतर तालमेल बनेगा। एम्स प्रशासन के मुताबिक, अब तक ऑन-कॉल ड्यूटी की जानकारी समय पर और एक जगह उपलब्ध न होने से कई बार परेशानी होती थी।

दरअसल, एम्स प्रशासन ने ऑन-कॉल ड्यूटी रोस्टर साझा करने में हो रही देरी और असंगतियों को देखते हुए एक अहम प्रशासनिक आदेश जारी किया है। इस आदेश के तहत एम्स इंट्रानेट पर एक ऑनलाइन डैशबोर्ड विकसित किया जाएगा, जहां सभी सेंटर, विभाग और सेवाएं अपने ऑन-कॉल ड्यूटी रोस्टर अपलोड करेंगे। ऑनलाइन डैशबोर्ड लागू होने के बाद सभी विभागों के ऑन-कॉल ड्यूटी रोस्टर एक ही प्लैटफॉर्म पर दिखेंगे। इससे कंट्रोल रूम, प्रशासन और संबंधित इकाइयों को तुरंत पता चल सकेगा कि किस समय कौन डॉक्टर या स्टाफ ड्यूटी पर है। प्रशासन का कहना है कि रियल-टाइम रोस्टर उपलब्ध होने से इमरजेंसी की स्थिति में तुरंत सही टीम को बुलाया जा सकेगा। इससे मरीजों को समय पर इलाज मिलने में मदद मिलेगी और सेवाओं की निरंतरता बनी रहेगी।

**इस सिस्टम से मरीजों को तुरंत इलाज में मिलेगी मदद**

नई व्यवस्था से मैन्युअल तरीके से रोस्टर भेजने की जरूरत कम होगी। हर विभाग अपने स्वीकृत रोस्टर सीधे सिस्टम में अपलोड करेगा और किसी भी बदलाव को तुरंत अपडेट किया जाएगा। इससे हमेशा ताजा और सही जानकारी उपलब्ध रहेगी। एम्स प्रशासन के अनुसार, इस साल 1 अप्रैल से यह ऑनलाइन डैशबोर्ड ऑन-कॉल ड्यूटी रोस्टर के लिए मुख्य माध्यम होगा और इससे अस्पताल की व्यवस्था अधिक बेहतर होगी, जिसका सीधा फायदा मरीजों को मिलेगा।



PWD अफसरों ने कहा, यह केवल ब्रिज आइकॉनिक है

## सिग्नेचर ब्रिज की सुरक्षा के लिए तैनात होंगे गार्ड्स

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली** : सिग्नेचर ब्रिज पर स्टंटबाजी और चोरी की घटनाएं रोकने के लिए अब पीडब्ल्यूडी ने अलग-अलग तीन शिफ्टों में सिक्योरिटी गार्ड्स तैनात करने का प्लान बनाया है। रात में यहां बंदूकधारी गार्ड भी तैनात किए जाएंगे। सिग्नेचर ब्रिज की मेंटिनेंस का काम पहले दिल्ली टूरिज्म के पास था। जिसे कुछ समय पहले ही पीडब्ल्यूडी को ट्रांसफर किया गया है।

पीडब्ल्यूडी अफसरों के अनुसार यह केवल ब्रिज दिल्ली के लिए आइकॉनिक है। एक-एक केबल स्टड को कसने के लिए 12-12 नट-बोल्ट लगे हैं। लेकिन, चोर इन्हें भी निकाल कर ले जा रहे हैं। काफी संख्या में नट बोल्ट चोरी होने पर इस ब्रिज को ही खतरा हो सकता है। इसके अलावा सिग्नेचर ब्रिज पर अभी भी स्टंटबाजी खत्म नहीं हो रही है। शुरुआत में स्टंटबाजी के चलते ही कुछ युवकों की यहां पर जान चली गई थी। इन सभी चीजों को रोकने के लिए ही सिक्योरिटी गार्ड्स तैनात करने का प्लान बनाया गया है।

# पहाड़गंज के 441 होटलों से वसूले गए सिर्फ ₹4.32 करोड़

एक-एक लाख का एनवायरमेंटल कंपनसेशन लगाया था

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**दिल्ली प्रदूषण** कंट्रोल बोर्ड (डीपीसीसी) ने पहाड़गंज के 441 गेस्ट हाउसेज पर जुलाई में एक-एक लाख रुपये का एनवायरमेंटल कंपनसेशन लगाया था। इसमें से अब तक महज 4.32 करोड़ रुपये ही वसूले गए हैं। बीते एक दशक से दिल्ली सरकार पहाड़गंज में अवैध रूप से निकाले जा रहे भूजल को लेकर पड़ताल कर रही है। यह जानकारी चीफ सेक्रेटरी ने एनजीटी में सबमिट की गई रिपोर्ट में दी है।

रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि उन अधिकारियों की पहचान की जा रही है, जिन्होंने वॉलेंटरी डिस्क्लोजर स्कीम (वीडीएस) का हवाला देकर इन गतिविधियों को चलने दिया, जबकि वीडीएस कभी आधिकारिक तौर पर नोटिफाई ही नहीं हुई थी। एफिडेविट में कहा गया है कि इस संदर्भ में 2014 से ही डीजेबी के साथ कई मीटिंग हो चुकी हैं। अब डीजेबी को छह महीने का समय दिया गया है, जिसमें संबंधित अधिकारियों के नामों की रिपोर्ट देने को कहा गया है। फरवरी 2025 में यह मामला एनजीटी में आया था। मामला लेकर आने वाले व्यक्ति ने वीडीएस को स्कैम बताते हुए कहा था कि पहाड़गंज के 536 चयनित गेस्ट हाउसेज में से 442 में अब भी बिना मीटर, परमिट और नियमों के भूजल निकाला जा रहा है। एनजीटी ने चीफ सेक्रेटरी को जांच के निर्देश दिए थे। इससे हुए आर्थिक नुकसान, पर्यावरण नुकसान और मंजूरी देने वाले संबंधित अधिकारियों की पहचान करने को कहा था।



### कितना भूजल निकाला

**अब तक** हुए एक्शन पर रिपोर्ट में कहा गया है कि 22 होटलों और गेस्ट हाउस में बोरवेल पर मीटर इंस्टॉल किए गए हैं। इन्हीं मीटर के आधार पर यह तय किया जा रहा है कि कितना भूजल निकाला गया। मीटर रीडिंग और होटल में कमरों की संख्या के आधार पर डीजेबी यह गणना कर रही है। इसकी रिपोर्ट दो हफ्ते में मिलने की उम्मीद है।

## 2026 को नई उपलब्धियों से भरेंगे: DU वीसी

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** नए साल के पहले दिन दिल्ली यूनिवर्सिटी में आयोजित संवाद कार्यक्रम में वाइस चांसलर प्रो. योगेश सिंह ने नए साल की शुभकामनाएं देते हुए बीते साल में DU की उपलब्धियों के बारे में बताया। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि DU का काम करने का तरीका अलग है। यहां कई तरह के अकादमिक प्रोग्राम हैं और इसकी संरचना भी दूसरी यूनिवर्सिटी के अलग है। वीसी ने कहा कि बीते साल में यूनिवर्सिटी ने कई सराहनीय प्रदर्शन किए हैं।

प्रो. योगेश सिंह ने यूनिवर्सिटी की उपलब्धियों का डेटा सामने रखते हुए कहा कि 2025 में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में DU ने अच्छी उपलब्धियां हासिल की हैं। हमें नए साल को भी कई उपलब्धियों से भरना है।

# बेटों ने सुपारी देकर कराई थी रिटायर्ड एयरफोर्स अफसर की हत्या, शूटर अरेस्ट

■ NBT न्यूज, लोनी



■ यूपी पुलिस के सिपाही पर लगा हत्या में आरोपी शूटर की मदद करने का आरोप

■ पांच लाख के लिए हुआ हत्या करने को तैयार, सिपाही की तलाश जारी

**लोनी की** अशोक विहार कॉलोनी में बीते शुक्रवार को हुई एयरफोर्स के रिटायर्ड वॉरंट अफसर की हत्या का पुलिस ने गुरुवार खुलासा कर दिया। पुलिस के अनुसार, प्रॉपर्टी के लालच में बेटों ने ही एक शूटर को पांच लाख रुपये की सुपारी देकर अपने पिता की हत्या करवाई थी।

इस शूटर की मदद कौशांबी जिले में तैनात एक सिपाही ने भी की थी। पुलिस ने शूटर को गिरफ्तार कर लिया है और मददगार आरोपी सिपाही की तलाश में जुटी हुई है। बताया जा रहा है कि सिपाही कई महीनों से अपनी ड्यूटी पर भी नहीं जा रहा है। एसीपी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा। बदमाश के कब्जे से हत्याकांड में प्रयुक्त तमंचा, बाइक और एक लोहे का पाइप बरामद कर लिया है। वहीं, दोनों आरोपी बेटे भी घर से फरार हैं और पुलिस उनकी तलाश में जुटी है।

**बचपन में पिता संग मिल की थी आठ लोगों की हत्या:** एसीपी ने बताया कि पकड़ा गया बदमाश अरविंद अशोक विहार कॉलोनी का ही रहने वाला है और मूलरूप से बुलंदशहर का है। पूछताछ में पता लगा कि हत्यारोपी बदमाश शूटर है। उसने 13 साल की उम्र में ही प्रॉपर्टी के विवाद में अपने पिता के साथ मिलकर अपने चाचा के परिवार के आठ लोगों की हत्या कर दी थी।

## भगवान पार्श्वनाथ का हुआ महामस्तकाभिषेक

■ NBT न्यूज, नई दिल्ली

**श्री दिगंबर जैन** लाल मंदिर चांदनी चौक में आचार्य श्री प्रज्ञासागरजी महाराज के सान्निध्य में नव वर्ष के शुभारंभ पर 500 से भी अधिक वर्ष प्राचीन मूलनायक श्री पार्श्वनाथ भगवान का महामस्तकाभिषेक किया गया तथा 1947 में मुलतान (पाकिस्तान) से लाई गई चौबीसों तीर्थंकरों की प्रतिमाओं का भी अभिषेक उत्साह से किया गया। इस मौके पर समाज के अध्यक्ष चक्रेश जैन, पुनीत जैन, सुधीर जैन, नीरज जैन, ललित जैन, आशीष जैन आदि मौजूद रहे।


**शांतिविधान:** श्री दिगंबर जैन मंदिर एफ-यन-यू ब्लॉक पीतमपुरा में नव वर्ष पर सन्मार्ग दर्शिका महिला मंडल के सौजन्य से शांति विधान आयोजित किया गया। गरिमा जैन के अनुसार यहां भक्तामर पाठ, दीपार्चना व महाआरती भी की गई। अन्य कई मंदिरों में भी अभिषेक, पाठ व भक्तामर दीप महार्चना की गई। **विधान:** श्री दिगंबर जैन मंदिर ऋषभ विहार में सुरत्नसागराचार्य जी महाराज के सान्निध्य में तीन दिवसीय दीपार्चना, भजन संध्या और श्री ऋषभदेव सहस्त्रनाम विधान गुरुवार को धर्मभावना सहित संपन्न हुआ।

**भागवत कथा:** समुदाय भवन एमीसीआर में भागवत कथा के समापन पर महंत रामगोविंददास महात्यागी महाराज ने कहा कि कथा मानव मात्र का कल्याण करते हुए सबके लिए हितकारी एवं मित्र होती है। कथा में पूर्व केंद्रीय मंत्री डा. हर्षवर्धन, विधायक डा. अनिल गोयल, जेपी शर्मा, विपिन जैन, जेके मिश्रा भी शामिल हुए।

**सुंदरकांड:** सीनियर सिटीजंस काउंसिल आफ दिल्ली द्वारा टीयर पार्क हौजखास में सुंदरकांड पाठ में सौ से अधिक बुजुर्ग शामिल हुए। अध्यक्ष नेआर गुप्ता ने सभी का स्वागत किया।

दिल्ली की खबरों के लिए एक्स पर फॉलो करें
@NBTDilli


### गुमशुदा की तलाश



सुजाता

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक महिला जिसका नाम: सुजाता पत्नी: साहिल पता: एन-190/7, श्याम बस्ती, तिमारपुर, दिल्ली, लिंग: महिला, उम्र: 20 वर्ष कद: 4'10", रंग: गोरा, चेहरा: गोल, शरीर: सामान्य, पहनावा: मैरून सलवार सूट पहन रखा है जो दिनांक 14.12.2025 से एन-190/7, श्याम बस्ती, तिमारपुर, दिल्ली, थाना क्षेत्र तिमारपुर, दिल्ली, से लापता है।

इस बाबत **DD No. 01A** दिनांक: 14.12.2025 थाना: तिमारपुर, दिल्ली, में दर्ज है। स्थानीय पुलिस द्वारा हर संभव कोशिश के बाद भी इस लापता महिला के बारे में कुछ मालूम नहीं हो पाया है। अगर किसी को भी इस लापता महिला के बारे में कोई जानकारी मिले तो कृपया निम्नलिखित पर सूचित करें।

वेबसाईट: http://cbi.nic.in
ई-मेल: cic@cbi.gov.in
फैक्स: 011-24368639
DP/15/N/2026

थानाध्यक्ष
पुलिस स्टेशन: तिमारपुर, दिल्ली
मो. नं. 8750870130, 9868055590

### पहचान की अपील



एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक शख्स जिसका **नाम:** नामालूम, **पुत्र:** नामालूम, **निवासी:** नामालूम, **उम्र:** लगभग 25-30 वर्ष, **ऊंचाई:** 5 फुट 8 इंच, **रंग:** सांवला, **पहनावा:** सफेद चेक कमीज और काली पतलून पहने हुए, **बरामदगी का स्थान:** पर्ल्स होटल, मकान सं. 8721/1, देश बंधु गुप्ता रोड, पहाड़ गंज, दिल्ली के पीछे गली में मृत अवस्था में मिला। इस संबंध में **डीडी संख्या 35 ए** धारा 194 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता दिनांक: **31.12.2025** के तहत थाना नबी करीम, दिल्ली में दर्ज की गई है।

यदि किसी भी व्यक्ति को इस मृतक के बारे में कोई जानकारी या सुराग मिले तो निम्नलिखित को सूचित करने की कृपा करें:-

**थानाध्यक्ष - थाना नबी करीम, दिल्ली**
**दूरभाष नंबर: 8750870428, 9968059901**
DP/17691/CD/2025

नौएडा
नवीन ओखला औद्योगिक विकास प्राधिकरण
मुख्य प्रशासनिक भवन, सेक्टर-6, नौएडा, गौतमबुद्ध नगर (उ.प्र.)
Website: www.noidaauthorityonline.in

ई-निविदा आमंत्रण सूचना

UPCL लखनऊ में पंजीकृत फर्मों/ठेकेदारों से निम्न जॉब संख्याओं हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है, जिन्हें निम्नानुसार तिथियों तक अपलोड किया जा सकता है एवं प्राप्त ई-निविदाओं को उनके सम्मुख दर्शायी गई तिथियों पर खोला जाएगा। निविदा सम्बन्धी समस्त विवरण व शर्तें नौएडा प्राधिकरण की वेबसाईट www.noidaauthorityonline.in एवं UPCL की वेबसाईट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।
किसी परिवर्तन, संशोधन व अतिरिक्त सूचनाओं के लिए उक्त वेबसाईट देखते रहें।

| Sl. No. | JOB No. | NAME OF WORK | AMOUNT | Tender Publication |
|---|---|---|---|---|
| | 03/व०वि०/बाह्य विज्ञापन/2025-26 | नौएडा क्षेत्र के सैक्टर-14ए एवं फिल्म सिटी फ्लाई ओवर पर नौएडा-दे० नौएडा एक्सप्रेस-वे पर बी०ओ०टी० आधार पर विज्ञापन के अधिकार का कार्य (दो वर्ष हेतु)। | 2,36,12,160.00 | प्रथम बार |

जिन्हें दिनांक 15.01.2026 को 5.00 बजे तक अपलोड किया जा सकता है। प्राप्त ई-निविदाओं की प्री-क्वालिफिकेशन दिनांक 16.01.2026 को 11.00 बजे खोली जायेगी।

(विश्वास कुमार त्यागी)
वरिष्ठ प्रबंधक
बाह्य विज्ञापन, नौएडा

स्वच्छ, हरित, सकुशल, सुरक्षित नौएडा

उत्तर रेलवे
रेल कोच नवीनीकरण, सोनीपत
निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य कार्यशाला प्रबंधक कार्यालय रेल कोच नवीनीकरण कारखाना, सोनीपत, उत्तर रेलवे निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा करते हैं।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा संख्या | 337781RT |
| 2 | कार्य का नाम और कार्य स्थान | "आरसीएनके/एसएनपी में एमएलआर योजना के दौरान एलएचबी कोचों में फ्रंट पार्ट और फ्रंट पार्ट किट की स्ट्राइकर और अंडरफ्रेम फ्रंट पार्ट को पार्ट्स/स्पेयर यूनिट के साथ फिट करना।" |
| 3 | अनुमानित लागत | रुपये 9448947.90/- जीएसटी @ 18%सहित |
| 4 | बयाना राशि | रू. 1,89,000/- |
| 5 | निविदा फार्म का मूल्य | शून्य |
| 6 | कार्य अवधि | अवधि कार्य आरंभ होने से बारह महीने |
| 7 | निविदा प्रपत्र जमा करने की तथा खुलने की तिथि व समय | दिनांक 15/01/2026 खुलने का समय 15:00 बजे |
| 8 | निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने के लिए इंटरनेट साइट | उपरोक्त निविदा IREPS साईट पर उपलब्ध है जो कि है www.ireps.gov.in |
| 9 | यदि हिन्दी व इंग्लिश के नोटिस में कोई विरोधाभास है, तो इंग्लिश का नोटिस ही मान्य होगा। | |

निविदा सं 337781RT दिनांक – 01.01.2026 04/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

पूर्वोत्तर रेलवे
Website: www.ner.indianrailways.gov.in E-mail: cos@ner.railnet.gov.in

निविदा सूचना संख्या 47 दिनांक 31.12.2025
ई-प्रोक्योरमेंट के माध्यम से निविदा आमंत्रण

प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर-273012 द्वारे भारत के राष्ट्रपति तथा उनकी ओर से ई-प्रोक्योरमेंट के माध्यम से निम्नलिखित सामग्री की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। सामग्री का पूर्ण विवरण तथा नियम एवं शर्तें वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. सं. | निविदा संख्या | खुलने की तिथि | सामग्री का विवरण | मात्रा |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 22251047 | 09.04.26 | योक फार अपग्रेडेड हाई टेन्साइल ईटीसी | 458 Nos. |
| 2 | 22251108A | 24.02.26 | सेकेंडरी वर्टिकल डैम्पर फार एलएचबी कोचेज ईटीसी | 1972 Nos. |
| 3 | 22251545 | 10.02.26 | किट फार कान्सेन्ट पालीयुरेथिन ईटीसी | 6348 Nos. |
| 4 | 22251999B | 06.02.26 | आर्टिकुलेटेड स्फेरिइलेस्टिक रबर बेयरिंग ईटीसी | 180 Nos. |
| 5 | 22251724 | 04.02.26 | पुश टाइप फ्लशिंग वाल्व फार कोचेज ईटीसी | 15925 Nos. |
| 6 | 22252255 | 27.01.26 | किट फार ब्रेक कैलिपर पिवाटेड ब्रेक सिलिन्डर ईटीसी | 718 Nos. |
| 7 | 22252018 | 21.01.26 | बैवेल्ड ड्राफ्ट गियर एक्सेट पार्ट नं एसके-1560 ईटीसी | 36 Nos. |
| 8 | 22251869A | 21.01.26 | ट्रैक्शन मोटर सस्पेंशन यूनिट (एमएसयू) ईटीसी | 11 Nos. |
| 9 | 21240058C | 19.01.26 | मोटर स्पिरिट पेट्रोल मोटर गैसोलीन ईटीसी | 108000 Litre |
| 10 | 22251773 | 14.01.26 | सेकेंडरी स्प्रिंग इनर फॉर मीन एडी स्प्रिंग बोगीज ईटीसी | 306 Nos. |
| 11 | 26250527A | 13.01.26 | फ्लेक्सिबल पीवीसी फ्लोरिंग विथ पीवीसी ईटीसी | 10650 Meter |

मुजाघि/एस-70 प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, गोरखपुर

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
पिकप भवन, तृतीय तल, विभूतिखण्ड, गोमती नगर, लखनऊ
संख्या:-19/03/विज्ञापन अनुभाग(ग्यारह)/2024/03-परीक्षा/2024
लखनऊ: दिनांक-30 दिसम्बर, 2025

विज्ञप्ति

विज्ञापन संख्या-03-परीक्षा/2024, सहायक लेखाकार व लेखा परीक्षक मुख्य परीक्षा (प्रा०अ०प०-2023)/03

आयोग के विज्ञापन संख्या-03-परीक्षा/2024, सहायक लेखाकार व लेखा परीक्षक मुख्य परीक्षा (प्रा०अ०प०-2023)/03 के अंतर्गत आन्तरिक लेखा एवं लेखा परीक्षा निदेशालय, उत्तर प्रदेश के नियंत्रणाधीन सहायक लेखाकार के 668 पद (सामान्य चयन), सहायक लेखाकार के 950 पद (विशेष चयन) व लेखा परीक्षक के 209 पद (सामान्य चयन) तथा उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के नियंत्रणाधीन सहायक लेखाकार के 01 पद, कुल 1828 पदों के सापेक्ष लिखित परीक्षा के स्कोर के आधार पर अर्हता/अभिलेख परीक्षण हेतु अर्ह पाये गये कुल 3475 अभ्यर्थियों का अर्हता/अभिलेख परीक्षण कार्यक्रम दिनांक 13.01.2026 से 12.02.2026 तक **उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, पिकप भवन, तृतीय तल, विभूतिखंड, गोमती नगर, लखनऊ** में आयोजित किया जाना निर्धारित है।

तदनुक्रम में प्रश्नगत विज्ञापन से सम्बन्धित समस्त अभ्यर्थियों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि अर्हता/अभिलेख परीक्षण सम्बन्धी विस्तृत कार्यक्रम एवं अभ्यर्थियों के अभिलेख परीक्षण पत्र व अन्य 04 प्रपत्र आयोग की वेबसाइट पर अपलोड कर दिये गए हैं।

सचिव,
उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,
लखनऊ।

UPID-243396/01.01.2026 www.upgov.nic.in

उत्तर प्रदेश सरकार
रेशम निदेशालय, उ0प्र0,
एल0डी0ए0 कामर्शियल काम्पलेक्स
विश्वास खण्ड-3, गोमती नगर, लखनऊ-226010

संख्या-2856-सी/न0बी/ सिल्क एक्सपो/2025-26 दिनांक-01, जनवरी, 2026

कस्टम बिड जेम पोर्टल के माध्यम से इवेन्ट एजेन्सी का चयन

जेम बिड के माध्यम से दिनांक 25.01.2026 से 31.01.2026 तक सिल्क एक्सपो एवं दिनांक 25.01.2026 को पं0 दीनदयाल उपाध्याय "रेशम रत्न पुरस्कार" वितरण कार्यक्रम का आयोजन इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान, गोमती नगर, लखनऊ में किया जा रहा है। निविदा में उल्लिखित प्रक्रियाओं नियमों और शर्तों का अध्ययन करते हुये निविदादाओं से जेम बिड पर निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा में उल्लिखित ई0एम0डी0 रू0 40000.00 (रू0 चालिस हजार मात्र) एफ0डी0आर0 के रूप में निदेशक रेशम निदेशालय, उत्तर प्रदेश लखनऊ के पक्ष में तकनीकी जेम बिड खुलने के तिथि से पूर्व कार्यालय में जमा किया जायेगा। बिड प्रपत्र जेम पोर्टल से डाउनलोड कर सकते है तथा नीचे दी गई तालिका में उल्लिखित तिथि एवं समय पर अपनी जेम बिड ऑनलाइन जेम पोर्टल पर जमा कर सकते है।

| | |
|---|---|
| जेम बिड प्रकाशन की तिथि | 03 जनवरी, 2026 |
| जेम बिड प्रस्तुत करने की तिथि | 03 जनवरी, 2026 10:00 बजे पूर्वाह्न |
| जेम बिड प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 12 जनवरी, 2026 18:00 बजे अपराह्न |
| तकनीकी बिड खोले जाने की तिथि | 13 जनवरी, 2026 11:30 बजे पूर्वाह्न |
| वित्तीय बिड खोले जाने की तिथि | 14 जनवरी, 2026 03:00 बजे अपराह्न |
| जेम बिड खोलने का स्थान | कार्यालय रेशम निदेशालय, उ0प्र0 एल0डी0ए0 कामर्शियल काम्पलेक्स, विश्वास खण्ड-3, गोमतीनगर, लखनऊ Email-sericulture-up@nic.in |
| पत्राचार के लिये सम्पर्क नंबर | Sri S.P. Singh, Dy. Director Mobile No. 9415192791 |

UPID 243401 dt 01.01.2026, www.upgov.nic.in

निदेशक
रेशम निदेशालय, उ0प्र0 लखनऊ

## फटाफट खबरें

### बाघ के हमले में महिला की मौत

■ NBT रिपोर्ट, अल्मोड़ा: उत्तराखंड के सल्ट विकासखंड के खोल्यो-टोटाम गांव में बुधवार रात बाघ ने एक महिला पर हमला कर दिया। हमले में महिला की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, महिला देर रात किसी जरूरी काम से घर से निकली थी। घात लगाकर बैठे बाघ ने महिला पर अचानक हमला कर दिया। बाघ महिला को जंगल की ओर घसीट ले गया। वन विभाग के सर्च ऑपरेशन में महिला का क्षत विक्षत शव मिला।

### हिमाचल में पुलिस थाने के पास ब्लास्ट

■ भाषा, शिमला: हिमाचल प्रदेश के सोलन जिले में गुरुवार सुबह एक पुलिस थाने के पास ब्लास्ट हुआ। अधिकारियों ने बताया कि इसमें कोई हताहत नहीं हुआ है और विस्फोट के कारणों का पता लगाया जा रहा है। विस्फोट का प्रभाव इतना जोरदार था कि आसपास की इमारतों की खिड़कियां टूट गईं जिसमें घटनास्थल से 40 मीटर दूर स्थित सेना की एक कैंटीन की खिड़कियां भी शामिल हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि विस्फोट की आवाज 400-500 मीटर की दूरी तक सुनाई दी।

### बिहार: 50 हजार का इनामी नक्सली ढेर

■ भाषा, पटना: बिहार के बेगूसराय जिले में सुरक्षाबलों के साथ हुई मुठभेड़ में 50 हजार रुपये का इनामी नक्सली मारा गया। पुलिस ने गुरुवार को बताया कि मारे गए नक्सली की पहचान प्रतिबंधित भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) की उत्तर बिहार केंद्रीय जोनल कमेटी के सचिव दयानंद मलाकार के रूप में हुई है। नक्सली के दो सहयोगियों को गिरफ्तार किया गया है। वह 14 से अधिक आपराधिक मामलों में वॉन्टेड था।


### अंकिता केस में CBI जांच की मांग

■ NBT रिपोर्ट, देहरादून: योगिता भयाना ने उत्तराखंड के चर्चित अंकिता भंडारी हत्याकांड में सामने आए नए खुलासों पर सरकार से सीबीआई जांच की मांग की है। योगिता ने कहा, उर्मिला सनावर इस मामले में नए-नए खुलासे कर रही है, उसपर सरकार को गंभीर होने की जरूरत है। योगिता भयाना ने अंकिता भंडारी हत्याकांड पर कई खुलासे करने वाली उर्मिला सनावर की गुमशुदगी को लेकर भी सवाल उठाया। योगिता भयाना ने कहा, अगर जरूरत पड़ी तो इस मामले को भी सुप्रीम कोर्ट तक लेकर जाएगी।

# इंदौर में मौत की संख्या पर अलग बयान, सवाल पूछा तो भड़के मंत्री

## कैलाश विजयवर्गीय की बहस का विडियो वायरल, बाद में सफाई दी

NBT 3 मिनट में पढ़ें



PTI

इंदौर में गंदे पानी से फैले डायरिया के प्रकोप के बाद शहर में लगातार साफ-सफाई का काम जारी है।

■ भाषा, इंदौर

**गंदे पानी** से उपजे संकट पर सवाल पूछने के बाद मध्यप्रदेश के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के कथित रूप से बोल बिगड़ गए। उन्होंने सवाल पूछने वाले एक टीवी पत्रकार के लिए आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल किया। इस घटना का विडियो गुरुवार को सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।

घटना बुधवार देर रात की है जब राज्य के नगरीय विकास और आवास मंत्री विजयवर्गीय इंदौर में फैले डायरिया के प्रकोप के संबंध में मीडिया से बातचीत कर रहे थे। टीवी पत्रकार अनुराग द्वारी ने मंत्री से पूछा कि निजी अस्पतालों को चुकाए गए बिल का भुगतान निवासियों को क्यों नहीं किया गया और इस इलाके के नागरिकों के लिए साफ पानी का इंतजाम क्यों नहीं हुआ? इसपर मंत्री ने नाराजगी जताते हुए कहा, छोड़ो यार, तुम फोकट सवाल मत पूछो। जब पत्रकार ने इस सवाल का जवाब देने के लिए दबाव बनाया तो पत्रकार और विजयवर्गीय के बीच बहस हो गई। विडियो में मंत्री को सवाल खारिज करने के लिए 'घंटा' शब्द का इस्तेमाल करते हुए सुना जा सकता है। विरोध के बाद मंत्री ने घटना पर खेद जताया।



कैलाश विजयवर्गीय

### कांग्रेस ने मांगा मंत्री का इस्तीफा

**कांग्रेस की** मध्यप्रदेश इकाई के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने विजयवर्गीय के विवादित विडियो को सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए कहा, इंदौर में दूषित पानी पीने से मौतों की संख्या आठ से बढ़कर 10 हो गई है। उन्होंने बीजेपी नेताओं पर अहंकारी होने का आरोप लगाया और मांग की कि मुख्यमंत्री मोहन यादव नैतिक आधार पर विजयवर्गीय का इस्तीफा मांगें। यादव ने बुधवार को गंदे पानी से फैले डायरिया के प्रकोप को मेडिकल इमरजेंसी जैसे हालात बताया था और इसके लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का भरोसा दिया था।

### मंत्री का विवादों से रहा है पुराना नाता


**कैलाश विजयवर्गीय** का विवादों से पुराना नाता रहा है। अगस्त 2025 में, उन्होंने दावा किया था कि 1947 को भारत को मिली 'कटी-फटी' स्वतंत्रता मिली थी। उनपर स्वतंत्रता सेनानियों के अपमान का आरोप लगा था। अक्टूबर 2025 में, ऑस्ट्रेलियाई महिला क्रिकेटरों के साथ कथित छेड़छाड़ के मामले में मंत्री ने कहा था कि खिलाड़ियों को होटल से निकलने से पहले अधिकारियों को सूचित करना चाहिए था। इसके बाद भी उनकी खूब आलोचना हुई थी। अप्रैल 2023 में, एक धार्मिक समारोह में उन्होंने कहा था, खराब या छोटे कपड़े पहनने वाली लड़कियां 'शूर्पणखा' (रामायण में राक्षस राजा रावण की बहन) जैसी दिखती हैं, जिसके बाद काफी हंगामा मच गया था।

### स्थानीय बोले, 13 मौतें, मेयर ने 7 मानी

इंदौर में गंदे पानी से मौतों की संख्या को लेकर गुरुवार को भी अलग-अलग दावे सामने आते रहे। स्थानीय लोगों का कहना है कि अब तक 13 लोगों की मौत हुई है। बुधवार को प्रभावित इलाके का दौरा करने के बाद मुख्यमंत्री ने मौतों की संख्या चार बताई थी। कुछ घंटों बाद मेयर पुष्यमित्र भार्गव ने सात मौतों की बात कही। अलग-अलग आंकड़ों के कारण मौतों की संख्या को लेकर भ्रम बना हुआ है। अधिकारियों ने बताया कि शुरुआती जांच में सामने आया है कि पाइपलाइन में लीकेज के कारण नाली का पानी पीने के पानी की लाइन में मिल गया, जिससे बीमारी फैली। इससे 1,400 से 1,500 लोग प्रभावित हुए हैं, जिनमें से करीब 200 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# 5.41 करोड़ केस पेंडिंग, कोर्ट के सामने इन्हें निपटाना बड़ी चुनौती

Rajesh.Choudhary
@timesofindia.com



AI image

■ नई दिल्ली : देश में जुडिशरी के सामने अभी भी सबसे बड़ी चुनौती करोड़ों की पेंडेंसी को कम करना है। देश भर की निचली अदालतों, हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में कुल मिलाकर अभी भारी पेंडेंसी है। नैशनल जुडिशल डेटा ग्रिड में 28 दिसंबर 2025 के आंकड़ों के मुताबिक देश भर की अदालतों यानी निचली अदालतों, हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में कुल मिलाकर 5 करोड़ 41 लाख केस पेंडिंग हैं। देश भर की निचली अदालतों में 4.76 करोड़ केस पेंडिंग हैं। इनमें 3.65 करोड़ केस क्रिमिनल मैटर हैं और बाकी सिविल मैटर हैं। निचली अदालतों में यूपी में कुल 1.13 करोड़ केस पेंडिंग हैं। वहीं दिल्ली की निचली अदालतों में 15.85 लाख केस पेंडिंग हैं। तो सुप्रीम कोर्ट के आंकड़ों के मुताबिक अभी 91, 892 केस पेंडिंग हैं। राज्यों के हाई कोर्ट में 63.67 लाख केस पेंडिंग हैं। इन पेंडिंग में 19.01 लाख केस क्रिमिनल हैं जबकि 44.65 लाख केस सिविल मैटर हैं।

**केस पेंडेंसी को लेकर चिंताएं :** चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने नवंबर में शपथ से ठीक पहले कहा था कि उनकी प्राथमिकता होगी कि पेंडेंसी पर काबू पाया जा सके। कहा था, हम सबसे पहले यह देखेंगे कि कैसे कम किया जाए और इसके लिए जो संसाधन है उसका इस्तेमाल बेहतर तरीके से किया जाएगा।

पिछले साल 11 जुलाई को लॉ मिनिस्ट्री ने केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों और विभागों को दिशा निर्देश जारी किए थे ताकि वैसे मामले जहां सरकार पक्षकार है उनका जल्द निपटारा सुनिश्चित हो सके। विधि और न्याय मंत्रालय द्वारा जारी एक कार्यालय ज्ञापन में कहा गया है कि यह SOP अनावश्यक मुकदमों को रोकने और आपसी विभागीय समन्वय को बेहतर बनाने में मदद करेगी।

- 91.89 हजार केस सुप्रीम कोर्ट में पेंडिंग है।
- 63.67 लाख केस हाई कोर्ट्स में पेंडिंग है।
- 4.76 करोड़ केस निचली अदालतों में पेंडिंग है।
- 15.85 लाख केस दिल्ली हाई कोर्ट में पेंडिंग है।
- 1 वेकेंसी सुप्रीम कोर्ट में।
- 297 वेकेंसी हाई कोर्ट्स में।
- 4855 वेकेंसी निचली अदालतों में।

(स्रोत: नैशनल जुडिशल डेटा ग्रिड)

### ऐक्सपर्ट बोले- पेंडेंसी संवैधानिक संकट

रिटायर डिस्ट्रिक्ट जज और कानूनी जानकार कामिनी लॉ बताती हैं कि भारत में न्यायिक मामलों का लंबित बोझ अब केवल आंकड़ों की समस्या नहीं रह गया है, बल्कि यह एक संवैधानिक संकट का रूप ले चुका है, जो न्याय तक सार्थक पहुंच को प्रभावित करता है। इस संदर्भ में, सुप्रीम कोर्ट की जोनल बेंच की स्थापना पर विचार किया जा सकता है। सुप्रीम कोर्ट की परिकल्पना मुख्यतः एक संवैधानिक न्यायालय और अंतिम व्याख्या की अदालत के रूप में की गई थी लेकिन आज इसके सामने पेंडिंग मामलों का एक बड़ा हिस्सा विशेष अनुमति याचिकाओं का है, जो सेवा मामलों, जमीन विवादों और सामान्य दीवानी और आपराधिक अपीलों से संबंधित है, जिन्हें हाई कोर्ट स्तर पर ही अंतिम रूप ले लेना चाहिए। उत्तर, दक्षिण, पूर्व और पश्चिम में चार स्थायी जोनल बेंच की स्थापना, और नई दिल्ली में स्थायी रूप से बैठने वाली एक संविधान पीठ के साथ, न्याय तक पहुंच का विकेंद्रीकरण करेगी, वादकारियों के सामने आने वाली भौगोलिक और आर्थिक बाधाओं को काफी हद तक कम करेगी। वहीं देश भर की अदालतों में जो करोड़ों की पेंडेंसी है उसे कम करने के लिए जजों की वैकेंसी भरी जाए साथ ही इवनिंग कोर्ट को प्रोमोट किया जाए। साथ ही समरी ट्रायल हो और टाइमबाउंड ट्रायल पूरा किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

# करीब 100 दिन से प्रदर्शन, तेज़पुर यूनिवर्सिटी के VC लीव पर भेजे गए

## वित्तीय-प्रशासनिक गड़बड़ियों का आरोप, जांच कमिटी भी बनी

Bhupender.Sharma
@timesofindia.com



■ नई दिल्ली : असम की तेजपुर यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर (वीसी) शंभू नाथ सिंह के खिलाफ छात्र और फैकल्टी मेंबर्स 100 से ज्यादा दिनों से आंदोलन कर रहे हैं। यूनिवर्सिटी में बढ़ते विरोध के बाद केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने वीसी को तुरंत प्रभाव से छुट्टी पर भेजने का आदेश दिया है और एक उच्च स्तरीय जांच कमिटी भी बनाई है। असम की जानी- मानी तेजपुर यूनिवर्सिटी के छात्रों, शिक्षकों और स्टाफ मेंबर्स ने वीसी पर वित्तीय, प्रशासनिक समेत तमाम तरह के आरोप लगाए और उन पर पर्यावरण से जुड़े नियमों की अनदेखी करने का भी आरोप लगाया।

सितंबर के मध्य से ये छात्र अपना विरोध जता रहे हैं, जिसके चलते यूनिवर्सिटी का कामकाज भी करीब ठप सा हो गया है। यूनिवर्सिटी के हालात तब और तनावपूर्ण हो गए जब छात्रों ने वीसी और यूनिवर्सिटी के अफसरों पर आरोप लगाया था कि यूनिवर्सिटी प्रशासन ने सिंगर जुबिन गर्ग के निधन के बाद उनके प्रति उचित सम्मान नहीं दिखाया जबकि असम में उनके निधन का शोक मनाया जा रहा था। जांच

### तीन महीने में रिपोर्ट देने को कहा

शिक्षा मंत्रालय के उच्च शिक्षा विभाग ने तीन मेंबर वाली जांच कमिटी बनाई है, जिसके चेयरमैन मणिपुर यूनिवर्सिटी के वाइस-चांसलर प्रो. एन. लोकेंद्र सिंह होंगे। सदस्यों में नागालैंड यूनिवर्सिटी के वाइस-चांसलर प्रो. जगदीश कुमार पटनायक और यूजीसी के सचिव प्रो. मनीष आर. जोशी शामिल हैं। कमिटी को अधिकतम तीन महीने के भीतर रिपोर्ट देने को कहा गया है। IIT गुवाहाटी के डिजाइन विभाग के प्रो. अमरेंद्र कुमार दास को यूनिवर्सिटी का प्रो-वाइस-चांसलर नियुक्त किया है।

# उन्नाव रेप सर्वाइवर की अपील, और .ज्यादा जनसमर्थन मिले

■ पीटीआई, उन्नाव: उन्नाव रेप सर्वाइवर ने सोशल मीडिया पर भावुक अपील की। उन्होंने जातिगत भेदभाव को दरकिनार करते हुए गुरुवार को व्यापक जनसमर्थन की मांग की। उनका दावा है कि इंटरनेट पर उनके और उनके पति के खिलाफ गलत प्रचार अभियान चलाया जा रहा है। घटना बीजेपी से निष्कासित नेता और दोषी कुलदीप सेंगर की बेटी की अपील के बाद सामने आई। उन्होंने अपने पिता को निर्दोष बताते हुए जनसमर्थन की मांग की थी। उम्रकैद की सजा काट रहे सेंगर की दिल्ली हाई कोर्ट से सजा निलंबित होने के बाद यह मामला फिर से सुर्खियों में आ गया है।

**U.P. DEVELOPMENT SYSTEMS CORPORATION LTD.**
updesco
(U.P. Government Undertaking)
2nd Floor, UPTRON Building, Near Gomti Barrage, Gomti Nagar, Lucknow

TENDER NOTICE

Online e-bids are invited from reputed OEMs of Tablet PC for supply of 25,00,000 Tablet PCs under Swami Vivekanand Yuva Sashaktikaran Yojana. The GeM Bid has been published vide ref. no. GEM/2025/B/7046622 dated 29.12.2025. Pre-bid Meeting is scheduled on 07.01.2026 at 04:00 PM.

The complete details are available in tender document on GeM portal https://gem.gov.in. Any corrigendum/amendments to tender document shall be uploaded on GeM Portal only. UPDESCO reserves the right to cancel any or all the e-Bids/annul e-Bidding process without assigning any reason and decision of Corporation will be final and binding in this regard.

GEM/2025/B/7046622 MANAGING DIRECTOR

**उत्तर रेलवे**

निविदा आमंत्रण सूचना

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम और इसकी स्थिति | 34-R1-SRDEE-G-DLI-2025-26 दिल्ली डिवीजन की कॉलोनियों में 11 केवी एच टी स्थापना की मरम्मत, सर्विसिंग, ओवरहालिंग और सुदृढ़ीकरण। |
| निविदा की अनुमानित लागत | रु.1,43,93,668.00 |
| कार्यालय का पता | वरि. मंडल विद्युत अभियंता/जी, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली |
| बयाना राशि | रु. 2,22,000.00 |
| निविदा निवेदन की दिनांक व समय | 22.01.2026, 16:00 बजे |
| निविदा खोलने की दिनांक व समय | 22.01.2026 16:00 बजे |
| वेबसाइट व नोटिस बोर्ड | www.ireps.gov.in वरिष्ठ मण्डल विद्युत अभियंता/जी, नई दिल्ली |

01/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

सार्वजनिक सूचना

गांव वजीरपुर अधिसूचना के समय उप मण्डल, गुरुग्राम के क्षेत्र अधिकार में आती थी, अब वर्तमान में उप मण्डल मानेसर के क्षेत्र में आता है। **विशेष रेलवे परियोजना के निष्पादन, रखरखाव, प्रबंधन और संचालन के लिए अर्थात् गढ़ी हरसुरु (नई लाइन) (2.50 किमी) पर उलटाव से बचने के लिए गढ़ी हरसुरु में वाई कनेक्शन हरियाणा राज्य के गुरुग्राम जिले में उपतहसील हरसुरु के गांव वजीरपुर** की भूमि अधिग्रहण का अवार्ड दिनांक 15.01.2026 को दोपहर 12:15 बजे सुनाया जायेगा। जिसकी अंतिम अधिसूचना 20ई0 दिनांक 19.09.2025 को रेलवे मंत्रालय द्वारा जारी की जा चुकी है। अतः अधिग्रहित भूमि से संबंधित जन/भू-स्वामी/हितबद्ध व्यक्तियों को इस सार्वजनिक सूचना द्वारा सूचित किया जाता है कि आप **उपमण्डल अधिकारी (ना0) एवं सक्षम प्राधिकारी (भूमि अर्जन), गुरुग्राम स्थित कार्यालय भू-तल, लघु सचिवालय, गुरुग्राम** के कार्यालय में उक्त तिथि व समय पर हाजिर आवे।

**दिनांक : 30.12.2025**

उप मण्डल अधिकारी (ना0)-एवं-सक्षम अधिकारी (भूमि अर्जन)
11/2026 गुरूग्राम

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# J&K: हथियारों का बैग ड्रोन से गिराए जाने की आशंका

■ भाषा, मेंढर/पुंछ

**जम्मू कश्मीर** के पुंछ जिले में भारत-पाकिस्तान सीमा के पास गुरुवार को सेना ने एक संदिग्ध बैग बरामद किया। आशंका है कि यह बैग ड्रोन से गिराया गया था। अधिकारियों ने बताया कि सेना को एक बैग मिला जिसमें दर्जनों कारतूस थे। साथ ही एक पीले रंग का टिफिन बॉक्स भी बरामद हुआ जिसके बारे में संदेह है कि यह एक इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (IED) हो सकता है। यह बैग सुबह के समय खारी गांव के चक्कन दा बाग इलाके में रंगर नाला और पुंछ नदी के बीच गिराया गया था।

वहीं गांदरबल में आतंकियों की मदद के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

सुरक्षाबलों ने आशंका जताई कि यह बैग ड्रोन से गिराया गया था

### राजस्थान में पाक नागरिक पकड़ा

**भाषा, जयपुर:** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने जैसलमेर जिले में सीमा पार करके भारतीय क्षेत्र में आए पाकिस्तानी नागरिक को पकड़ा है। अधिकारियों ने गुरुवार को बताया कि घुसपैठिए को नचना और मोहनगढ़ सेक्टर से लगे इलाके से पकड़ा गया। पहली नजर में उसके मानसिक रूप से अस्वस्थ होने का संदेह है, हालांकि विस्तृत मेडिकल जांच और पूछताछ के बाद ही उसकी सही स्थिति का पता लग सकेगा। शुरुआती पूछताछ के दौरान, शख्स ने खुद को राणा मोहम्मद असलम का बेटा इशरत (35) बताया। उसने बताया कि वह पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के सरगोधा जिले का निवासी है।

# पाक में बैठे आतंकी की प्रॉपर्टी जब्त

■ पीटीआई, पुंछ/जम्मू: पुंछ में प्रतिबंधित संगठनों से जुड़े शख्स की संपत्ति जब्त कर ली गई। अधिकारियों ने गुरुवार को बताया कि यह कार्रवाई UAPA के तहत की गई है। शख्स अभी पाकिस्तान में है।

**चित्तरंजन लोकोमोटिव वर्क्स**

सूचना

**के.जी. अस्पताल/सीएलडब्ल्यू/सीआरजे में केस-टू-केस आधार पर एनेस्थेटिस्ट की नियुक्ति।** चित्तरंजन स्थित सीएलडब्ल्यू के कस्तूरबा गाँधी अस्पताल में केस-टू-केस आधार पर एनेस्थीसिया कंसल्टेंट के रूप में नियुक्ति के लिए योग्य उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। विस्तृत विवरण वेबसाइट https://clw.indianrailways.gov.in/ के समाचार एवं घोषणा अनुभाग में उपलब्ध है।

एसीएमएस (प्रशासन)/
PR5-277 केजीएच/सीएलडब्ल्यू

www.facebook.com/clwrailways पर हमसे जुड़ें

**पूर्वोत्तर रेलवे**

ई-टेंडरिंग निविदा सूचना
सं. 58/2025

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए मंडल रेल प्रबंधक (इंजी0) पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन (ई-टेंडरिंग) के माध्यम से 'खुली' निविदा आमंत्रित करते हैं। क्र.सं. 1. कार्य का विवरण: इज्जतनगर डिवीजन के रामपुर- लालकुआँ अनुभाग में टी.आर.आर. (पी.)-57.8 ट्रैक किमी. एवं टी.आर.आर.-19 सेट्स के साथ फ्लैश बट वेल्डिंग का कार्य।; अनुमानित लागत (₹ में): ₹9,89,59,940.85; बयाना राशि (₹में): ₹6,44,800/-; निविदा प्रपत्र का मूल्य: शून्य; स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि: 12 माह। क्र.सं. 2. कार्य का विवरण: इज्जतनगर डिवीजन के सहायक मंडल इंजीनियर पीलीभीत के अधिकार क्षेत्र में पीलीभीत जंक्शन स्टेशन पर रेलवे लाइनों का विस्तार एवं प्रमुख यार्ड का पुनर्निर्माण।; अनुमानित लागत (₹में): ₹15,19,99,465.62; बयाना राशि (₹में): ₹9,10,000/-; निविदा प्रपत्र का मूल्य: शून्य; स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि: 18 माह। 1. ई-निविदा दिनांक 19.01.2026 को 15:00 बजे तक ऑनलाइन जमा कर सकेंगे। 2. ई-निविदा की प्रस्तुति हेतु पूर्ण विवरण भारतीय रेलवे के IREPS वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

मण्डल रेल प्रबंधक/(इंजी0)
मुजाफि/डब्ल्यू-384 इज्जतनगर

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

**उत्तर मध्य रेलवे**

पत्रांक- 230 वि/विसा0/टुण्डला/डीएआर/रा0का0 दिनांक-30.12.2025

गैर हाजिरी सूचना

नाम:- श्री राजेन्द्र शर्मा, पुत्र स्व0 बासदेव शर्मा

निवासी:- मकान सं0-65, 3 फ्लोर, संजय कॉलोनी, अर्थाला मोहन नगर गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश, पिन कोड-201007

श्री राजेन्द्र शर्मा पुत्र स्व0 बासदेव शर्मा अधीन वरि0खण्ड0अभि0/विसा0/टुण्डला, प्रशिक्षु टेक्नी0/विसा0 निवासी मकान सं0-65, 3 फ्लोर, संजय कॉलोनी, अर्थाला मोहन नगर गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश, पिन कोड-201007 को सूचित किया जाता है कि आप दिनांक 12.09.2024 से लगातार अपनी ड्यूटी से अनुपस्थित चल रहे हैं। आप इस सूचना के प्रकाशित होने की तिथि से **10 दिनों के** अन्दर मण्डल बिजली इंजी0/क0वि0/ टुण्डला, कन्ट्रोल ऑफिस टुण्डला के कार्यालय में अवश्य उपस्थित हो अन्यथा यह माना जाएगा कि आप आगे रेल सेवा नहीं करना चाहते हैं, जिसके कारण रेल प्रशासन को एक तरफा निर्णय लेने हेतु बाध्य होना पड़ेगा।

मण्डल बिजली इन्जीनियर
2533/25 (D) क0वि0/उ0म0रे0/टुण्डला

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

**आरईसी पावर डेवलपमेंट एंड कंसल्टेंसी लिमिटेड**
(आरईसी लिमिटेड के पूर्ण स्वामित्व की सहायक कंपनी)

REC Power Development

**गुमशुदा/अगवा की तलाश**



शिवांगी

सर्वसाधारण को यह सूचित किया जाता है की एक लड़की जिसका नाम **शिवांगी पुत्री शिव शंकर** पता मकान नं. 1448, सीड फार्म रोड, अजय धर्म कॉटा के पास, अलिपुर, दिल्ली है, जिसका ब्यौरा इस प्रकार है उम्र: 20 साल, कद: 5'0", रंग: सांवला शरीर: पतला, चेहरा: गोल, जिसने नीले रंग का सूट और सलवार पहना है। जो अपने घर से दिनांक 26.12.2025 को सुबह 10:30 बजे से लापता/अगवा है।

इस संदर्भ में DD No. 81A दिनांक 26.12.2025 थाना अलिपुर, दिल्ली में दर्ज किया गया है।

हर संभव कोशिश के बाद भी इस लड़की का कोई सुराग नहीं मिल पाया है। अगर किसी को इस लड़की के बारे में कोई भी जानकारी मिले तो कृपया अधोहस्ताक्षरी को सूचित करने का प्रयास करें।

वेबसाईट: http://cbi.nic.in
ई-मेल: cic@cbi.gov.in
फैक्स: 011-24368639
फोन नं: 011-24368638, 24368641

थानाध्यक्ष
थाना अलिपुर, दिल्ली

DP/03/ON/2026 फोन: 9560705207, 7065036325

# सबरीमला मामले में बरामद हुए सोने से ज्यादा के चोरी का शक

■ पीटीआई, तिरुवनंतपुरम: सबरीमला सोने की चोरी मामले की जांच कर रही स्पेशल जांच टीम (SIT) को शक है कि मंदिर से अब तक मुख्य आरोपी से बरामद सोने की तुलना में कहीं अधिक सोना चोरी हुआ है। यह संदेह एसआईटी ने कोल्लम विजिलेंस कोर्ट में दायर एक आवेदन में जताया है। तीन आरोपियों- स्पॉन्सर उन्नीकृष्णन पोट्टी, स्मार्ट क्रिएशन्स के सीईओ पंकज भंडारी और जूलर गोवर्धन की हिरासत की मांग की गई है।

याचिका में एसआईटी ने कहा कि कुल 42.100 किलो सोने से मढ़ी तांबे की प्लेटें 2019 में मुख्य आरोपी पोट्टी को स्मार्ट क्रिएशन्स में इलेक्ट्रोप्लेटिंग के लिए सौंपी गई थीं। प्लेटिंग प्रक्रिया के बाद, बचा हुआ सोना कथित तौर पर आरोपियों ने निकाल लिया था। एसआईटी के अनुसार, द्वारपाल (संरक्षक देवता) की मूर्तियों, पास के दो स्तंभों की प्लेटों और गर्भगृह की सात प्लेटों सहित सोने से मढ़ी तांबे की प्लेटों को निकालकर फिर से प्लेटिंग के लिए ले जाया गया।

**राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार
शिक्षा निदेशालय
परियोजना प्रबंधन इकाई
पुराना सचिवालय, दिल्ली**

निविदा सूचना

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में स्थित निजी गैर-अनुदानित मान्यता प्राप्त विद्यालयों के लिए 15 जिला शुल्क अपीलीय समिति एवं पुनरीक्षण समिति हेतु 6 चार्टर्ड अकाउंटेंट्स की नियुक्ति (हायरिंग) के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदा दस्तावेज https://govtprocurement.delhi.gov.in से डाउनलोड किए जा सकते हैं। (निविदा आईडी– 2025_DE_283938_1)

प्री-बिड बैठक दिनांक 02.01.2026 को अपराह्न 3.00 बजे सम्मेलन कक्ष, शिक्षा निदेशालय, पुराना सचिवालय, दिल्ली विधानसभा के निकट, दिल्ली में आयोजित की जाएगी तथा निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 09.01.2026 को अपराह्न 4.00 बजे तक है। यदि कोई शुद्धिपत्र (कॉरिजेंडम) जारी किया जाता है, तो वह केवल https://govtprocurement.delhi.gov.in पर ही उपलब्ध होगा।

उप निदेशक शिक्षा
परियोजना प्रबंधन इकाई
शिक्षा निदेशालय

DIP/Shabdarth/Classified/0388/25-26

**गुमशुदा की तलाश**



भास्कर राय

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक व्यक्ति जिसका नाम **भास्कर राय पुत्र: बसंत राय** पता: मकान नं. 114, ग्राउन्ड फ्लोर, हुमायूंपुर गाँव, नई दिल्ली स्थायी पता: कोठी गाँव, सिंगला टी गार्डन, दार्जीलिंग, नार्थ प्वांट, वैस्ट बंगाल है जो अपने घर से दिनांक 29.12.2025 को दोपहर 01:00 बजे से लापता है। जिसका ब्यौरा इस प्रकार है। उम्र: 33 वर्ष, कद: 5'5", रंग: साफ, चेहरा: गोल, शरीर: सामान्य, जिसने काले रंग का कोट, सफेद रंग की शर्ट और काले रंग का पैंट और पैरों में काले रंग के जूते पहने हैं। इस संदर्भ में **डीडी नं. 56ए, दिनांक 31.12.2025, थाना सफदरजंग एन्कलेव, दिल्ली में दर्ज है।**

हर संभव कोशिश के बाद भी इस व्यक्ति का कोई सुराग नहीं मिल पाया है। अगर किसी को इस व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी मिले तो कृपया निम्नलिखित फोन नम्बरों पर सूचित करें।

वेबसाईट: http://cbi.nic.in
ई-मेल: cic@cbi.gov.in
फैक्स: 011-24368639
फोन नं: 011-24368638, 24368641

थानाध्यक्ष
थाना सफदरजंग एन्कलेव, दिल्ली

DP/33/SW/2026 फोन: 7065036231, 8750938971

**NOTE : -**

**[ : राजस्थान पत्रिका , दैनिक जागरण delhi, नवभारत टाइम्स delhi, अमर उजाला delhi, हिन्दुस्तान delhi, Pioneer hindi delhi, जनसत्ता delhi, ]**

**English NEWSPAPERS**
**[ Times Of India delhi, Indian Express delhi, The Hindu delhi, Financial Express delhi, economic times delhi , the Pioneer english delhi , the tribune delhi ] ETC.**

We are providing all news paper pdf hindi and English want to read daily newspapers by pdf please msg me on telegram

2. आकाशवाणी (AUDIO)

whatsapp Group ka link pane ke liye Newspaper_pdf_bot par jaye.

**Click here to contact:-https://t.me/Newspaper_pdf_bot**
**Or type in Search box of Telegram**
@Newspaper_pdf_bot And you will find a channel
**BACKUP GROUP LINK**
**https://t.me/joinchat/5P9EL1JaqoYzNTI1**

# Hindi-English News Paper Website:- onlineftp.in